


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 159 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.12 2081 शुक्रवार, 30 अगस्त-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 3 आतंकी ढेर

श्रीनगर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें दो टेररिस्ट माछिल और एक तंगधार में मारा गया। अभी मारे गए आतंकियों के शव बरामद नहीं हुए हैं। सेना ने बताया कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों जगह अभी भी सर्चिंग जारी है। तीसरा सर्च ऑपरेशन राजौरी में चल रहा है। यहां बुधवार को 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि 28 अगस्त की रात 9:30 बजे गांव खेरी मोहरा लाठी और दांथल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ने किया शिशु गृह का उद्घाटन

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में शिशुगृह का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों के लिए खेलने की जगह, सोने की जगह और एक भोजन क्षेत्र है। शिशुगृह का एकमात्र उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है। चंद्रचूड़ ने कहा, हमारे पास कई सारे युवा वकील रोज काम करने आते हैं। हमारे पास 2500 सदस्यों का स्टाफ है। पुराना शिशुगृह 198 वर्गमीटर का था। यह शिशुगृह 450 वर्गमीटर में फैला हुआ है। यहां वकीलों और स्टाफ के 100 बच्चे रह सकते हैं। इसका उद्देश्य एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है। उन्होंने आगे कहा, इस शिशुगृह में बच्चों के लिए खेलने, खाने और सोने की जगह है। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को बच्चों की चिंता किए बिना न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# नेताओं से पूछकर फैसला नहीं सुनाते : एससी





## सियासी लड़ाई में कोर्ट को न घसीटें, तेलंगाना सीएम ने कहा था- कविता को बेल भाजपा-बीआरएस की डील

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के एक बयान पर उन्हें जमकर फटकार लगाई। दरअसल, दिल्ली शराब नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता को जमानत दे दी। रेवंत ने इसे बीआरएस और भाजपा की डील बताया था।

इस पर जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने रेवंत रेड्डी के वकील मुकुल रोहतगी से पूछा, क्या आपने अखबार में पढ़ा कि उन्होंने (रेवंत) क्या कहा? उसे पढ़िए। कोर्ट ने कहा, सियासी लड़ाई में कोर्ट को घसीटना ठीक नहीं है। कोर्ट नेताओं से पूछकर फैसले नहीं सुनाती। ऐसे बयान लोगों के मन में आशंका पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट 2015 के कैश-फॉर-वोट घोटाले से जुड़े केस को भोपाल ट्रांसफर करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी एक आरोपी हैं। याचिका बीआरएस विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी ने लगाई है।

**सीएम रेड्डी ने कहा था- बीआरएस ने लोकसभा में भाजपा की जीत के लिए काम किया :**

तेलंगाना सीएम ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा था कि तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी और एमएलसी के कविता को 5 महीने में जमानत मिलने पर संदेह है। मनीष सिसोदिया को 15 महीने बाद जमानत मिली। जबकि सीएम केजरीवाल को अभी तक जमानत नहीं मिली है। रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत के लिए काम किया। ऐसी भी चर्चा है कि कविता को बीआरएस और भाजपा के बीच समझौते के कारण जमानत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति घोटाले में 5 महीने से जेल में बंद के कविता को 27 अगस्त को जमानत दे दी थी।

कविता की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, महिलाओं के प्रति संवेदनशील रहें अदालतें :

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में 27 अगस्त को कविता को जमानत दी है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था, इस केस में जांच पूरी हो चुकी है। ट्रायल के जल्द पूरा होने की उम्मीद नहीं है। के कविता, महिला हैं और पीएमएलए के सेक्शन 45 के तहत उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इसी कोर्ट में कई आदेशों में कहा गया है कि अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में नहीं बदलना चाहिए।

# असम में मुस्लिम शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन जरूरी

### सीएम हिमंत बोले- बाल विवाह और काजी सिस्टम खत्म होगा, अगला टारगेट बहुविवाह पर बैन



गुवाहाटी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। असम विधानसभा ने गुरुवार (29 अगस्त) को मुस्लिम शादियां और तलाक रजिस्टर करने वाले 90 साल पुराने कानून- असम मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1935 को रद्द करने का बिल पास किया। इस बिल का नाम असम कंपल्सरी रजिस्ट्रेशन ऑफ मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स बिल, 2024 है।

पुराने कानून के रद्द किए जाने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों को शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। 22 अगस्त को असम कैबिनेट ने इस बिल को मंजूरी दी थी। इसे लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह विधेयक पार्टी की राजनीति से ऊपर है। अब हमारा अगला लक्ष्य बहुविवाह पर बैन लगाना है। विपक्ष ने असम सरकार के इस फैसले को मुस्लिमों के प्रति भेदभावपूर्ण बताया है। विपक्ष का कहना है कि चुनावी साल में वोटर्स का ध्रुवीकरण करने के लिए इस एक्ट को लाया गया है।

**बिल में 2 विशेष प्रावधान हैं :**

**पहला-** मुस्लिम शादी का रजिस्ट्रेशन अब काजी नहीं सरकार करेगी।

**दूसरा-** बाल विवाह के पंजीकरण को अवैध माना जाएगा।

विधानसभा में इस बिल पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बाल विवाह खत्म करना नहीं है। हम काजी सिस्टम भी खत्म करना चाहते हैं। हम मुस्लिम शादी और तलाक को सरकारी तंत्र के तहत लाना चाहते हैं।

सरमा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सभी शादियों का रजिस्ट्रेशन किया जाना जरूरी है, लेकिन ऐसा करने के लिए राज्य काजियों जैसी निजी संस्था को सपोर्ट नहीं कर सकता है।

सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया- आज का दिन बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने के हमारे प्रयास में ऐतिहासिक है। असम विधान सभा ने 'असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024' पारित किया है। इस कानून के तहत विवाह का रजिस्ट्रेशन सरकार के साथ अनिवार्य होगा और इसमें लड़कियों के लिए 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल की विवाह की कानूनी उम्र का उल्लंघन नहीं हो सकेगा।

## संवैधानिक संकट में फंसे हरियाणा सीएम कैबिनेट मीटिंग बुलाएंगे

**मानसून सेशन पर फैसला लेंगे, 12 सितंबर तक न बुलाया तो विधानसभा भंग संभव**

चंडीगढ़, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विधानसभा भंग करने की योजना बना रही है। इसके लिए सरकार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, जिसमें 31 अगस्त को कैबिनेट बैठक आयोजित करने की अनुमति मांगी है।

अगस्त की चौथी कैबिनेट मीटिंग में 12 सितंबर से पहले विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने या विधानसभा भंग करने को लेकर फैसला लिया जाएगा। सरकार के सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अफसर इसे लेकर संविधान विशेषज्ञों से भी राय शुमारी कर रहे हैं। फिलहाल, सरकार किसी भी तरह मानसून सत्र बुलाने को तैयार नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द होने वाली कैबिनेट मीटिंग में हरियाणा विधानसभा भंग करने का फैसला हो सकता है।

## रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक मामले में एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक करने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले में सात राज्यों में कई स्थानों पर दबिश दी गई।

आधिकारिक बयान में गुरुवार को बताया गया कि एनआईए की टीम ने बुधवार को कई परिसरों में छापे मारे। परिसर उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी गतिविधियां चलाने के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान से पैसा मिला था। एनआईए के मुताबिक, पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए।

## क्या है 'शिवलिंग पर बिच्छू' का केस जिस पर हाई कोर्ट ने भी थरूर को नहीं दी राहत? चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर पर मानहानि का मामला चलेगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक बयान के मामले में थरूर की याचिका खारिज कर दी। थरूर ने दिल्ली हाई कोर्ट से गुहार लगाई थी कि उनके खिलाफ मानहानि के मामले पर रोक लगा दी जाए। थरूर ने वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'शिवलिंग पर बैठा बिच्छू' बताया था। हाई कोर्ट कहा कि शशि थरूर ने अपनी याचिका में केस रद्द करने के पक्ष में कोई ठोस दलील नहीं दी।

बेंगलुरू लिटरेचर फेस्टिवल में अपने संबोधन के दौरान थरूर ने कहा कि आरएसएस से जुड़े एक व्यक्ति ने मोदी को शिवलिंग पर बैठा बिच्छू बताया था। थरूर ने इसे 'बेहद प्रभावशाली रूपक' करार दिया था। थरूर ने यह नहीं बताया था कि संघ को वो कौन सा व्यक्ति है जिसने मोदी के बारे में ऐसा कहा।



# चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर मैग्मा महासागर के निशान खोजे



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय चंद्रयान-3 द्वारा एकत्रित डेटा की सहायता से वैज्ञानिकों को इस बात के नए सबूत मिल रहे हैं कि चंद्रमा का दक्षिणी गोलार्ध, अरबों साल पहले, पिघली हुई चट्टानों के महासागर से ढका हुआ था। वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा का दक्षिणी गोलार्ध कभी पिघली हुई तरल चट्टानों के महासागर से ढका हुआ था। वे मानते हैं कि चंद्रमा के निर्माण के तथाकथित 'ल्यूनर मैग्मा ओशन' (सोम मैग्मा महासागर) सिद्धांत के अनुसार ऐसा ही रहा होना चाहिए।

इस सिद्धांत के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि चंद्रमा की ऊपरी सतह, लगभग 4.5 अरब साल पहले, मैग्मा (पिघली हुई तरल चट्टानों) के महासागर में हुए क्रिस्टलीकरण से धीरे-धीरे बनी थी। शोधकर्ताओं ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन से मिली जानकारियों के आधार पर वहां रहे 'मैग्मा महासागर' के अवशेषों की खोज करने का दावा किया है। यह बात हाल ही में 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन से सामने आई है। लगभग एक साल पहले चंद्रयान-3 ने अपना अवतरणयान (लैंडर) 'विक्रम' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था। उस दस दिवसीय मिशन के दौरान, 'प्रज्ञान' नाम के रोवर ने 'विक्रम' से बाहर निकल कर अपने आस-पास की परिस्थितियों और बनावटों के बारे में डेटा एकत्र करने के लिए 'अल्फा कण एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर' का उपयोग किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव वाली मिट्टी की खनिज संरचना के बारे में जानकारी प्रदान की है। अतीत में चंद्रमा पर पहुंचे अमेरिका के अपोलो, रूस के लूना और चीन के चांग'ई जैसे पिछले चंद्र मिशनों से मिले डेटा के उपयोग द्वारा चंद्रमा की चट्टानों की रासायनिक संरचना पहले ही निर्धारित की जा चुकी है।

शोधकर्ताओं के अनुसार, चंद्रयान-3 ने 'विक्रम' को जिस जगह उतारा, रोवर 'प्रज्ञान' द्वारा उसके आस-पास से लिए गए 23 मापनों से पता चलता है कि उसके अवतरण क्षेत्र में चंद्रमा की ऊपरी सतह की स्थानीय बनावट काफी हद तक एक समान है और वह मुख्य रूप से 'फेरोआन एनोर्थोसाइट' (एफएएन) कहलाने वाली चट्टानों से बनी है। 'फेरोआन' का अर्थ है लौह-युक्त, लोहा मिश्रित। 'एनोर्थोसाइट' चट्टानों की बनावट की एक क़िस्म है।

अनुमान है कि चंद्रमा की लगभग 80 प्रतिशत ऊपरी सतह इन्हीं चट्टानों की बनी है। अपने समय में अमेरिकी अंतरिक्ष अधिकरण 'नासा' के अपोलो मिशनों ने चंद्रमा के मध्यवर्ती अक्षांशों से इसी तरह के चट्टानी नमूने पृथ्वी पर लाए थे। चंद्रयान-3 मिशन ने अब पहली बार 'चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव' के पास की बनावटा का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रदान किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो इस समय अपने अगले मिशन, चंद्रयान-4 की योजना बना रहा है, जो अगली बार चंद्रमा की मिट्टी के नमूने पृथ्वी पर लाएगा।

### पूर्व पत्नी के प्रेमी का एयरपोर्ट से बाहर आने का इंतजार किया, फिर मौका देखते ही उतार दिया मौत के घाट

बैंगलूरू, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बैंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से एयरपोर्ट कर्मचारी का गला रेत दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आरोपी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी के साथ संबंध के शक की वजह से कर्मचारी की हत्या कर दी। बताया गया कि 2022 में आरोपी और उसकी पत्नी उस व्यक्ति के साथ महिला के कथित अवैध संबंध के कारण अलग हो गए थे। आज हुई वारदात के पीछे यही कारण बताया जा रहा है। मृतक ट्रॉली ऑपरेटर के रूप में काम करता था। आरोपी ने पहले भी उसे मारने के कई प्रयास किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने हत्या के हथियार को एक बैग में छिपाया और बस से एयरपोर्ट गया। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद, उसने ट्रॉली ऑपरेटर के बाहर आने का इंतजार किया और फिर उसे मार डाला।

# क्या फिर शुरू होगी भारत जोड़ो यात्रा

## राहुल गांधी ने वीडियो साझा कर दिए संकेत



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में वह मार्शल आर्ट्स करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के पोस्ट में उन्होंने लिखा- भारत डोजो यात्रा जल्द आ रही है। यहां डोजो शब्द मार्शल आर्ट्स के लिए एक हॉल या स्कूल को संदर्भित करता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साजा करते हुए पोस्ट भी किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमने हजारों किमी की दूरी तय की। हम अपने कैंप साइट में शाम को जिउ-जित्सु का अभ्यास करते थे। फिट रहने के लिए एक सरल तरीके के रूप में हमने इसे शुरू किया जो तेजी से एक सामुदायिक गतिविधि में बदल गई। जहां हम रुके थे, वहां के युवा मार्शल आर्ट छात्रों को लाया गया। हमारा लक्ष्य इन युवाओं को जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष समाधान तकनीकों से परिचित कराना था। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, हमारा उद्देश्य उनमें हिंसा को सज्जनता में बदलना और उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने के लिए उपकरण देना है। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर मैं आप लोगों के साथ अपना अनुभव साझा करना चाहता हूं। उम्मीद है कि आप में से कुछ लोग जेंटल आर्ट का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। भारत डोजो यात्रा जल्द आ रही है। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले इस साल जनवरी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। उन्होंने इस यात्रा को मणिपुर से शुरू करते हुए मुंबई में इसका समापन किया था। यह यात्रा 63 दिनों तक चली थी, जिसमें उन्होंने 6,700 किलोमीटर की दूरी तय की थी।

### मेघालय में अवामी लीग के नेता का सड़ा-गला शव मिला, हसीना सरकार के पतन के बाद से फरार थे

शिलांग, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मेघालय पुलिस ने बांग्लादेश की सीमा से लगे जैंतिया हिल्स जिले में सुपारी के एक बागान से अवामी लीग के नेता इशाक अली खान पन्ना का सड़ी-गली हालत में शव बरामद किया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शव 26 अगस्त की शाम को भारत-बांग्लादेश सीमा से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मिला। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गिरि प्रसाद ने बताया कि पन्ना की पहचान उनके पास मिले पासपोर्ट के आधार पर की गई। सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश के पिरोजपुर जिले से अवामी लीग के प्रमुख सदस्य और बांग्लादेश छात्र लीग के पूर्व महासचिव पन्ना 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से फरार थे। एसपी ने बुधवार को बताया कि शव को खलीहरियात अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

### सवारियों से भरी दिल्ली डीटीसी बस में आग लगने से हड़कंप, बाइक वाले ने बचाईं कई जिंदगियां?



जगतपुरी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के जगतपुरी इलाके से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सवारियों से भरी एक बस में अचानक से आग लग गई। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने बस में आग लगने की जानकारी दी, जिसके बाद ड्राइवर ने फौरन बस रोकी और सभी लोगों को बस से नीचा उतारा गया। यह घटना दिल्ली के जगतपुरी इलाके का है। आज सुबह सवारियों से भरी डीटीसी की एक बस अपने गंतव्य की तरफ जा रही थी। तभी अचानक से बस के पीछे वाले हिस्से में आग लग गई। इस घटना से बेखबर बस के ड्राइवर और यात्री आराम से अपनी सीट पर बैठे रहे। तभी बस के पीछे चल रहे बाइक सवार की नजर बस में लगी आग पर गई। बाइक सवार ने जैसे-तैसे इस घटना की जानकारी ड्राइवर को दी। ड्राइवर ने बीच सड़क पर ही बस रोक दी और सभी पैसेंजर्स को बस से नीचे उतार लिया गया।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि बस के बीच रास्ते में रुकने की वजह से जगतपुरी, प्रीत विहार, पड़पड़गंज जैसे इलाकों में कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। बस के पीछे लगी आग धीरे-धीरे फैलने लगी और पूरी की पूरी बस की आग की चपेट में आ गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसने हर किसी के होश उड़ा दिए हैं।

बस के पीछे चल रहे बाइक सवार ने आज लाखों जिंदगियां बचा लीं। आग इतनी भयानक थी कि बस रोकने के कुछ ही सेकेंड में पूरी बस में आग फैल गई और बीच सड़क पर खड़ी बस धूं-धूं करके जलने लगी। बाइक सवार सभी लोगों के लिए फरिश्ता बनकर आया और उनकी जान बच गई। बस को जलता हुआ देखकर जगतपुरी इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते सड़क पर लंबा जाम लग गया।

# चित्रदुर्ग में शिवाजी की मूर्ति ढहने पर संजय राउत का सवाल

## कमीशन किसने लिया? बोले- सीएम शिंदे दें इस्तीफा



मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 30 फीट की छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा एक साल पूरा होने से पहले ही गिर गई। शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के बाद महाराष्ट्र की महायुति सरकार विपक्ष के निशाने पर आ चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने एक बार फिर इसको लेकर एकनाथ शिंदे सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। संजय राउत ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की विशालकाय मूर्ति निर्माण के दौरान भ्रष्टाचार के कारण ढह गई। उन्होंने सवाल किया आखिर ठेकेदारों से कमीशन किसे मिलता है। इसके साथ ही संजय राउत ने इस मामले में बड़े स्तर पर हुए भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के इस्तीफे की भी मांग की। संजय राउत ने कहा इस मामले में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है, ये बहुत गंभीर मामला है। इनके भ्रष्टाचार के कारण शिवाजी महाराज की मूर्ति ढह गई। उन्होंने कहा इसमें किसने कितना कमीशन लिया? संजय राउत ने कहा उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि वो आंदोलन करेंगे। इससे क्या हासिल होगा। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

# 'शाकाहारी हिंदू भोजन, चिकन मुस्लिम भोजन'

## एयर विस्तारा के फूड मेन्यू पर खड़ा हुआ विवाद



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। विस्तारा एयरलाइंस का फूड मेन्यू विवादों में आ गया है। दरअसल एयर विस्तार का फूड मेन्यू सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गया है। आरती टिक्कू ने टिकट की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि आखिर आपको यह अधिकार किसने दिया कि वेज फूड को हिंदू और नॉनवेज फूड को मुस्लिम का खाना कहें। आरती टिक्कू ने हाल ही में विस्तार में यात्रा के दौरान अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया। उनके टिकट पर शाकाहारी भोजन को हिंदू भोजन और चिकन फूड को मुस्लिम भोजन के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एयरलाइंस खाने के नाम पर सांप्रदायिकता फैला रही है। आरती टिक्कू ने टिकट को साझा करते हुए कहा कि आखिर आपको यह अधिकार किसने दिया कि आप अपने विमान में यह कहे कि शाकाहारी हिंदू भोजन है और चिकन मुस्लिम भोजन है।

आखिर आपसे किसने कहा कि सभी हिंदू शाकाहारी हैं और सभी मुस्लिम मांसाहारी हैं। आखिर आप लोग क्यों लोगों की खाने से उनकी पहचान कर रहे हैं। इसका अधिकार आपको किसने दिया। क्या अब आप शाकाहार, चिकन और यात्रियों को सांप्रदायिक करने वाले हैं। मैं यह देखकर चौंक गई, मैंने आपके आदेश की अवहेलना करने के लिए शाकाहारी और मांसाहारी दोनों फूड बुक किया था। आरती ने उड्डयन मंत्रालय को टैग करके इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

आरती टिक्कू के इस सोशल मीडिया पोस्ट पर सोशल मीडिया पर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि फूड कोड को विस्तार तय नहीं करता है। बल्कि यह इंडस्ट्री के अनुसार होते हैं। एवियलाज कंसल्टेंट के सीईओ संजय लाजर ने कहा कि सामान्य विमानन भाषा में हिंदू भोजन जरूरी नहीं है कि वह शाकाहारी ही हो। यह मांसाहारी भी हो सकता है जोकि हलाल नहीं है। इसी तरह मुस्लिम भोजन मांसाहारी भोजन है जोकि हलाल है।

# 'झुग्गी वालों से पानी के शुल्क में बढ़ोतरी करते रहते हैं'

## आईपीएल के लिए पुलिस सुरक्षा शुल्क घटाया तो बॉम्बे एचसी ने महाराष्ट्र सरकार को फटकारा



मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के लिए पुलिस सुरक्षा शुल्क में कटौती की गई थी। कोर्ट ने कहा, यह शुल्क है, टैक्स नहीं। आप झुग्गीवासियों से भी पानी के शुल्क में बढ़ोतरी करते रहते हैं, लेकिन बीसीसीआई से शुल्क कम कर रहे हैं? बीसीसीआई दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट एसोसिएशन है। इसी तरह वे अमीर बनते हैं। यह मामला एक जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसे कार्यकर्ता अनिल गलगली ने दायर किया है। याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार ने 26 जून, 2023 को एक परिपत्र जारी कर आईपीएल मैचों के लिए पुलिस सुरक्षा शुल्क को 25 लाख रुपये से घटाकर 10 लाख रुपये प्रति मैच कर दिया।

यह कटौती 2011 से पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू की गई है, जिससे लंबित बकाया राशि में भी कमी आएगी। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सरकारी वकील ज्योति चव्हाण को मराठी परिपत्र की अनूदित प्रति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। गलगली ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को अवैध, मनमाना और असंवैधानिक बताया है। याचिका में कहा गया है कि यह निर्णय मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को फायदा पहुंचाने के लिए लिया गया है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुंबई पुलिस ने 2013 से 2018 के बीच वानखेड़े और ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित आईपीएल मैचों के लिए एमसीए से 14.82 करोड़ रुपये का भुगतान मांगा था, लेकिन अब तक यह बकाया राशि वसूल नहीं की जा सकी है।

आरटीआई के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस विभाग ने एमसीए को बकाया राशि के भुगतान के लिए 35 पत्र भेजे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। याचिका में कहा गया है कि आईपीएल एक व्यावसायिक उपक्रम है और इसमें निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी के बीच मैच खेले जाते हैं। सरकार और पुलिस की इस मामले में गंभीरता की कमी राज्य के खजाने को नुकसान पहुंचा रही है।

### कार में रस्सी से दोस्त का गला दबाया, जंगल में शव ले जाकर गाड दिया,

इंदौर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के राऊ क्षेत्र से गायब हुए युवक की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। युवक को उसके दोस्त अपहरण कर पालातपानी ले गए। वहां उसका गला घोटा, फिर राजपुर के जंगलों में लाश को गाढ़ दिया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, टोल फुटेज के आधार पर आरोपियों का पता लगा लिया और हत्या में शामिल तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस शव बरामद करने आरोपियों को लेकर जंगल पहुंची है। राऊ पुलिस थाने में 23 अगस्त को गजानंद परिहार की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पुलिस ने उसके दोस्तों से पूछताछ की और शंका होने पर आशीष पंवार और उसके दो साथी धीरज और राहुल को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि गजानंद ने पत्नी के इलाज के लिए आशीष से 32 हजार रुपये लिए थे,लेकिन वह चुका नहीं पा रहा था।


# बर्खास्त आईएएस पूजा खेडकर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली बड़ी राहत, 5 सितंबर तक गिरफ्तार नहीं कर पाएगी पुलिस



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी से अंतरिम राहत 5 सितंबर तक बढ़ा दिया। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी से अंतरिम राहत 29 अगस्त तक बढ़ा दी थी। बता दें कि पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को दिए अपने आवेदन में तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और गलत तरीके से पेश करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, बर्खास्त ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत पर दिल्ली हाई कोर्ट में आज सुनवाई टल गई। हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। पिछली सुनवाई में दिल्ली पुलिस ने पूजा की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया था। दिल्ली पुलिस ने कहा पूजा के खिलाफ धोखे और धोखाधड़ी से जुड़े गंभीर आरोप हैं। मामला सिविल सेवाओं में आरक्षित श्रेणियों के दुरुपयोग से जुड़ा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने जांच एजेंसी को निर्देश दिया था कि जब तक मामला विचाराधीन है तब तक पूजा को गिरफ्तार न किया जाए। क्योंकि उनकी तत्काल गिरफ्तारी आवश्यक नहीं समझी जाती है। मामले की सुनवाई करते हुए, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 29 अगस्त, 2024 तक के लिए टाल दी थी। यह स्थगन दिल्ली पुलिस के जवाब के अभी तक रिकॉर्ड पर दाखिल नहीं होने के कारण हुआ। पिछली सुनवाई में दिल्ली हाई कोर्ट ने निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने पहले देखा था कि पूजा खेडकर को जमानत देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश में पर्याप्त चर्चा का अभाव है, जिसमें अन्य लोगों की संलिप्तता के बारे में लोक अभियोजक के दावे का केवल एक संक्षिप्त उल्लेख था। हाई कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि आगे की कार्यवाही लंबित होने तक खेडकर को गिरफ्तार न किया जाए।

# जम्मू कश्मीर से पाक तक भूकंप के झटके

## अफगानिस्तान में भी हिली धरती




जम्मू, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर से पाकिस्तान तक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान था। अफगानिस्तान में 11:26 बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अफगानिस्तान के अलावा जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान के इस्लामाबाद, पेशावर, रावलपिंडी, सरगोधा, फैसलाबाद और आसपास के इलाकों में धरती हिली है। यहां भूकंप की तीव्रता 5.4 आंकी गई है। पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

**कश्मीर घाटी भूकंप जोन 5 में आती है**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मुताबिक, कश्मीर घाटी भूकंप जोन 5 में आती है। भूकंप के खतरे को लेकर भारत को चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों में से जोन 5 में सबसे अधिक भूकंपीय जोखिम है और जोन 2 में सबसे कम जोखिम है। कश्मीर घाटी और डोडा जिले के सभी जिले भूकंपीय जोन 5 में आते हैं और बाकी जिले भूकंपीय जोन 4 में आते हैं। 2005 में जम्मू और कश्मीर में एक बड़ा भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता 7.6 थी, जिसने जमकर तबाही मचाई थी। ये तबाही ज्यादातर सीमावर्ती गांवों खासकर बारामूला और कुपवाड़ा जिले में मची थी।

# बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका

## एफआईआर, चार्जशीट और आरोप तय करने के खिलाफ याचिका रद्द




नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। महिला पहलवानों से कथित यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी बृजभूषण सिंह को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बृजभूषण ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर, चार्जशीट और निचली अदालत द्वारा आरोप तय करने के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। हालांकि, उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बृजभूषण के वकील से मामले में एक शार्ट नोट कोर्ट में जमा करने को कहा है। याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण की याचिका की मेंटनेबिलिटी पर सवाल उठाया। दिल्ली हाई कोर्ट में 26 सितंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने बृजभूषण से कहा कि आप मामले में चार्ज फ्रेम होने के बाद कोर्ट क्यों आए। यह कहते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी गई। बृजभूषण के वकील ने कहा कि मामले में छह शिकायतकर्ता हैं, एफआईआर दर्ज कराने के पीछे एक हिडन एजेंडा है। वकील ने कहा सभी घटनाएं अलग अलग जगहों पर अलग अलग समय पर हुई हैं। यह सिर्फ एक साजिश के तहत किया गया काम है। हालांकि, कोर्ट में वकील की दलीलें काम नहीं आईं और उनके खिलाफ सुनवाई जारी रहेगी।

**क्या है मामला?**

पिछले साल जनवरी के महीने में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट जैसे शीर्ष पहलवानों की अगुआई में देश के 30 पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पहलवानों ने बृजभूषण पर मनमाने तरीके से कुश्ती संघ चलाने, महिला पहलवानों और महिला कोच का यौन शोषण करने का आरोप लगाया। हालांकि, जांच की बात पर पहलवान मान गए और बृजभूषण को संक के कामकाज से दूर रहने को कहा गया। ओलंपिक संघ की समिति ने जांच की, लेकिन इसकी रिपोर्ट सबके सामने नहीं आई। ऐसे में पहलवान जून में दोबारा धरने पर बैठ गए। इस दौरान धरना लंबा चला और कई बार पहलवानों ने पुलिस के साथ संघर्ष भी किया।

# दिल्ली में आप विधायक राखी बिड़लान के पिता के खिलाफ एफआईआर, डॉक्टर से बदसलूकी का आरोप




नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के मंगोलपुरी थाने मे आम आदमी पार्टी की विधायक राखी बिड़लान के पिता के खिलाफ डॉक्टर से बदसलूकी का केस दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को राखी बिड़लान के 72 वर्षीय पिता संजय गांधी हॉस्पिटल गए थे वहां एक महिला डॉक्टर के साथ उनकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए राखी बिड़लान के पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

**पहले भी दर्ज हो चुके हैं मामले**

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने नवंबर 2016 में आम आदमी पार्टी की विधायक राखी बिड़ला के पिता और एक स्थानीय पार्टी नेता पर एमसीडी चुनाव के लिए टिकट देने के बहाने 24 वर्षीय विवाहित महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज किया गया था। हालांकि पार्टी ने आरोपों को निराधार बताया था। पुलिस ने आप नेता राम प्रताप गोयल और दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के पिता भूपेंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 डी (गैंगरेप) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया।

**शिकायतकर्ता ने लगाया था ये आरोप**

शिकायतकर्ता के अनुसार, गोयल और भूपेंदर ने उसे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए पार्टी का टिकट देने का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 3 में गोयल से मिली और उन्होंने नंबरों का आदान-प्रदान किया। वे लगभग 4-5 महीने तक संपर्क में रहे और उन्हें एमसीडी चुनावों के लिए पार्टी टिकट देने का वादा किया गया। बता दें कि राखी बिड़लान दिल्ली विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद पर भी हैं। वह आम आम आदमी पार्टी से लगातार तीन बार विधायक चुनी जा चुकी हैं। उनकी गिनती पार्टी के सीनियर नेताओं में होती है।

सुविचार: विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।

# विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा सुप्रीम कोर्ट

## सीएम से जुड़े 2015 के कैश-फॉर-वोट घोटाला



नई दिल्ली/हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह 2015 के कैश-फॉर-वोट घोटाले मामले में सुनवाई के लिए एक विशेष अभियोजक नियुक्त करेगा, जिसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी आरोपी हैं। शीर्ष अदालत मामले की सुनवाई राज्य से भोपाल स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह तेलंगाना के सहयोगियों से परामर्श करेगी और दोपहर 2 बजे आदेश पारित करेगी। शुरूआत में बीआरएस के विधायक गुंटाकंडला जगदीश रेड्डी और तीन अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी आर्यमा सुंदरम ने मुकदमे को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा कि तेलंगाना के सीएम इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान दे रहे हैं।

पीठ ने कहा कि केवल आशंका के आधार पर हम कैसे सुनवाई कर सकते हैं... अगर हम ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई करते हैं, तो हम अपने न्यायिक अधिकारियों पर भरोसा नहीं करेंगे। सुंदरम ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री खुद गृहमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक न्याय का नियम है कि किसी भी व्यक्ति को अपने मामले में न्यायाधीश नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह विश्वास जगाने के लिए एक स्वतंत्र सरकारी वकील नियुक्त करने के आदेश पारित करेगी। 31 मई, 2015 को उस समय तेलुगू देशम पार्टी के रेवंत रेड्डी को एसीबी ने गिरफ्तार किया था, जब उन पर विधान परिषद चुनावों में टीडीपी उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए मनोनीत विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपये की रिश्वत देने का आरोप था।

### ओजीएच में ब्रेन डेड मरीज के अंग किए गए दान

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया जनरल अस्पताल (ओजीएच) में ब्रेन डेड घोषित किए गए 35 वर्षीय चित्रकार गुंथा चेन्नई के परिवार ने उनके अंगों को जरूरतमंद मरीजों को दान कर दिया। महबूबनगर के मालागेरी निवासी चेन्नईया को 26 अगस्त की सुबह सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्हें महबूबनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए ओजीएच में स्थानांतरित कर दिया गया। घायल पेंटर को दो दिनों तक गहन चिकित्सा उपचार दिया गया, लेकिन उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर डॉक्टरों ने 27 अगस्त को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। जीवनदान समन्वयकों ने चेन्नैया के परिवार के साथ परामर्श किया जिसके बाद उनके पिता गुंथा गोपाल और भाई अंजनेयुलु ने उनके अंग दान करने की सहमति दे दी। सर्जनों ने लीवर, किडनी और कॉर्निया सहित पांच अंग निकाले और उन्हें ज़रूरतमंद रोगियों को आवंटित किया गया।

# महबूबनगर में तोड़फोड़ अभियान

## सुबह 3 बजे ढहा दिए गए 75 घर



महबूबनगर, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार तड़के शहर के क्रिश्चियनपल्ली स्थित आदर्श नगर में 75 से अधिक मकान ध्वस्त कर दिए गए, जिससे वहां रहने वाले लोग बेघर हो गए। यह कहते हुए कि ये संरचनाएं अनधिकृत थीं, महबूबनगर नगर पालिका के अधिकारी मिट्टी हटाने वाली मशीनों के साथ मौके पर पहुंचे और तड़के करीब तीन बजे संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया, जबकि निवासी घरों में सो रहे थे। इलाके में भावनात्मक दृश्य देखे गए, जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे घरों से अपना सामान इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे थे और फूट-फूट कर रो रहे थे। पूरे इलाके में मलबे, कपड़ों और अन्य सामग्रियों के ढेर बिखरे पड़े थे।

निवासियों ने शिकायत की कि अधिकारियों ने बिना कोई नोटिस दिए उनके घरों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले कांग्रेस सरकार ने पट्टे जारी किए थे और अब अधिकारी उनके घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। सत्यम्मा ने एक वीडियो में कहा कि हम कई सालों से यहां रह रहे हैं। हम नगरपालिका कर का भुगतान कर रहे हैं और बिजली कनेक्शन भी प्राप्त कर चुके हैं। इसके बावजूद, अधिकारियों ने मेरा घर ध्वस्त कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया।

एक अन्य निवासी ने कहा कि हम अधिकारियों की इस ज्यादती की निंदा करते हैं, जो आधी रात को पहुंचे और हमारे घरों को तोड़ना शुरू कर दिया। कुछ अन्य निवासियों ने तर्क दिया कि अधिकारी विशेष रूप से उनके घरों को निशाना बना रहे हैं तथा राजनीतिक नेताओं और प्रभावशाली लोगों के घरों को छोड़ रहे हैं।

### एसीबी ने ड्राफ्ट मामले में सहायक रजिस्ट्रार को किया गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने गुरुवार को मेडचल-मलकाजगिरी जिले के सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार कार्यालय के सहायक रजिस्ट्रार बी श्रीनिवास राजू को रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एसीबी अधिकारियों ने कहा कि श्रीनिवास राजू ने शिकायतकर्ता और उसके दोस्त के खिलाफ नवभारत सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड द्वारा दर्ज मामलों में आधिकारिक पक्ष दिखाने के लिए शिकायतकर्ता से 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की थी। उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई।

# मौसमी बीमारियों में वृद्धि, हरीश ने जताई चिंता

## खराब शासन के लिए कांग्रेस को ठहराया दोषी



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार सहित मौसमी बीमारियों के प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य भर में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोझ डालते हुए बीआरएस नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव ने राज्य के सामने मौजूद मुद्दों को हल करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने संकट से निपटने के सरकार के तरीके पर जनता की चिंताओं को उजागर किया।

पूर्व मंत्री ने बिगड़ती स्थिति पर अपनी निराशा व्यक्त की।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग को टैग करते हुए उन्होंने एक ट्वीट किया, जिसमें राव ने सरकार की लापरवाही की आलोचना की और कहा कि बीमारियों का बेतहाशा फैलना खराब शासन और स्वच्छता की कमी का स्पष्ट संकेत है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्वास्थ्य संकट अविभाजित राज्य के दिनों की याद दिलाता है, जब इसी तरह की समस्याएं प्रचलित थीं। लोगों को भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, हर दो घरों में से एक वायरल बुखार से पीड़ित है। सरकारी अस्पताल दवाओं और डेंगू किट की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे कई मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए मजबूर हैं, जिससे अक्सर वित्तीय तनाव पैदा होता है।

# केटीआर ने की ऋण माफी से बचने के लिए अपनाई गई रणनीति की निंदा



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों को ऋण माफी के लिए अपनी पात्रता साबित करने के लिए स्व-घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता के आसपास केंद्रित विवाद को उजागर करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने गुरुवार को इसे अपमानजनक अनुभव कहा। किसानों के लिए स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करने की नई आवश्यकता ने आक्रोश पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अपमानजनक है। उन्होंने इसे 'स्व-घोषणा नाटक' करार दिया, जिसका उद्देश्य ऋण माफी के वादों को पूरा करने से बचना है।

कोत्तागुडेम में एक बुजुर्ग महिला से ऐसी ही स्थिति में पेंशन वापस करने को कहा गया था, इस घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को भी इसी तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है। केटीआर ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर किसानों पर संदेह करने और उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सरकार द्वारा कर्ज माफी के वादे झूठे प्रचार थे, जिसमें राहत पाने के इच्छुक किसानों के रास्ते में कई बाधाएं डाली गई थीं।

उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई किसानों के भरोसे के साथ विश्वासघात है। सीएम रेवंत रेड्डी के अपने गांव कोंडारेड्डीपल्ली में किसानों की दुर्दशा को उजागर करते हुए उन्होंने एक यूट्यूबर का वीडियो पोस्ट किया जो वायरल हो गया है। वीडियो में, एक दर्जन से अधिक किसान अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहते हैं कि उन्हें कोई ऋण माफ़ी नहीं मिली है। राशन कार्ड और आधार कार्ड प्रविष्टियों में विसंगतियों के कारण कई किसान ऋण राहत से वंचित रह गए।

**पूर्व तट रेलवे**

नीलामी कैटलॉग नं. WAT-ADVT-MA-002

**Seq. सं. AA/1:** लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131667-2-24-1 (Advertising-Train Interior), विवरण: ट्रेन नं.18519/18520 विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस के लिए ट्रेन इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल विज्ञापन का प्रदर्शन।

**Seq. सं. AA/2:** लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131665-2-24-1 (Advertising-Train Interior), विवरण : ट्रेन नं.12803/12804 विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम, 12807/12808 विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम समता सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लिए ट्रेन इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल विज्ञापन का प्रदर्शन।

**Seq. सं. AA/3:** लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131668-2-24-1 (Advertising-Train Interior), विवरण: ट्रेन नं.20805/20806 विशाखापट्टनम-नयी दिल्ली-विशाखापट्टनम AP सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लिए ट्रेन इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल विज्ञापन का प्रदर्शन।

दर यूनिट : वार्षिक लाइसेंस शुल्क (सभी क्रम सं. हेतु), ट्रिप/दिवस : 1095 (सभी क्रम सं. हेतु), लॉट प्रारंभ होने की तिथि व समय : दिनांक 06.09.2024 को 1100 बजे (सभी क्रम सं. हेतु), लॉट समाप्ति की तिथि व समय : दिनांक 06.09.2024 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु), 1140 बजे (क्रम सं.2 हेतु) एवं 1150 बजे (क्रम सं.3 हेतु), न्यूनतम वृद्धि : 0.2% (सभी क्रम सं. हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (सभी क्रम सं. हेतु)।

द्रष्टव्य: संपूर्ण सूचनावली www.ireps.gov.in में उपलब्ध।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-466/P/24-25

# पिता से मिली कविता, बेटी को गले लगाकर भावुक हुए केसीआर



एर्रावल्ली, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता ने गुरुवार को अपने पिता व बीआरएस प्रमुख केसीआर से मुलाकात की।

पिता व बेटी की इस मुलाकात के दौरान, पार्टी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर खुशी देखने झलक रही थी। वहीं, के. कविता ने अपने पिता के पैर छूए और उनका आशीर्वाद लिया। केसीआर ने भी बेटी को दोनों हाथों से उठाते हुए गले लगाया। इस दौरान केसीआर और के. कविता भावुक हुए। एर्रावल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान के. कविता के साथ उनके पति डी. अनिल कुमार और बेटे आदित्य भी साथ में थे।

घर पहुंचने पर बीआरएस नेताओं और कर्मचारियों ने पारंपरिक तरीके से कविता का स्वागत किया। इसके बाद वह अपने पिता से मिलने के लिए अंदर गईं। केसीआर पांच महीने से अधिक समय बाद बेटी को देखकर खुश हुए और उसे घर के अंदर ले गए। केसीआर के घर पर जश्न का माहौल था। कविता को मंगलवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल से सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिहा किया गया है। कविता बुधवार शाम हैदराबाद पहुंचीं, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और अपनी मां शोभा से मिलीं, जो उन्हें देखने के लिए एर्रावल्ली से हैदराबाद पहुंची थीं।

साढ़े पांच महीने बाद कविता 'एक्स' पर सक्रिय हो गई और बुधवार को अपने घर पर हुए स्वागत के दौरान अपने भाई और पति के साथ ली गई तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, "सत्यमेव जयते।" बाद में उन्होंने अपने पिता की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वे एर्रावल्ली स्थित अपने घर पहुंचने पर उन्हें गले लगा रहे थे।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज दिल्ली आबकारी नीति मामलों में कविता को जमानत दे दी। ईडी ने उन्हें 15 मार्च को हैदराबाद में गिरफ्तार किया था और उसी दिन उन्हें दिल्ली ले जाया गया था। उसके बाद से उन्हें अप्रैल में तिहाड़ जेल में ही सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था और तब से वे न्यायिक हिरासत में हैं।

## प्रेमी ने की महिला की हत्या, तीन बचावकर्मी घायल

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात को गचीबोवली में एक प्रेमी ने कथित तौर पर एक महिला पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। महिला को बचाने की कोशिश करने वाले 3 अन्य लोगों पर भी प्रेमी ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। राकेश नामक व्यक्ति पश्चिम बंगाल की मूल निवासी ब्यूटीशियन महिला के साथ रिलेशनशिप में था। बुधवार रात को दोनों के बीच कुछ मतभेद हो गए और बातचीत के बहाने वे महिला के घर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। महिला को बचाने आए कुछ स्थानीय लोगों पर भी राकेश ने हमला कर दिया। वह व्यक्ति मौके से भाग गया और बाद में मोइनाबाद पहुंचा। फिर वह बिजली के खंभे पर चढ़ गया और बिजली के तारों को पकड़ लिया। वह करंट लगने से झुलस गया और जमीन पर गिर गया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया।

## सीएम के भाई समेत 240 लोगों के खिलाफ भूमि अतिक्रमण का केस

### कथित अतिक्रमण के लिए नोटिस जारी

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में अधिकारियों ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के भाई ए. तिरुपति रेड्डी और हैदराबाद के दुर्गम चेरुवु झील के आसपास के कई अन्य संपत्ति मालिकों को कथित अतिक्रमण के लिए नोटिस जारी किया है। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाईड्रा) द्वारा हैदराबाद और उसके आसपास के जलाशयों के पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) और बफर जोन में अवैध संरचनाओं पर जारी कार्रवाई के बीच, सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र, हाईटेक सिटी में झील के आसपास 240 संरचनाओं को नोटिस जारी किए गए। मुख्यमंत्री के भाई तिरुपति रेड्डी, जिनका झील के पास घर है, को भी नोटिस जारी किया गया है। पॉश इलाके के कई प्रमुख निवासियों को नोटिस जारी कर 30 दिनों के भीतर अपने ढांचे हटाने को कहा गया है, क्योंकि वे दुर्गम चेरुवु झील के गैर-विकास क्षेत्र में आते हैं।

रंगारेड्डी जिला कलेक्टर और सेरिलिंगमपल्ली डिप्टी कलेक्टर ने नेक्टर्स कॉलोनी, डॉक्टर्स कॉलोनी, कावुरी हिल्स और अमर सोसाइटी के निवासियों को नोटिस जारी किए, जो चेरुवु से सटे हैं। जल, भूमि और वृक्ष अधिनियम (डब्ल्यूएएलटीए) की धारा 23(1) के तहत जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि झील की अनुमेय सीमा से परे अतिक्रमण किए गए ढांचों को निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए।




## चोरों ने दम्पति पर हमला कर जेवरात व नकदी लूटा

भूपालपल्ली, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चोरों ने गुरुवार तड़के बसवापुर गांव में एक घर में घुसकर निवासियों को चाकुओं से घायल कर दिया और सोने के आभूषण और एक लाख रुपये नकद लूट लिए। रिपोर्ट के अनुसार, चोर दंपति तिरुपति और स्वर्णलता के घर में घुसे और जब उनकी पत्नी ने चोरी का विरोध किया तो उन्होंने उसका गला रेत दिया। महिला की मदद के लिए चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने घायल दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया। लोगों के पहुंचने से पहले ही चोर लूट का माल लेकर भाग गए। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री रेवंत के भाई ने अपना अवैध घर गिराने की इच्छा जताई



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भाई तिरुपति रेड्डी ने बताया है कि अगर उनकी संपत्ति अवैध पाई जाती है तो वह अपना घर गिराने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) द्वारा मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भाई तिरुपति रेड्डी सहित अमर सोसाइटी के निवासियों को दुर्गम चेरुवु के बफर स्तर में अतिक्रमण हटाने के लिए जारी किए गए नोटिस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह घर में मौजूद सभी चीजें ले जाने के लिए तैयार हैं और हाइड्रा के अधिकारियों को पूरा सहयोग देंगे। गुरुवार को यहां मीडिया से बात करते हुए तिरुपति रेड्डी ने कहा कि उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस मिले हैं, लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने खुलासा किया, मैंने 2016-17 में अमर सोसाइटी में संपत्ति खरीदी थी। मुझे उस इमारत के बारे में कोई जानकारी नहीं थी जो आवास के लिए खरीदे जाने के समय एफटीएल में थी। तिरुपति रेड्डी ने बीआरएस नेताओं पर उनकी संपत्ति का राजनीतिकरण करने और उनके खिलाफ निराधार टिप्पणी करने का आरोप लगाया, क्योंकि वे मुख्यमंत्री के भाई हैं।

**THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.**
Head Office # 15-2-391/392/1, Siddiamber Bazar, Hyderabad - 500012
(T.A. No. 1439)
अग्रसेन बैंक
Estd. 1998

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Twenty Sixth Annual General Body Meeting of the Shareholders of the Bank for the Financial Year 2023-2024 will be held on Sunday,15th September, 2024 at K.L.N Prasad Auditorium, FTCCI House, Red Hills, Hyderabad-500 004, Telangana State at 11:00 A.M. to transact the following items of the Agenda.

1. To consider and adopt the Twenty Sixth Annual Report along with Audited Statements of Accounts of the Bank for the Financial Year 2023-2024.
2. To approve appropriation of Net Profit and to declare dividend for the Financial Year ended 31-03-2024.
3. (i) To ratify the excess expenditure incurred over the budgeted during the Financial Year 2023-2024.
   (ii) To approve the revised Budget of Income & Expenditure of the Bank for the Financial Year 2024-2025 and Annual Budget for the Financial Year 2025-2026.
4. To authorize the Board to appoint Statutory Auditors and to hold office from the conclusion of this Annual General Body Meeting until conclusion of the next Annual General Body Meeting and to fix their remuneration.
5. To review the membership and attendance of the Committee Members for the period from 01-02-2024 to 31-07-2024.
6. To approve admission of members, allotment of additional shares, transfer of shares, withdrawal and refund of Share Capital made during the period from 01-02-2024 to 31-07-2024.
7. To approve investments / withdrawals made during the period from 01-02-2024 to 31-07-2024.
8. To review all overdue loans and loans covered under legal action.
9. To consider any other matter with the permission of the Chair.

All the Shareholders are requested to attend the Annual General Body Meeting, on the date, time and place herein mentioned above.

Place : Hyderabad
Date : 29/08/2024

By order of the Board of Directors
Sd/-
**C. V. Rao**
General Manager /CEO

**NOTE**

1. All documents referred to in the Notice are open for inspection at the Registered Office of the Bank on all working days between 11.00 A.M. to 4.00 P.M. from 11-09-2024 to 13-09-2024 with prior notice.
2. In the absence of the requisite Quorum within half an hour of the time specified for holding the General Body Meeting, the meeting shall stand adjourned to 12.00 Noon on the same day and the same agenda of the meeting shall be transacted at the same venue.
3. Members who have not yet submitted their photographs are requested to submit two passport size photographs duly noting their names, folio number etc., on the reverse of the photograph to enable us to issue Identity Cards.
4. Members are requested to furnish their respective Account Numbers maintained with the Bank or open an Account with any branch of the Bank and ensure recording of standing instructions with the Shares Department for credit of dividend. The Members are also requested to update their PAN card, Aadhar number, Mobile numbers and Email Id's for regular updates from Bank.

### लखीमपुर में तैनात सीओ होंगे गिरफ्तार; 10 सितम्बर तक का समय

बरेली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए गवाही देने से इनकार करने पर अदालत ने बुधवार को मुकदमे के विवेचक को गिरफ्तार करने के लिए विशेष पुलिस बल के गठन का आदेश दिया है। अदालत ने यह जिम्मेदारी आईजी लखनऊ को सौंपी है। दहेज हत्या के पांच वर्ष पुराने मामले में सबूत पूरा हो चुका है। सिर्फ विवेचक की गवाही होना शेष है। इस सिलसिले में लखीमपुर खीरी में तैनात पुलिस उपाधीक्षक पीतमपाल सिंह को तलब किया गया है। बीते दिनों गवाह ने विभागीय अवकाश न मिलने के कारण गवाही देने में असमर्थता जताई। कोर्ट ने इस समस्या के समाधान के लिए वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए गवाही देने का विकल्प दिया। कोर्ट ने कहा कि गवाह को छुट्टी की आवश्यकता नहीं है, उसे लखीमपुर खीरी की सिविल कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में जाकर अपना सबूत देना है।

# एबॉर्शन जोखिम भरा

## हाईकोर्ट ने 13 साल की रेप पीड़िता को 32 सप्ताह के गर्भ को गिराने की नहीं दी अनुमति



प्रयागराज, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 13 वर्षीय बच्ची को 32 सप्ताह के उसके गर्भ को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी। हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की और कहा कि बच्ची को प्रेग्नेंसी अवधि पूरा करने की तुलना में प्रेग्नेंसी को खत्म करना अधिक जोखिम भरा है। हाईकोर्ट ने कहा कि बच्ची टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी और प्रेग्नेंसी पूरी अवधि तक जारी रखने के बीच सही विकल्प चुनने में सक्षम नहीं हो सकती। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि प्रेग्नेंसी जारी रखने की तुलना में 13 वर्षीय बच्ची के जीवन के लिए अधिक जोखिम होने के कारण मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संभव नहीं होगा।

याची 13 वर्षीय बच्ची का उसके वृद्ध रिश्तेदार ने यौन उत्पीड़न किया, जिसके साथ वह रह रही थी। प्राथमिक दर्ज होने के बाद याचिकाकर्ता का मेडिकल टेस्ट किया गया, जिसमें पाया गया कि वह 28 सप्ताह की प्रेग्नेंट थी। इसके बाद याची ने प्रेग्नेंसी के लगभग 32 सप्ताह में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने याची की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया। अपनी रिपोर्ट में मेडिकल बोर्ड ने कहा कि प्रेग्नेंसी को पूर्ण अवधि तक ले जाना गर्भावस्था को टर्मिनेट करने की तुलना में कम जोखिम भरा है। कोर्ट के सामने प्रश्न था कि "क्या याचिकाकर्ता के जीवन को किसी भी खतरे के बिना इस स्तर पर प्रेग्नेंसी टर्मिनेट की जा सकती है?" हाईकोर्ट ने मामले के तथ्यों व परिस्थितियों पर विचार कर अनुमति देने से इनकार कर दिया। जस्टिस शेखर बी। सराफ और जस्टिस मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने मेडिकल बोर्ड की राय पर भरोसा किया और कहा कि इस स्तर पर मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी की अनुमति नहीं दी जा सकती। हाईकोर्ट ने कहा कि याची केवल 13 वर्ष की बच्ची है। वह टर्मिनेशन और प्रेग्नेंसी को पूर्ण अवधि तक ले जाने के बीच सही विकल्प चुनने की स्थिति में नहीं हो सकती।

इसके अलावा न्यायालय ने निर्देश दिया कि राज्य बच्चे के जन्म से संबंधित सभी खर्च वहन करेगा। अदालत ने कहा कि याची के पास कोई पारिवारिक सहयोग भी नहीं है। लिहाजा पैदा होने वाले बच्चे को वह गोद दे देगी। कोर्ट ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के निदेशक को बच्चे को गोद लेने के लिए कानून के अनुसार उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।

# 'धमाका होगा, जान से मार देंगे'

## जेडीयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और बेटे रॉकी यादव को मिली धमकी





पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जेडीयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और उनके बेटे रॉकी यादव को जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। पत्र के मिलने के बाद इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल, जिले के बेलागंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है।

इसके पूर्व दावेदारी के लिए रॉकी यादव मैदान में उतर चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जान से मारने की धमकी के पीछे की वजह इसी को लेकर हो सकती है। जान से मारने की धमकी भरे पत्र ने होश उड़ा दिए हैं।

मनोरमा देवी के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर बीते 26 अगस्त को स्पीड पोस्ट के जरिए दो धमकी भरे पत्र मिले हैं। इसके बाद को रामपुर थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। धमकी भरे पत्र में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और उनके पुत्र रॉकी यादव को जान से मारने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही यह भी लिखा गया है कि, बड़ा धमाका होगा।

सब गतिविधियों पर नजर है। यह पत्र पटना जीपीओ से स्पीड पोस्ट किया गया है।

पता में राजेंद्र नगर के रहने वाले सुशील कुमार का नाम लिखा गया है। हालांकि माना जा रहा कि ये पता गलत दिया गया होगा। उधर धमकी भरे पत्र के बाद पूर्व एमएलसी और रॉकी यादव परेशान हैं।

**पुलिस ने कहा- मामले की हो रही है जांच**

उधर पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी में अपने आवेदन में बताया है कि स्पीड पोस्ट से पत्र आया है।

घर पर कर्मचारी अजय शर्मा ने इस पत्र को रिसीव किया था। उन्होंने इसके पीछे किसी गिरोह की संभावना जताई है। इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि पूर्व एमएलसी की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# राहुल गांधी की पॉलिटिक्स

## स्मृति बोलीं वे व्हाइट टी शर्ट पर अलग पोलिटिक्स कर रहे हैं





अमेठी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी और स्मृति ईरानी के बीच की अदावत भारतीय राजनीति में एक लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। अक्सर स्मृति ईरानी राहुल गांधी पर तंज के तीर छोड़ते हुई नजर आई हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ने राहुल को अमेठी से हराकर भारतीय राजनीति में बड़ा उलटफेर किया था। इसी के बाद से दोनों के बीच अदावत और बढ़ गई। 2024 के लोकसभा चुनाव के वक्त स्मृति ने राहुल पर खूब हमले किए। मगर अब स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के बारे में कुछ ऐसा कहा है, जिसे सोशल मीडिया पर तारीफ के रूप में देखा जा रहा है।

स्मृति ईरानी ने राहुल के बारे में क्या कुछ कहा कहा? स्मृति ईरानी ने रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को लेकर कहा, मुझे लगता है कि राहुल गांधी की पॉलिटिक्स में एक चेंज आया है। राहुल टी शर्ट पहनते हैं पार्लियामेंट में। वो जानते हैं कि उस सफेद टी शर्ट से वह युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं। हम इस मुगालते में न रहें कि उनका कोई भी कदम चाहे वो अच्छा है या नहीं, या वो कदम बचकाना लगे। लेकिन अब वो एक अलग पॉलिटिक्स कर रहे हैं।

**स्मृति और राहुल में टकराव कब शुरू हुआ?**

गौरतलब है कि यह टकराव मुख्य रूप से 2014 के लोकसभा चुनावों से शुरू हुआ, जब स्मृति ईरानी को भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। अमेठी, जो कांग्रेस का गढ़ मानी जाती थी और कई दशकों से गांधी परिवार का मजबूत क्षेत्र रहा है, वहां स्मृति ईरानी की चुनौती ने राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया। 2014 के चुनाव में राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को हराया। मगर स्मृति ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और उनकी जीत का अंतर कम कर दिया। इस हार के बावजूद, स्मृति ईरानी ने अमेठी में काम करना जारी रखा और लगातार वहां का दौरा करती रहीं। उन्होंने अमेठी में कई विकास कार्य शुरू किए और अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाया।

**फिर आया 2019 का चुनाव और हुआ उलटफेर**

2019 के लोकसभा चुनाव में, स्मृति ईरानी ने एक बार फिर से राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा। और इस बार उन्होंने राहुल गांधी को अमेठी सीट से हराकर एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर कर दिया। यह हार कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए एक बड़ा झटका थी, क्योंकि अमेठी को उनकी पारिवारिक विरासत के रूप में देखा जाता था।

इस जीत ने स्मृति ईरानी को भाजपा में और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया और उनकी छवि एक मजबूत नेता के रूप में उभरी। इसके बाद भी, दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक और व्यक्तिगत हमले जारी रहे। संसद के भीतर और बाहर दोनों ने एक-दूसरे पर तीखे प्रहार किए हैं। यह अदावत केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय राजनीति में दो विचारधाराओं के बीच की टकराव को भी दर्शाती है।

### बारिश की वजह से हादसा: पिलर धंसने से मकान का लिंटर गिरा, मलबे में दबकर तीन महिलाओं की मौत मची चीख-पुकार



मैनपुरी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के बिछवां इलाके के गांव विरायमपुर में गुरुवार की सुबह एक सेवानिवृत्त सैनिक के मकान का लिंटर अचानक पिलर धसने के बाद भर भराकर गिर गया। मलबे के नीचे घर की तीन महिलाएं दब गईं। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मलबा को हटाया। शवों को निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा हादसे के बाद घर में चीख पुकार मची है। थाना क्षेत्र के गांव विरायमपुर निवासी सेवानिवृत्त सैनिक कौशलेंद्र यादव गुरुवार की सुबह घर के बाहर बंधे मवेशियों को चारा डाल रहे थे।

बहुएं नीलम (32) पत्नी सुनील, प्रीति (28) पत्नी संजीव, अनुपम (25) पत्नी रजनेश घरेलू कामकाज निपटा रहीं थीं। तभी बारिश में कमजोर हुआ पिलर धंस गया और मकान का लिंटर भरभराकर घर में मौजूद तीनों महिलाओं पर गिर गया। मकान की लिंटर गिरने से हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने के बाद बिछवां, भोगांव आदि थानों का फोर्स गांव पहुंच गए। करीब एक घंटे चली कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर नीलम, प्रीती और अनुपम के शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद मृतकों के घर में चीख पुकार मची है।

# बहराइच में क्यों आदमखोर हुए भेड़िये

## क्या कर रहीं वन विभाग की 16 टीमें? अब तक नौ की मौत




बहराइच, 29 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश का बहराइच जिला इन दिनों सुर्खियों में हैं। यहां पिछले कुछ समय से आदमखोर भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। पिछले करीब डेढ़ महीने में इन भेड़ियों ने नौ लोगों की जान ले ली है जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। उधर भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग की कई टीमें लगी हुई हैं। वन विभाग सुरक्षा के लिए ड्रोन मैपिंग कर रहा है। साथ ही थर्मल ड्रोन से भी भेड़ियों को पकड़ने के लिए निगरानी जारी है। अब तक चार भेड़ियों को पकड़ा भी जा चुका है। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों ने दहशत मचा रखी है। बीते डेढ़ महीनों में भेड़ियों के झुंड ने महिलाओं और बच्चों समेत नौ लोगों की जान ले ली है। पिछले चार दिनों में दो लोग, एक महिला और एक बच्चा, भेड़ियों का शिकार बन गए। इसके अलावा, भेड़ियों ने 35 लोगों को घायल कर दिया है, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। करीब 50 गांवों में भेड़ियों के हमले से लोगों में डर का माहौल है। महिलाएं अपने बच्चों के साथ घर के अंदर रहती हैं, जबकि पुरुष रात में अपने इलाकों में पहरा देने को मजबूर हैं। कुछ परिवारों ने तो अपने बच्चों को दूसरे शहरों में अपने रिश्तेदारों के यहां भेज दिया है।

खूंखार जानवरों का पहला हमला इसी साल मार्च की शुरुआत में हुआ था और तब से यह जारी है। शुरुआत में इन भेड़ियों ने जिले के हरदी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत औराही में उत्पात मचाया था। हालांकि, जुलाई के बाद हमलों की संख्या बढ़ गई है। ये भेड़िये आतंक फैलाने के लिए एक खास पैटर्न अपनाते हैं, अक्सर घरों में सो रहे बच्चों को निशाना बनाते हैं। जिला वन अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज में छह भेड़ियों का एक झुंड देखा है।

### कन्नौज दुष्कर्म घटना: गिरफ्तार पूर्व ब्लाक प्रमुख के फरार भाई पर इनाम घोषित साक्ष्य मिटाने का आरोपी

कन्नौज, 29 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव दुष्कर्म मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब गिरफ्तार नवाब सिंह यादव के पूर्व ब्लाक प्रमुख भाई को फरार घोषित कर दिया है। जिस पर 25 हजार का इनाम रखा गया है। दुष्कर्म पीड़िता की बुआ से मिली जानकारी के बाद गिरफ्तार पूर्व ब्लाक प्रमुख के छोटे भाई को भी आरोपी बनाया गया है। जिस पर पहले से ही 14 आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस की सात टीमें गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है।

# रेप की घटनाओं पर मायावती बोलीं

## 'राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं'



लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में बीते दिनों के दौरान हुई रेप की घटनाओं पर जमकर सियासत हो रही है। अब बीएसपी चीफ मायावती ने इन रेप की घटनाओं पर चिंता जताई है और सरकार से उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए गुरुवार को प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने कहा, 'देश में कभी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार में तो कभी यूपी के कन्नौज, आगरा व फर्रूखाबाद जिले आदि में भी मासूम बच्चियों नाबालिग व महिलाओं पर खासकर रेप, हत्या व आत्महत्या आदि की हो रही घटनाएं अति-दुःखद व चिन्ताजनक।' बीएसपी चीफ ने कहा, 'केन्द्र व सभी राज्य सरकारें, इस मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख़्त कदम उठाएं, ताकि ऐसी घटनायें जल्दी होना बन्द हो, ना कि इसकी आड़ में राजनीति की जाए, यही समय की मांग है तथा यही महिलाओं के हित में भी है।'बीते कुछ दिनों के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों में रेप की घटनाएं हुई हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई डॉक्टर के साथ रेप और फिर हत्या की घटना पर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन घटनाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में भी रेप की घटनाएं हुई हैं।

# पटना सिटी की पुलिस वीडियो बनाने में है व्यस्त

## मरीन ड्राइव पर भोजपुरी गानों पर रील्स वायरल



पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर रील्स बनाना आज कल सभी को पसंद है। इससे पुलिस विभाग भी अछूता है। कुछ ऐसा ही मामला पटना सिटी से आया है जहां के कई पुलिस कर्मियों का रील्स वर्दी में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पटना सिटी के मेहंदीगंज थाना के चालक दिख रहा है। इस वीडियो में थाना की गाड़ी के चालक सियाराम के साथ साथ खुद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, एसआई दारोगा प्रजापति, एसआई उत्तम कुमार भी दिख रहे हैं। मरीन ड्राइव पर भोजपुरी गानों पर रील्स बनाया गया है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद अब इस मामले में पटना सिटी के डीएसपी 2 डॉ। गौरव कुमार ने संज्ञान लिया है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पटना के मरीन ड्राइव पर चलती गाड़ी में भोजपुरी गानों पर झूमते हुए रील्स बनाया गया है। एक तरफ मेहंदीगंज थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों में कई घटनाएं होती हैं और इन घटनाओं में पुलिस को कोई खास सफलता नहीं मिली है। इस बीच थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी भोजपुरी गानों पर रील्स बनाने में मशगूल हैं। वहीं, पटना सिटी के डीएसपी गौरव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मदरसे में नकली नोट की फैक्टरी

## असली दिखाने के लिए सिक्योरिटी थ्रेड की जगह चिपकाते थे हरा टेप; कटर से कटिंग




प्रयागराज, 29 अगस्त (एजेंसियां)। नकली नोट छपाने के लिए गिरोह के बदमाश हाई क्वालिटी स्कैनर और प्रिंटर का इस्तेमाल कर बड़ी पेपर शीट पर प्रिंट निकालते थे। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि प्रिंट निकालने के बाद कटर से कटिंग कर एक-एक नोट को अलग करते थे। असली दिखाने के लिए सिक्योरिटी थ्रेड की जगह हरा टेप चिपकाते थे। आरोपी जाहिर ने बताया कि उसका भाई ओडिशा में आधार कार्ड बनाने का सेंटर चलाता था। वह हाई क्वालिटी प्रिंटर और स्कैनर का उपयोग करता था। प्रयागराज आकर उसने भी हाई क्वालिटी प्रिंटर व स्कैनर से नकली नोट बनाना शुरू किया। पहले असली नोट को स्कैन किया जाता था, फिर फोटो एडटिंग टूल के जरिये इनके नंबर बदलकर बड़ी पेपर शीट पर बल्क में नोट प्रिंट किए जाते थे। इन नोटों को रात में चारों लोग मिलकर कटर से काटकर अलग-अलग करते थे। नोटों को कटर से काटने से पहले धातु के बने एक खांचे को प्रिंटेड शीट पर रखा जाता था। इस वजह से इनकी कटाई हूबहू असली नोटों जैसी होती थी। कटाई के बाद नोट को असली दिखाने के लिए उस पर सिक्योरिटी थ्रेड वाली जगह पर हरे रंग का सेलो टेप चिपकाया जाता था। असली व नकली नोट में अंतर सिर्फ यह था कि असली नोटों की तरह सिक्योरिटी थ्रेड पर आरबीआई अंकित नहीं होता था। आरोपियों ने बताया कि नोट भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चलाते थे। रिक्शे, ऑटो, सब्जी, किराना जैसी छोटी दुकानों पर नोट चलाते थे। कम राशि का नोट होने से दुकानदार भी ज्यादा जांच नहीं करते थे, इसलिए नोट पकड़ में नहीं आते थे। जाहिर ने बताया कि मौलवी तफसीरूल पहले बच्चों को पढ़ाता था। छुट्टी होने के बाद वह नकली नोट बनाने में मदद करता था। खासतौर पर वह कटिंग का ही काम करता था। खरीदारी के लिए वह तफसीरुल के साथ स्थानीय बाजारों में नकली नोटों का इस्तेमाल करते थे। उधर, अफजल व शाहिद शहर के अन्य हिस्सों में जाकर इन नोटों को खपाते थे। मदरसे में जाली नोट छपाई करने वाले गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से 1.3 लाख मूल्य के जाली नोट बरामद किए हैं।

### लखीमपुर में बाघ खा गया किसान का सिर पड़ा रहा धड़; गांव के लोगों में खौफ

लखीमपुरखीरी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुरखीरी में बाघ का आतंक इतना भयावह था कि उसने किसान पर पहले हमला किया और फिर उसे गन्ने के खेत में 200 मीटर दूर तक खींचकर ले गया। बाघ ने किसान की गर्दन को बुरी तरह नोचा और कुछ ही समय में उसके धड़ को अलग कर दिया। किसान के सिर के काफी हिस्से को बाघ खा गया। गोला तहसील के इमालिया गांव में किसान खेत में काम कर रहा था। तभी अचानक बाघ ने पीछे से उसपर हमला कर दिया। किसान अपनी जान को बचाने के लिए कुछ करता उससे पहले ही बाघ ने उसकी गर्दन को निशाना बनाया और उसे किसान के धड़ से अलग कर दिया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है, लोग बाघ के डर से घरों से कम निकल रहे हैं। किसान अमरीश अपने भाई और पत्नी के साथ खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। भाई जसवंद ने बताया कि गन्ने के की फसल गिरी हुई थी,

# अवैध सोने की खेप संग पकड़ा गया गोरखपुर का कैरियर, तीन सप्ताह में तीसरी बार



गोरखपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। तीन सप्ताह के भीतर तीसरी बार अवैध सोने की खेप के साथ धंधेबाज पकड़ा गया है। वह लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक से भारत आया था। एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन पर कस्टम ने उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोरखपुर का "त्रिपाठी" बताया। धंधेबाज अवैध सोने से संबंधित कोई जानकारी नहीं दे सका और न ही कोई कागजात प्रस्तुत कर सका। कस्टम ने सीमा शुल्क अधिनियम के तहत अवैध सोने की खेप को जब्त कर उसे न्यायालय में रिमांड पर पेश किया। कस्टम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आरोपी के मूल प्रपत्रों को जब्त कर उसे जमानत दे दी गई। पूछताछ में उसने गोरखपुर से जुड़े दक्षिणांचल के कई धंधेबाजों के नाम कस्टम को बताए हैं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को फ्लाइट नंबर एफडी 146 से बैंकॉक से आए यात्रियों की कस्टम जांच की जा रही थी। इसी बीच एक युवक को रोककर उसके पासपोर्ट और वीजा की जांच की गई। वह टूरिस्ट वीजा पर बैंकॉक से वापस आ रहा था। कस्टम की टीम को उसकी बेल्ट सामान्य से अलग लगी। जांच के दौरान युवक की बेल्ट के अंदर पेस्ट के रूप में सोना छिपा मिला। इसके अलावा ऊपर नीले रंग के कपड़े से सिलाई की गई थी। जांच में सामने आया कि कुल 931 ग्राम सोने को यात्री बैंकॉक से गोरखपुर ले जा रहा था। कस्टम के सूत्रों ने बताया कि बड़हलगंज के त्रिपाठी के रूप में उसकी पहचान हुई।

वह सिर्फ कैरियर की तरह ही सोने को बैंकॉक से लेकर आ रहा था। पूछताछ में उसने अपने क्षेत्र के कुछ नाम भी कस्टम के सामने रखे हैं। चर्चा है कि इनमें बताए नामों में दो की जानकारी कस्टम और डीआरआई दोनों को है। इसके पहले 11 अगस्त को भी बैंकॉक से आई फ्लाइट की चेकिंग के दौरान डीआरआई की टीम ने लगभग 3.96 करोड़ रुपये का सोना पकड़ा था। लखनऊ एयरपोर्ट पर कार्यरत एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर को भी सोने की तस्करी में लिप्त होने पर पकड़ा गया था। सुशांत गोल्फ सिटी से भी एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान भी पकड़ा गया युवक गोरखपुर का ही था। इसी के पास से विदेशी मुद्रा और अवैध सोना पकड़ा गया। हाल में हुई कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सोने के बाद भी तस्कर बैंकॉक से बड़ी मात्रा में सोना लेकर लखनऊ पहुंच गया।

**कस्टम ने रिमांड के लिए कोर्ट में किया था पेश**

एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि कस्टम या डीआरआई की तरफ से पकड़े गए अवैध सोने की गणना और उसका आकलन किया जाता है। इसी आधार पर जेल भेजे जाने या जमानत की कार्रवाई की जाती है।

**हिंदी बाजार का धंधेबाज छह किलो सोने के संग पकड़ा गया था**

पिछले सप्ताह हिंदी बाजार का धंधेबाज लखनऊ चौक बाजार में पकड़ा गया था। इसी दौरान गोरखपुर के हिंदी बाजार में भी डीआरआई की टीम ने कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के दौरान धंधेबाज के एक भाई को डीआरआई ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। वर्ष 2019 में भी धंधेबाज का एक भाई अवैध सोने के मामले में जेल गया था। इस मामले की जांच अभी चल ही रही है। इसी दौरान एक बार फिर लगभग छह किलो की खेप के साथ धंधेबाज पकड़ा गया।

# देश का मानसून ट्रैकर:गुजरात में बारिश से 939 सड़कें बंद

## दिल्ली में कई इलाके डूबे; 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार (29 अगस्त) को गुजरात, उत्तराखंड समेत 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में पिछले 4 दिन से मूसलाधार बारिश हो रही है। गुजरात में बारिश से जुड़े हादसों में अब तक 28 लोगों की मौत हुई है। 18 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सीएम भूपेंद्र पटेल को फोन करके हालात का जायजा लिया। राज्य में 7 नेशनल हाइवे, 66 स्टेट हाइवे, 92 अन्य सड़कें और 774 पंचायत सड़कें मिलाकर कुल 939 सड़कें बंद हैं। 238 तहसीलें भारी बारिश के चलते आई बाढ़ की चपेट में हैं। दिल्ली में भी बुधवार रात से भारी बारिश हो रही है। इससे दिल्ली, एनसीआर और नोएडा के कई इलाकों में पानी भर गया है। सबसे बुरी हालत अंडर पास की है। पानी भरने से सड़कों पर जाम लगा है।

**गुजरात में सेना तैनात; मध्य प्रदेश में बारिश का दौर थमा**

बुधवार (28 अगस्त) को द्वारका, जामनगर, राजकोट और पोरबंदर जिलों में 12 घंटे में 50 मिमी से 200 एमएम के बीच बारिश दर्ज की गई। द्वारका के भानवड में 185 एमएम बारिश हुई, यह राज्य में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को सौराष्ट्र के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा सेना की 6 टुकड़ियां राहत और बचाव में जुटी हैं। अब तक 18 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। इधर, मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बुधवार को धूप खिली रही। 30 और 31 अगस्त से एक बार फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहा है। जिससे जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 28 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

**नेपाल में बारिश से बिहार में नदियां उफान पर**

नेपाल और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश की वजह से बिहार में नदियां उफान पर हैं। भागलपुर, मुंगेर और वैशाली में गंगा का जलस्तर बढ़ा है। इन जिलों के निचले इलाके में पानी घुस गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पटना में 31 अगस्त तक 76 सरकारी स्कूलों को बंद रखने का ऐलान किया गया है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर सिंह ने कहा- गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण निचले इलाकों के 8 ब्लॉक में पानी भर गया है। इसलिए इन्हीं 8 ब्लॉक के स्कूलों को बंद रखा गया है।

**30 अगस्त को 2 राज्यों में और 4 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने 30 अगस्त को ओडिशा और तेलंगाना में भारी से अति भारी (20 सेमी से ज्यादा) बारिश का अलर्ट जारी किया है।

छत्तीसगढ़, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी है। पूर्वी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, अंडमान-निकोबार द्वीप, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कोंकण-गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और गुजरात में 7 सेमी बारिश हो सकती है।

**मध्य प्रदेश : बंगाल में बन रहा नया सिस्टम, 3 दिन बाद तेज बारिश की संभावना**

मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अलर्ट नहीं है, लेकिन सितंबर की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी। राज्य में अब तक 33.6 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर 2 दिन बाद देखने मिलेगा। 3 से 4 सितंबर तक प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है।

**धीमा हुआ मानसून, सितंबर में शुरू होगा तेज बारिश का दौर**

राजस्थान में पश्चिमी हिस्से को छोड़कर बाकी जगहों पर मानसून कमजोर हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि 2 सितम्बर से मानसून फिर से एक्टिव होने की संभावना है। राज्य में अब तक सामान्य से 52 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। प्रदेश में 1 जून से 28 अगस्त तक 361.3 एमएम औसत बारिश होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 549.9 एमएम बरसात हो चुकी है।

**उत्तर प्रदेश : वाराणसी में गंगा उफान पर, 50 घाट डूबे: आज 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

राज्य में बुधवार को 60 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। 24 घंटे में इतनी बारिश हुई कि वाराणसी समेत 10-12 शहरों की सड़कें तालाब जैसी दिखाई पड़ने लगीं। वाराणसी में सबसे ज्यादा 84 एमएम पानी बरसा। इसके चलते गंगा का जलस्तर 1 मीटर ऊपर चढ़ गया। 50 से ज्यादा घाट गंगा में डूब गए। आज 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

**छत्तीसगढ़ : राज्य में बारिश के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम, अगले 2 दिन भारी बारिश, 6 जिलों में अलर्ट**

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। अगले दो दिन भारी बारिश के आसार हैं। आज 6 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। रायगढ़, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बालोद और बीजापुर में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक तीन अलग-अलग स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहे हैं। इसी के असर से मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश होगी।

**हरियाणा : 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, सड़कों पर एक फुट तक पानी भरा**

हरियाणा में मानसून सक्रिय है। सुबह से पानीपत, जींद, फरीदाबाद, सोनीपत समेत कई जगह बारिश हो रही है। इससे जगह-जगह जलभराव हो गया है। सड़कों पर एक फुट के करीब पानी भर गया है। मौसम विभाग ने आज 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इससे 5 सितंबर तक बरसात की संभावना है।

**बिहार : 7 दिन तक तेज बारिश की संभावना नहीं**

बिहार के कई जिलों में हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से सितंबर के पहले हफ्ते तक किसी भी जिले में मूसलाधार बारिश होने की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार में 5.2 एमएम ही बारिश हुई है। सबसे ज्यादा रोहतास में 65.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## हाथी 'शंकर' के साथी की तलाश में आई तेजी, अंतिम चरण में दिल्ली चिड़ियाघर और वन विभाग के बीच बातचीत



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली चिड़ियाघर में अफ्रीकी नस्ल का एक अब सिर्फ एक हाथी है, जिसे लोग शंकर के नाम से जानते हैं। अकेला होने की वजह से शंकर पिछले कुछ समय से आक्रामक व्यवहार कर रहा है। पशु चिकित्सकों के मुताबिक वह 'मस्ट' स्थिति में है। दिल्ली चिड़ियाघर के अधिकारियों के मुताबिक शंकर को इस स्थिति से बाहर निकालने के लिए उसे एक साथी मुहैया कराने की जरूरत है। इसके लिए वन विभाग के साथ बातचीत जारी है। दिल्ली चिड़ियाघर के अधिकारी के अनुसान 1998 में जिम्बाब्वे से लाए गए राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (दिल्ली चिड़ियाघर) में 29 वर्षीय अफ्रीकी हाथी 'मस्ट' स्थिति में है और लंबे समय से आक्रामक व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है। चिड़ियाघर के अधिकारियों के अनुसार 'मस्ट' एक प्राकृतिक स्थिति है जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर में वृद्धि से जुड़ी है। इसके लक्षण नर जानवरों, विशेष रूप से हाथियों और ऊंटों में देखने को मिलते हैं। इससे पीड़ित होने पर हाथी अत्यधिक आक्रामकता और अप्रत्याशित व्यवहार करता है। हम अभी भी (शंकर की) जोड़ी के बारे में वन विभाग के साथ बातचीत कर रहे हैं। दिल्ली चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने कहा कि अभी तक कोई पुष्टि या निर्णय नहीं हुआ है।अधिकारी के अनुसार शंकर ने पहले भी इस स्थिति के कारण आक्रामक रूप से हमला किया था। उसने एक दीवार को तोड़ दिया था। चिड़ियाघर के कर्मचारी को घायल किया था। इसके बाद, उसे लंबे समय तक जंजीरों से बांधा गया, जिससे उसके पैरों में घाव और मवाद बन गया। दिल्ली चिड़ियाघर के अधिकारी ने बताया कि पिछले महीने चेन हटा दी गई थी और अब उसे पट्टे से बांधकर रखा गया है।

## जो बच्चा क्लास में जय हिंद नहीं बोलेगा

### उसे भोपाल लाकर समझा दूंगा- मंत्री के बयान पर बवाल



रतलाम, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में जय हिंद बोल कर हाजिरी लग रही है। जो भी बच्चा जय हिंद नहीं बोलेगा, उसे वह भोपाल ले जा कर समझा देंगे। मंत्री विजय शाह रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री भी है और उन्होंने यह बयान रतलाम के मांगलिक भवन में आयोजित कार्यकर्ताओं की मीटिंग में दिया। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर बच्चों की उपेक्षा पर नाराजगी प्रकट की। कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जिन बच्चों को 13 या 18 का पहाड़ा नहीं आता, मास्टर जी उसे पीछे बैठा देते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज जरूरत यह है कि कमजोर बच्चों को आगे लाया जाए। ठीक इस प्रकार समाज में भी दबे कुचले लोगों को भी आगे बढ़ने में मदद कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य में एक सितंबर से स्कूलों में बच्चों की हाजिरी जय हिंद कह कर लगने वाली है। यह सबके लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वह रतलाम के प्रभारी मंत्री है, इसलिए इस व्यवस्था को लागू कराना उनकी जिम्मेदारी है।

**मंदिर के कलश जैसे पार्टी कार्यकर्ता**

उन्होंने कहा कि रतलाम में यदि कोई बच्चा जय हिंद नहीं बोलता है तो वह उसे भोपाल ले जाकर समझा देंगे। इस बैठक में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दबंगता से बात रखने की सीख दी। कहा कि बात तार्किक और वजनदार तरीके से रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जितना महत्व किसी मंदिर के शिखर पर लगे कलश का होता है, उतना ही बीजेपी में पार्टी कार्यकर्ताओं का होता है। कार्यकर्ताओं की वजह से ही डॉ। मोहन यादव आज सीएम हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

**विपक्ष ने की आलोचना**

इसलिए उन्होंने फिर दोहराया कि किसी भी पार्टी का अस्तित्व उसके कार्यकर्ताओं से है, इसलिए उनके सम्मान में कमी नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने स्कूलों में बच्चों को प्रार्थना के समय तिरंगा लहराने और हाजिरी में जय हिंद बोलने की अपील की। रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री का यह बयान सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। वहीं विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इसे अहंकार बताते हुए कड़ी आलोचना की है।

## ममता बनर्जी पर भड़के गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस और आरजेडी को भी नहीं छोड़ा



पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी हार चुकी हैं। अपनी लोकप्रियता खो चुकी हैं, इसलिए वो अलोकतांत्रिक भाषा बोल रही हैं। संघीय ढांचा को तोड़ रही हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव हों, तेजस्वी यादव हों, राहुल गांधी हों, इनके लिए बेटियों का बलात्कार बंगाल में नहीं दिखता है। ये ममता बनर्जी के साथ दिखते हैं। गिरिराज सिंह गुरुवार को पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान सवालों के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने जमकर हमला किया। इस सवाल पर कि ममता बनर्जी कह रही हैं वो इस्तीफा नहीं देंगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस्तीफा दें। बंगाल जलेगा तो बिहार जलेगा, ओडिशा और झारखंड भी जलेगा। इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि ये जुबान किसी लोकतांत्रिक व्यक्ति का हो ही नहीं सकता है। ममता बनर्जी जो नॉर्थ कोरिया के प्रेसिडेंट हैं किम जोंग वो अपने विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करते ठीक उसी तरह ममता बनर्जी अपने विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करती हैं। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वक्फ बोर्ड को लेकर भी बयान दिया। इस सवाल पर कि पटना से सटे फतुहा के एक गांव को वक्फ बोर्ड ने नोटिस दे दिया है। इस पर गिरिराज सिंह ने कहा, वक्फ बोर्ड असंवैधानिक है। संविधान में कहीं भी वक्फ बोर्ड की कोई जगह नहीं है। एक और सवाल के जवाब में गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी पूरे भारत को वोट के लिए उन्होंने उनके नेता ने कहा कि हम भारत को जला देंगे बांग्लादेश की तरह। वही काम वो कर रहे हैं।

## रेस्तरां में कत्ल

### हरनीत के शरीर पर मिले चोट के निशान. इस वजह से हुई मौत; युवक का सिर्फ ये था कसूर

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के टैगोर गार्डन के काफिला रेस्तरां में मंगलवार रात करीब तीन बजे चाइनीज खाने के ऑर्डर में देरी का कारण जब एक युवक ने स्टाफ से पूछा तो उससे झगड़ा करने लगे। स्टाफ ने फोन मालिक को सूचना दे दी। इसके बाद होटल के मालिक व साथियों ने हरनीत सिंह सचदेवा (29) को लात-घूंसों, डंडों व कबाब बनाने वाली लोहे की सीक से बेहरमी से पीटा। जख्मी हालत में हरनीत को उसके दो दोस्त नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर रेस्तरां मालिक अजय नरूला (55) व बेटे केतन नरूला (24) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

## जीआरपी थाने में लाठियों की बौछार करने वाली एसएचओ अरुणा वाहने कौन है ? सीरियल से मिली सीख

कटनी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जीआरपी थाने में एक महिला और उसके रिश्तेदार के साथ मारपीट के मामले में विपक्ष मध्य प्रदेश सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस ने कहा कि मध्य प्रदेश में दलितों पर अत्याचार नहीं रुक रही। इन सब के बीच कटनी जीआरपी थाने में लाठियां की बौछार करने वाली जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने सुर्खियों में आ गई हैं। पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद से भर्ती होने वाली अरुणा वाहने मध्य प्रदेश के कई शहरों में सेवाएं दे चुकी है। वह जबलपुर में भी पदस्थ रही हैं। उन्होंने 1 साल पहले अगस्त 2023 में जीआरपी (जीआरपी) थाना कटनी में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद से ही वे अभी तक जीआरपी थाने में ही पदस्थ है। जीआरपी थाने में एक महिला और उसके रिश्तेदार के साथ मारपीट करने के मामले में अरुण वाहने सुर्खियों में आ गई है।

**थाना प्रभारी ने उसकी मां के साथ की है मारपीट**

यह बताया जा रहा है कि अरुणा वाहने जिस महिला के साथ मारपीट की है उसका नाम कुसुम है। वह कुख्यात बदमाश दीपक वंशवार की मां है जो कि जीआरपी थाने का वांटेड इनामी बदमाश था। उसका पता लगाने के लिए महिला थाना प्रभारी ने उसकी मां के साथ मारपीट की है। हालांकि दीपक की मां का कहना है कि घटना के बाद से ही बीमार चल रही है। वायरल वीडियो में जीआरपी थाना प्रभारी एक लड़के के साथ भी मारपीट कर रही है जो कि कुसुम का पोता बताया जा रहा है। दोनों को ही जीआरपी थाना प्रभारी ने झर्रा टिकुरिया स्थित उनके घर से पकड़ा था। इस पूरे मामले को लेकर जब जीआरपी थाना प्रभारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद आया।





**दबंग महिला पुलिस अधिकारियों में गिनती**

जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उन्हें बचपन से ही पुलिस अधिकारी बनने का सपना था। उन्होंने उड़ान सीरियल देखकर अपने जीवन में कई कदम उठाए। महिला थाना प्रभारी ने यह भी इंटरव्यू के दौरान कहा कि उनके परिवार ने कभी उन्हें लड़के लड़की के भेद के मुताबिक परवरिश नहीं की। वे चाहती है कि मध्य प्रदेश में सभी लड़कियां और महिला बेखौफ होकर शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी कर सके।

**कौन है दीपक वंशवार ?**

कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन का कहना है कि दीपक वंशवार जिले का कुख्यात बदमाश है। उसे जीआरपी कटनी ने नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ उस समय 19 अपराध दर्ज थे। आरोपी दीपक पर 10,000 रुपये का इनाम भी रह चुका है। उसके पकड़े जाने के बाद जिला बदर भी किया गया था। हालांकि कटनी एसपी ने कहा कि कटनी के किसी भी थाने में दीपक वांटेड नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे मामले का कटनी शहर और जिले की पुलिस से लेना देना नहीं है। यह मामला वीडियो वायरल होने के बाद संज्ञान में आया था, जिसके चलते एडिशनल एसपी को पूरा मामले की सच्चाई का पता लगाने को कहा गया था।

## बदले नियमों से हाजियों के सामने नई मुश्किलें पति-पत्नी के बीच रहेगा पर्दा; और क्या बदला



भोपाल, 29 अगस्त (एजेंसियां)। नई हज नीति के तहत होने वाले इस बार के हज सफ़र में बहुत कुछ बदला हुआ नजर आने वाला है। इन बदलाव में एक बड़ा परिवर्तन उम्र का भी है। जिसमें रिजर्व कैटेगिरी की उम्र 70 से घटाकर 65 साल कर दी गई है। इस नियम के तहत यह भी पाबंदी कर दी गई है कि अब हज सफर के दौरान पति पत्नी एकसाथ कमरे में नहीं रुक सकेंगे। उन्हें होटल के अलग अलग कमरों में ठहरना पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक अब हज यात्रा के दौरान भारतीय पति- पत्नी को आपस में पर्दा करना जरूरी होगा। सऊदी अरब सरकार ने बड़े बदलाव करते हुए अब तक जारी छूट को खत्म कर दिया है। सरकार के नए नियम के अनुसार 2025 से हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय पति-पत्नी एक ही कमरे साथ में नहीं ठहर सकेंगे। हज यात्रा को लेकर हज कमेटी ऑफ इंडिया ने गाइडलाइन जारी कर दी हैं। कमेटी के मुताबिक हज के दौरान भारतीय पति- पत्नी के एक कमरे में ठहरने की शिकायत आती थी।

कमरे में पति पत्नी के साथ रहने से उनके बीच बेपर्दगी रहती है। दूसरे देशों से यात्रा में शामिल होने वाले पति-पत्नी अलग- अलग कमरों में ठहरते हैं। सिर्फ भारतीय दंपति को साथ ठहरने की छूट गई थी। जिसे अब खत्म कर दिया गया है। इसको लेकर हज कमेटी ने भी अरब सरकार को जानकारी दी थी। हज कमेटी के मुताबिक इस समस्या से निपटने के लिए नियम भी बनाए गए हैं। भारतीय पति-पत्नी के कमरे आसपास रखे जाएंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर वह एक दूसरे की मदद कर सकें। हज यात्रियों को जिस होटल में ठहराया जाएगा, उसके हर फ्लोर पर एक रिसेप्शन की व्यवस्था रहेगी, ताकि दंपति इस जगह बैठकर बातचीत कर सकें।

## सिविल ड्रेस में किराये की गाड़ी में गए रेंजर और अवैध उत्खनन पर की कार्रवाई, दो ट्रेक्टर पकड़े

दमोह, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में हटा वनपरिक्षेत्र के रेंजर ऋषि तिवारी ने बुधवार शाम को सिविल ड्रेस में किराये की गाड़ी का उपयोग कर बटियागढ़ क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने अवैध पत्थरों से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। रेंजर तिवारी ने बताया कि कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि बटियागढ़ के जंगली इलाके से खनन माफिया बड़े पैमाने पर अवैध पत्थर निकालकर बेच रहे हैं। इस पर कार्रवाई के लिए उन्होंने अवैध उत्खनन करने वालों की रैकी की और बुधवार को किराए की गाड़ी में सिविल कपड़ों में क्षेत्र का भ्रमण किया। इस योजना का उद्देश्य था कि किसी को शक न हो और वे माफिया को पकड़ सकें। सीगोन गांव के पास, वन विभाग की टीम ने देखा कि दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जंगल से अवैध पत्थर लादकर ले जा रहे थे। तुरंत कार्रवाई करते हुए इन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया और उन्हें बटियागढ़ पुलिस थाना परिसर में रखा गया।

**सरकारी वाहन से बचने की कोशिश**

रेंजर तिवारी ने बताया कि वन माफिया अक्सर सरकारी वाहन देखकर भाग जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। इसी कारण उन्होंने इस बार नई योजना बनाकर किराए की गाड़ी का उपयोग किया और सफलता हासिल की। इस पूरी कार्रवाई में रेंजर तिवारी के साथ डिप्टी रेंजर जगदीश सैनी भी मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्तों के आतंक से भय के माहौल में रहने को मजबूर लोग, कई बच्चों को काटा

ग्रेटर नोएडा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सेक्टर एमयू 2 में आवारा कुत्तों ने ऐसा आतंक बरपाया हुआ है कि निवासियों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। सेक्टर के लोगों ने बताया कि कुत्ते आए दिन कसी न किसी बच्चे, महिला, बुजुर्गों और साइकिल व मोटरसाइकिल सवारों पर हमला करके जख्मी कर रहे है। बीते दिनों पहले एक बच्चा जोकि पार्क में खेल रहा था उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिसके बाद उसे पास के ही स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया गया। जिससे भयभीत होकर खेलना कूदना छोड़कर बच्चे घरों में डरे सहमे रहते है। उनका कहना है कि कुत्तों के झुंड में कम से कम डेढ़ से दो दर्जन तक के कुत्ते रहते हैं और एक झुंड में रहने से इनका आतंक भी तेजी से बढ़ जाता है।

## हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब ! दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और मंत्री



शिमला, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती चली जा रही है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। इस वक्तव्य में सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। राज्य का राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और मुख्य संसदीय सचिव आने वाले दो महीने तक अपने वेतन और भत्ते विलंबित करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन के अन्य सदस्यों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। सीएम सुक्खू ने सदन में कहा, "प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। इसके कई कारण हैं। रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट, जो वर्ष 2023-24 में 8 हजार 058 करोड़ रुपये थी। वह इस वर्ष 1 हजार 800 करोड़ रुपये कम हो कर 6 हजार 258 करोड़ रुपये हो गई है। अगले वर्ष 2025-26 में यह 3 हजार करोड़ रुपये और कम हो कर 3 हजार 257 करोड़ रुपये रह जाएगी। पीडीएनए की लगभग 9 हजार 042 करोड़ रुपये की राशि में से केंद्र सरकार से अभी तक कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई है। एनपीएस कंट्रीब्यूशन के लगभग 9 हजार 200 करोड़ रुपये पीएफआरडीए से प्राप्त नहीं हुए है, जिसका हम केन्द्र सरकार से कई बार अनुरोध कर चुके हैं।" सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जीएसटी कंपनसेशन जून 2022 के बाद मिलना बंद हो गया है, जिससे हर साल करीब 2 हजार 500 से 3 हजार करोड़ की आय कम हो गई है। ओपीएस बहाल करने के कारण सरकार की कर्ज लेने की भी लगभग दो हजार करोड़ से कम कर दी गई है। इन परिस्थितियों से पार पाना आसान नहीं है। हिमाचल प्रदेश सरकार की आय बढ़ाने और अनुत्पादक व्यय कम करने का प्रयास किया है। इन प्रयासों के परिणाम आने में समय लगेगा।" बता दें कि कुछ दिन पहले सीएम के मुख्य सलाहकार गोकुल बुटैल ने भी साल के अंत तक सैलरी ना लेने का ऐलान किया था। उनके अनुरोध के बाद हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर बताया था कि गोकुल बुटैल द्वारा 31 दिसंबर तक हर महीने सैलरी के रूप में केवल 1 रुपये लेने के अनुरोध को राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया है।

**सीएम के मुख्य सलाहकार ने 1 रुपये सैलरी लेने का किया ऐलान**

ऐसा बताया गया है कि बुटैल राज्य के आर्थिक कल्याण के लिए यह फैसला ले रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक हिमाचल प्रदेश पर फिलहाल 85 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। बुटैल ने कहा कि " मैंने स्वेच्छा से इस वित्त वर्ष में हर महीने सैलरी के रूप में केवल एक रुपये लेने का फैसला किया है।"

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 30 अगस्त- 2024

# आखिर कब तक भुगतेंगे ?

बांग्लादेश से सटा हुआ है पश्चिम बंगाल। जिसकी राजधानी कोलकाता इन दिनों लहूलुहान है। आए दिन धरना-प्रदर्शन और बंद के दर्द से कोलकाता कराहने लगा है। आखिर इसे रोता-बिलखता और आँसुओं के खारे सागर में डूबता हुआ देश कब तक देखेगा। कोलकाता चुप रहना चाहता है, लेकिन राजनीति ने इस बडे और खूबसूरत शहर को निगलने में कोई कसर बाकी नहीं रखा है। इन्हीं बातों से आजिज आकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का धैर्य भी जवाब दे गया और उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि बस, अब बहुत हो चुका है। अब अपराधों पर रोक लगना ही चाहिए। महिला अपराधों पर राष्ट्रपति ने कहा कि कि हमें इस विकृति से निपटना ही होगा। बता दें कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में एक डाक्टर थी, जिसे एक दरिंदे ने अपनी हवस का शिकार बना लिया। अपनी करतूतों को छुपाने के लिए उसने उक्त महिला डाक्टर की निर्दयता से हत्या भी कर दी। बस फिर क्या था, जिसने भी इस दर्दनाक मसले को सुना वही गुस्से से भर गया। आखिर कोलकात के भद्रलोक की बात जो थी। बडी संख्या में डाक्टर सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र विरोध में सडकों पर उतर गए। जमकर नारेबाजी हुई ताकि सरकार व शासन की नींद खुल सके। राजनीतिक रैलियाँ, मोर्चों और नारों के बीच ऐसा हंगामा हुआ कि कोलकाता का दर्द कहीं खो गया। सरकार और विपक्ष अपने-अपने दावे और दृष्टिकोण लेकर मैदान में उतर पडे। कोई इसे बांग्लादेश वाली स्थिति में ले जाने की बात करने लगा तो कोई शांति बहाली की बात करने लगा। आंदोलनकारियों से कहा गया कि ठीक है! न्याय के लिए गुहार लगाइए। रैलियाँ भी कीजिए। मोर्चे भी बाँधिए। लेकिन इन सबकी दिशा तो सुनिश्चित कीजिए कि आख़िर कहाँ जाकर इसका त्वरित न्याय मिलेगा? ... और फिर इसकी गारंटी क्या है कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी? इस दिशा में क्या और कैसे कदम उठाने चाहिए, इस पर भी तो विचार होना चाहिए। कोई इस दिशा में सोच भी रहा है या नहीं। अगर नहीं तो ज़िम्मेदारों और आमजन को भी तुरंत इस तरफ़ या इस बाबत सोचना ही चाहिए। वे उपाय खड़े करने चाहिए जिनके कारण इस तरह की किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। सवाल यह है कि हर बार जब इस तरह की घटना होती है तो हम सरकारों और राजनीतिक नुमाइंदों को कोसने लगते हैं। कुछ दिन बाद ही यह सब भूल भी जाते हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सही कहा है कि इस तरह की घटनाओं को कुछ ही दिनों में भूल जाने की हमारे समाज की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। सही है, नहीं भूलेंगे तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। भूल ज़ाया करेंगे तो निश्चित ही यह सब बार- बार होता रहेगा। जैसा कि अभी हो भी रहा है। होनी तो यह चाहिए कि इस तरह के अपराधों पर न्याय में देरी न हो। तुरंत और त्वरित न्याय प्रक्रिया अपनाकर दोषियों को दण्डित किया जाना चाहिए। फैसलों से बचने, उनमें गलियाँ निकालकर मामलों को लम्बा खींचने के तमाम प्रयासों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। ताकि अपराधियों में न्याय का ख़ौफ़ पैदा हो सके। वे अपराध करने से पहले दण्ड या सजा को सोच कर ही काँप उठें। आख़िर कब तक हम ऐसी घटनाओं को भूलते रहेंगे? कब तक भुगतते रहेंगे? आखिर कहीं तो जाकर इस पर अंकुश लगाने की कोशिश होनी चाहिए।

# दो अरब लोगों को पौष्टिक आहार की दरकार



डॉ. राजेन्द प्रसाद शर्मा

अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान आईएफपीआरआई द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट इस मायने में और अधिक गंभीर हो जाती है कि लाख प्रयासों के बावजूद दुनिया की बहुत बड़ी आबादी को पोष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 2.2 अरब आबादी आज भी पोष्टिक आहार से वंचित है। इसके कारण कुपोषण बढ़ रहा है और लोग बीमारियों का आसान शिकार बन रहे हैं। मजे की बात यह है कि हमारी आदतों के कारण बहुत बड़ी मात्रा में एक और भोजन की बर्बादी हो रही है तो हमारी व्यवस्थाओं के चलते बड़ी मात्रा में या तो खाद्यान्न बेहतर रखरखाव के अभाव में खराब हो जाता है या फिर पोस्ट हार्वेस्टिंग गतिविधियों को विस्तारित व काश्तकारों तक तकनीक की पहुंच नहीं होने के कारण खराब हो जाता है। यानी की एक और हमारी आदतों के कारण तो दूसरी और खाद्यान्नों को सहेज के रखने की सही व्यवस्थाओं के अभाव में बेकार हो जाता है और इसका सीधे सीधे खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब इस तरह की रिपोर्ट जारी हो रही हो, बल्कि आईएफपीआरआई का यह सालाना कार्यक्रम है और पतिवर्ष इस तरह की रिपोर्ट जारी होती है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि हालात में सुधार हो रहा है पर जिस तरह का सुधार होना चाहिए था वह हो नहीं हो पा रहा है। यह किसी एक देश की समस्या हो ऐसा भी नहीं है, कमोबेस यह हालात दुनिया के अधिकांष देशों में हैं। हां अंतर इतना है कि कम आय वाले देशों में समस्या अधिक गंभीर है।

यह तो साफ हो गया है कि कुपोषण के कारण या यों कहे कि पौष्टिक आहार की सहज उपलब्धता नहीं होने के कारण सीधे सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार यदि लोगों को पौष्टिक आहार मिलने लगे तो पांच में से एक जान तो आसानी से बचाई जा सकती है। पौष्टिक भोजन नहीं मिलने की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 14.8 करोड़ बच्चे अविकसित हो रहे हैं तो 4.8 करोड़ बच्चे कम वजनी हो रहे हैं। केवल पौष्टिक आहार नहीं मिलने के कारण ही 50 लाख लोग डायबिटिज के शिकार हो रहे हैं। अधिक वजन और मोटापा आम होता जा रहा है। कुपोषण के कारण गैर संचारी बीमारियों की गिरफ्त आते जा रहे हैं। हांलाकि दुनिया के देशों की सरकारें लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। पर इसके प्रमुख कारणों में से सहज उपलब्धता, पहुंच का अभाव, सामर्थ्य यानी कि गरीबी या पर्याप्त आय नहीं होना है। सबसे अधिक वैश्विक स्तर पर हालातों से निपटने के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। दुनिया के देषों को मांग और आपूर्ति की व्यवस्था को भी देखना होगा। इस सबके साथ ही हमारी बदलती जीवन शैली जिसमें अपौष्टिक खाद्य व पेय पदार्थों का सेवन आम होता जा रहा है उस पर भी रोक लगानी चाहिए और जब तक सरकारों के प्रयास सफल नहीं होते तब तक हमें भी हमारी आदतों को सुधारने की पहल करनी ही होगी।

# प्रशांत महासागर का जलस्तर बढ़ा-बडे भूभाग के डूबने का खतरा



किशन सनमुखदास भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में अब ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव भारी मात्रा में देखने को मिल रहें है। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन,नाटो से लेकर अफ्रीकी यूनियन तक और संपूर्ण एशिया से लेकर भारत तक याने ग्लोबल साउथ से लेकर ग्लोबल नॉर्थ तक हमें बेमौसम वर्षा गर्मी ठंड दूषित वातावरण लैंडस्लाइड पहाड़ों का खसकना,अनेकप्रकार के तूफान सहित अनेको प्राकृतिक आपदाएं विपदाएं हमें रोजाना प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया के माध्यम से पढ़ने व सुनने को मिलती है, जिसे हम शायद कुदरत का नाम देकर अपने मन को तसल्ली दे देते हैं, परंतु इस वैज्ञानिक युग में हर उस गतिविधि का संज्ञान लेकर, उसके वैज्ञानिक कारणों को रेखांकित किया जाता है, जिसमें कुदरती आफत शब्द का कोई स्थान नहीं है। मेरा मानना है कि इस प्रकृति के सौहार्दपूर्ण व्यवस्था को बिगाड़ना आम नागरिक के साथ-साथ एक माफिया वर्ग का खेल बहुत अधिक है, जो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर सारी सृष्टि को खतरे में डाल रहे हैं व अपने बचाव के लिए कि हम पर एक्शन ना हो इसके लिएबढ़ते ढलते कदमों वाली संस्थाएं बनाकर संस्थापक हो जाते हैं। हालांकि 2015 में पेरिस में हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में 196 देश द्वारा बातचीत कर तापमान अधिमानत वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक करने पर सहमति बनी जो पेरिस समझौते के नाम से भी जाना जाता है, इसपर 2016 में सभी देशों के हस्ताक्षर हुए थे। अब मंगलवार दिनांक 27 अगस्त 2024 को संयुक्त राष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन की एक रिपोर्ट आई है जिसने सबको डरा दिया है, क्योंकि रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तरपर समुद्र के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है जीवाश्म इंधनों के लगातार जलने से बढ़ते धरती के तापमान के कारण शक्तिशाली व मोटी बर्फ की चट्टानें पिघल रही है,व पानी का विस्तार हो रहा है संपूर्ण प्रशांत महासागर में जलस्तर बढ़ने से ऑस्ट्रेलिया के उत्तर व पूर्व के डूबने का खतरा बढ़ गया है। 25 सितम्बर 2024 को, वैश्विक नेता व विशेषज्ञ संयुक्तराष्ट्र मुख्यालय में एक अहम बैठक के लिए जुटेंगे, जहाँ इस ख़तरे से निपटने के उपायों की तलाश की जाएगी। चूंकि मानवीय गतिविधियों नें हमें जिंदा रखने व सुरक्षा देने कीमहासागरों की क्षमता को कमजोर कर दिया है,व संयुक्त राष्ट्र मौसमी विज्ञान संगठन की डराने वाली रिपोर्ट आई है, कि प्रशांत महासागर का जलस्तर बढ़ा है जिससे द्वापीय देशों के बड़े भूभाग डूबने का खतरा पैदा हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ग्लोबल वार्मिंग की वजह से महासागरों के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी, प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन रोकने व पर्यावरण सुरक्षा में सबका योगदान जरूरी है। साथियों बात अगर हम 27 अगस्त 2024 को संयुक्तराष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन की डरावनी रिपोर्ट की करें तोग्लोबल वार्मिंग की वजह से धरती की सतह का तापमान लगातार बढ रहा है। इसकी वजह से पृथ्वी पर गर्मी बढ़ रही है, जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं और महासागरों के जलस्तर में भारी बढोतरी हो रही है।इस बीच संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रशांत महासागर का जलस्तर वैश्विक औसत से अधिक बढ़ रहा है।

इससे निचले द्वीपीय देशों के बड़े भूभाग के डूबने का खतरा मंडरा रहा है वैश्विक स्तरपर, समुद्र के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जीवाश्म ईंधनों के लगातार जलने से बढ़ते धरती के तापमान के कारण शक्तिशाली और मोटी बर्फ की चट्टानें पिघल रही हैं। गर्म होते महासागरों के कारण पानी के मॉलिक्यूल्स का विस्तार हो रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट से पता चला है कि प्रशांत महसागर क्षेत्र के दो माप क्षेत्रों,ऑस्ट्रेलिया के उत्तर और पूर्व में औसत वार्षिक वृद्धि काफी अधिक है। पिछले तीन दशकों में यह वैश्विक वृद्धि प्रति वर्ष 3.4 मिलीमीटर की थी। विश्व मौसम संगठन केमहासचिव ने टोंगा में एक फोरम में क्षेत्रीय जलवायु रिपोर्ट 2023 के विमोचन के मौके पर जारी एक बयान में कहा,मानवीय गतिविधियों ने हमें जिंदा रखने और सुरक्षा देने की महासागरों की क्षमता को कमजोर कर दिया है और हम समुद्र के स्तर में वृद्धि के जरिए एक आजीवन रहने वाले मित्र को खतरों में बदल रहे हैं। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में प्रशांत क्षेत्र में तूफान और बाढ़ जैसे 34 से अधिक खतरे सामने आए, इसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। विश्व मौसम संगठन के प्रवक्ता ने कहा कि प्रशांत महासागर के द्वीपों पर बढ़ते जलस्तर का प्रभाव अत्यधिक होगा, क्योंकि उनकी औसत ऊंचाई समुद्र तल से केवल एक या दो मीटर ही है। साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के इसपर बयान की करें तो उन्होंने कहा प्रशांत द्वीप समूह बढ़ते समुद्री स्तर से गंभीर खतरे में हैं।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा है कि बड़े प्रदूषकों की स्पष्ट जिम्मेदारी है कि वे उत्सर्जन में कटौती करें अन्यथा विश्वव्यापी तबाही का खतरा होगा।टोंगा में प्रशांत द्वीप मंच के नेताओं की बैठक में उन्होंने कहा, प्रशांत क्षेत्र आज दुनिया का सबसे असुरक्षित क्षेत्र है। प्रशांत क्षेत्र के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है और यही कारण है कि मैं यहाँ हूँ।छोटे द्वीप जलवायु परिवर्तन में योगदान नहीं करते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली हर चीज यहां कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन अंततः समुद्र का उफान हम सभी पर आ रहा है, उन्होंने फोरम में अपने भाषण में चेतावनी दी, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने बढ़ते समुद्री स्तर और प्रशांत द्वीप देशों के लिए इसके खतरे पर दो अलग-अलग रिपोर्ट जारी की हैं।विश्व मौसम विज्ञानसंगठन के दक्षिण पश्चिम प्रशांत क्षेत्र में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को तीन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,समुद्र के स्तर में तेजी से वृद्धि, महासागर का गर्म होना और अम्लीकरण,समुद्र की अम्लता में वृद्धि, क्योंकि यह अधिक से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर रहा है।उन्होने फोरम में अपने भाषण में कहा,कारण स्पष्ट हैः ग्रीनहाउस गैसें,जो मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के जलने से उत्पन्न होती हैं,हमारे ग्रह को नष्ट कर रही हैं। एक बड़े बैनर पर लिखा था,हम डूब नहीं रहे हैं, हम लड़ रहे हैं। एक अन्य बैनर पर लिखा थाःसमुद्र का स्तर बढ़ रहा है,इसलिए हम भी बढ़ रहे हैं।यह एक ऐसी चुनौती की याद दिलाता है जो दुनियां को नष्ट करने की धमकी देती है।संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई दल ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसका नाम है गर्म होती दुनिया में बढ़ते समुद्र यह दर्शाता है कि वैश्विक औसत समुद्र स्तर पिछले 3,000 वर्षों में अभूतपूर्व दर से बढ़ रहा है। साथियों बात अगर हम संगठन के चल रहे 53 वीं बैठक सम्मेलन की करें तो,सम्मेलन में उपस्थित अनेक प्रशांत द्वीपवासियों ने सबसे बड़े क्षेत्रीय दाता और उत्सर्जक ऑस्ट्रेलिया का उल्लेख किया।इस वर्ष की शुरुआत में, पीएम एंथनी अल्बानीज़ ने कहा था कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के आह्वान के बावजूदऑस्ट्रेलिया 2050 और उसके बाद तक गैस के निष्कर्षण और उपयोग को बढ़ाता रहेगा,उन्होंने कहा, बड़े प्रदूषकों की एक आवश्यक जिम्मेदारी है।इसके बिना, विश्व 2015 में पेरिस समझौते में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर जाएगा। इस समझौते का उद्देश्य सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे सीमित रखना है, तथा तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सुरक्षित सीमा के भीतर रखने के लिए प्रयास जारी रखना है।


# प.बंगाल में आंसूगैस लाठी के बाद विरोधियों पर बम और गोली!



मनोज कुमार अग्रवाल

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जब सैकड़ों छात्रों ने 'नबन्ना मार्च' के तहत सचिवालय भवन का घेराव किया, तो पुलिस ने उनका रास्ता रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, लाठी चार्ज किया और पानी की बौछार की। लेकिन हद तो तब हो गई जब बुधवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के बारह घंटे के बंद के दौरान भाटपाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रियंगु पांडे के ऊपर बम और गोलियों से हमला किया गया। यह हमला उस वक्त हुआ जब वे अपने समर्थकों के साथ बंद में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। यह वारदात पश्चिमी बंगाल में कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत को बयान करती है वहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध के अधिकार पर हो रही गुंडई और अराजकता को भी बता रही है। यह हालात बताते हैं कि प.बंगाल में किसी वीभत्स वारदात का विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार भी सरकारी पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडे छीन रहें हैं। भाजपा नेता प्रियंगु पांडे के अनुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह पार्टी के नेता अर्जुन सिंह की दफ्तर की ओर जाने के लिए निकले थे। जब उनकी गाड़ी मेन रास्ते पर आई और करीब तीन मिनट के अंदर एंगलो इंडिया जूट मिल स्टाफ क्वार्टर के पास पहुंची। उन्होंने कहा,'इसी बीच लोकल म्यूनिसिपलिटि का जेटिंग मशीन रास्ते को जाम कर बंद देता है। इसी दौरान 50 से 60 लोग गाड़ियों पर बम चलाना शुरू कर देते हैं। पूरा धुआं-धुआं हो गया। इसी बीच भीड़ में से कुछ लोग मुझे टारगेट करके गोलियां चलाना शुरू कर देते हैं। उनके ड्राइवर और पीछ बैठे कार्यकर्ता को गोली लगी है। इस मामले पर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने चुप्पी साध रखी है जबकि इन दलों के नेता खुद को लोकतंत्र और संविधान का सबसे बड़ा हिमायती बताते हैं लेकिन कोलकाता जाने तक की जहमत राहुल - प्रियंका में से किसी ने नहीं उठायी है। क्या यही है इनकी महिला सुरक्षा में आस्था? ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार, 27 अगस्त को बड़ी संख्या में छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।छात्रों ने इसे 'नबन्ना अभियान' नाम दिया। इसे रोकने के लिए सरकार ने 6000 पुलिस जवान तैनात किए। हावड़ा ब्रिज को सील कर दिया गया। रैली दोपहर एक बजे शुरू हुई, लेकिन नबन्ना तक नहीं पहुंच सकी। इसकी वजह पुलिस की बैरिकेडिंग रही। कई रास्तों को बंद किया। ड्रोन से निगरानी की गई।छात्रों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन चलाई। पुलिस की कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी जख्मी हुए। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारी 'नबन्ना अभियान' के तहत कॉलेज चौराहे से नबन्ना तक जाना चाहते थे।कोलकाता के हावड़ा ब्रिज, हेस्टिंग्स और नबन्ना प्रदर्शन के सेंटर रहे।वहीं दूसरी ओर कोलकाता कांड की जांच कर रही सीबीआई को पता चला है कि आरोपी दरिंदा संजय जिस बाइक को इस्तेमाल कर रहा था वह पुलिस कमिश्नर कोलकाता के नाम पर बतौर सरकारी बाइक दर्ज है। इस से साफ होता है कि आरोपी एक पुलिस बाइक पर घूम रहा था और लड़की छेड़ने से लेकर रेडलाइट एरिया तक इसी बाइक का इस्तेमाल कर रहा था। आपको बता दें कि आज का प्रदर्शन छात्रों के द्वारा किया गया लेकिन पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज के आंदोलन व प्रदर्शन को बाम और राम यानि भाजपा और वामपंथी दलों के द्वारा प्रायोजित बताया। अब सवाल उठता है कि जिस तरह कोलकाता के रेप-मर्डर केस को लेकर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठी आंसू गैस और वाटरकैनन का इस्तेमाल कर बर्बरता से दबाया गया उस पर इंडी गठबंधन के किसी भी दल के किसी भी नेता ने प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। जो कांग्रेस और अन्य दलों के नेता हाथरस कांड पर हर कीमत पर हाथरस पहुंच कर योगी सरकार के खिलाफ बयान बाजी कर रहे थे लेकिन कोलकाता के इतने संगीन अपराध के मामले में उनकी जुबान पर ताला और पैरों में बेडिया पड़ गई। यह इस देश में चल रही मौकापरस्त राजनीति का शर्मनाक नजीर है। अब छात्रों को हिरासत में लेने के खिलाफ भाजपा ने कल 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। इस पर ममता सरकार ने कहा कि कल बंद नहीं रहेगा। सरकारी कर्मचारी ऑफिस पहुंचें।कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'विपक्ष और सत्तारूढ़ दल को एक साथ बैठकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से हो।'तृणमूल कांग्रेस की सांसद सयानी घोष ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को गुंडागर्दी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये बिल्कुल गुंडों जैसा है। इसमें मुश्किल से ही कोई महिला नजर आ रही है। याद रहे आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की बॉडी मिली। इसके बाद देशभर के डॉक्टर सड़क पर उतर आए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने हड़ताल कैंसिल कर दी लेकिन कोलकाता के डाक्टर काम पर नहीं लौटे हैं और प्रदर्शन का दौर जारी है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच आज जमकर झड़प हुई। इस मे एक बार पत्थरबाजी भी हुई जिसमें एक पुलिसकर्मी चोटिल हो गया। वहीं सौ से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल में छात्र समाज के नबन्ना मार्च को लेकर बवाल मचा । इस मार्च को रोकने के लिए सरकार ने पूरी तैयारी की थी । ड्रोन, वाटर कैनन, और आंसू गैस के गोले तक तैनात किए गए । 'छात्र समाज' ने यह मार्च आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आयोजित किया । 'छात्र समाज. कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर उभरा एक संगठन है। ममता सरकार ने इस मार्च को अवैध करार देते हुए कहा है कि उसे शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की खुफिया जानकारी मिली है। वहीं भाजपा नेता दिलीप घोष ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वे दोषियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए लोग निराश हो रहे हैं और विरोध कर रहे हैं।कोलकाता में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल की कार्रवाई पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तीखी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की निंदा करते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि दीदी के बंगाल में बलात्कारियों का सम्मान हो रहा है। बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध है। कोलकाता पुलिस के कार्रवाई से लोगों के मन में गुस्सा है। आपको बता दें कि नबन्ना एक बिल्डिंग का नाम है और ये हावड़ा में है. दरअसल, प्रदेश के सचिवालय की बिल्डिंग को नबन्ना भवन कहा जाता है. अब इसके घेराव की तैयारी है, जिसे देखते हुए सचिवालय की सिक्योरिटी बढ़ाकर किलेबंदी कर दी है. ये एक 14 मंजिला इमारत है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के ऑफिस हैं।

# सुकून



रनू झा

मंद हवा, कभी काले बादल और कभी झमाझम बारिश.... बरसाती हवा को महसूस करते-करते कब यादों में खो गई पता ही नहीं चला । कॉलेज के मुख्य द्वार पर पहुँचते ही बूँदा-बाँदी शुरू हो गई। मैं बैग से छाता निकालने लगी। हवा इतनी तेज़ कि छाता बार-बार उलट जाएँ। दो-तीन प्रयास के बाद भी वही हाल। "सुपर्णा कहाँ जा रही हो?" अमृत की आवाज़ मैं पहचान गई। उसने फिर कहा –"बैठो! मैं घर छोड़ देता हूँ ।" मैंने कार का दरवाज़ा खोला और सामने के सीट पर बैठ गई । मेरे हाथ से छाता लेकर अमृत ने उसे पीछे की सीट पर रख दी । "तुम तो काफ़ी भींग गई हो। चलो मेरे घर और फिर अपनी बात पर दवाब देकर वह बोला, "मैं अपनी माँ के साथ रहता हूँ।" उन्हें भी तुम्हारी तरह कविता लिखने का शौक है।"– अमृत ने कहा। मैंने भी बिना कुछ सोचे हामी भर दी । अम्मा! सुपर्णा आई है।- दरवाज़ा खोलते ही अमृत ने कहा। पतली-सी काया लेकिन आँखों में तेज, आंटी व्हीलचेयर पर बैठी थी और गुलाबी रंग के धागे से क्रोशिये से एक झाल्लर जैसा कुछ बना रही थी। मैंने नमस्ते किया । "तुम पंखे के नीचे बैठ जाओ, चाहो तो मेरी सलवार-कमीज़ पहन लो। तुम्हारा ड्रेस मैं धोकर-सुखा दूँगी । कल अमृत तुम्हारे घर पहुँचा देगा।" मैंने उनकी बातों को काटते हुए कहा –" नहीं आंटी, ये बस पाँच-दस मिनट में सूख जायेगा । अमृत चाय बनाकर लाया । आंटी बताने लगी कि वो पहले गुरुद्वारा कमिटी की सदस्या थी । लोगों की मदद करने के लिए कई यात्राएँ की थी। उनके पिताजी गुरुद्वारा में खाना बनाने का काम करते थे । बचपन से ही सेवा भाव ऐसा कि किसी को मुसीबत भी देख ही नहीं पाती थी । बिना किसी बात की परवाह किये मदद के लिए तैयार रहती थी । पिछले साल असम के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में गई थी और वापसी में एक दुर्घटना का शिकार हो गई. रीढ़ की हड्डी में चोट है, शल्यचिकित्सा के बाद भी अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई । अब घर से ही गुरुद्वारा के हिसाब-किताब का काम करती है । मैं सोच में पड़ गई । जिन्होंने ख़ुद जिंदगी भर दूसरों की मदद की, आज उनकी ये हालत । शायद जिंदगी किसी फ़ॉर्मूला पर नहीं चलती है। अमृत ने मेरे आँखों की नमी देख ली। "क्या तुम्हें अम्मा दुखी लग रही हैं ?" –अमृत ने कहा। मैंने कहा कि नहीं! उनकी आँखों में मुझे सुकून और संतुष्टि दिख रही है । अब मैं भी उनके साथ सुकून से रहना चाहती हूँ ।

# दबाव मुक्त हों जाँच एजेंसियाँ



रजनीश कपूर

2014 से जब नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधान मंत्री बनने की तैयारी में अपना अभियान शुरू किया तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका आह्वान था, "न खाऊँगा न खाने दूँगा"। उनके प्रधान मंत्री बनने के बाद इसका असर भी फ़ौरन दिखाई दिया। केंद्र सरकार की नौकरशाही में यह संदेश गया तो ऐसा लगा जैसे अब जल्दी ही लाल फ़ीताशाही ख़त्म होगी। पर जैसे-जैसे समय बीतता गया, ये शुरुआती लक्षण ठंडे पड़ते गये। हालाँकि मोदी जी दो बार अपने बूते पर और तीसरी बार अन्य दलों की मदद लेकर सरकार की तीसरी पारी खेल रहे हैं। पर इन वर्षों में जिस बात ने सबको चौंकाया वो ये कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोदी जी का ये अभियान केवल विपक्षी दलों तक ही सिमट कर रह गया है। उनमें से भी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जिस विपक्षी दल के नेता मोदी जी और अमित शाह के शरणागत हो जाते हैं उनके सौ खून भी माफ़ कर दिये जाते हैं। इतना ही नहीं उन्हें संसद या मंत्री बना कर पुरुस्कृत भी किया जाता है। मोदी-शाह की इस रणनीति के हथियार बने हैं केंद्रीय जाँच एजेंसियाँ, जो लगातार 'हिज़ मास्टर्स वॉइस' की तर्ज़ पर काम कर रही हैं। इसलिए लगातार विपक्ष उन पर जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहा है, संसद में भी और संसद के बाहर भी। वैसे तो सीबीआई, आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय की छवि बड़े-बड़े मामलों को लम्बा खींचने या दबाए रखने की है। पर मोदी राज में ये चमत्कार हो रहा है कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर तो प्राथमिक कार्यवाही भी नहीं होती किंतु विपक्ष के नेताओं पर हवा की गति से कार्यवाही होती है। कई मामलों में तो केवल गवाह के बयान पर ही मुख्य मंत्री और बड़े-बड़े नेताओं को सीखचों के पीछे महीनों और सालों के लिए डाल दिया जाता है। यह आश्चर्यजनक है। हाल ही में सरकार की इस प्रवृत्ति पर कुछ रोक लगती नज़र आई है। बीते कुछ महीनों में जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के कई मामलों पर देश की जाँच एजेंसियों और सरकार को आड़े हाथों लिया है उससे यह संदेश गया है कि जाँच एजेंसियाँ राजनैतिक दबाव में काम कर रहीं हैं, निष्पक्षता से क़ानून के दायरे में नहीं। मान्य सिद्धांत यह है कि आरोपी चाहे किसी भी दल या विचारधारा को क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसकी जाँच निष्पक्षता से ही की जानी चाहिए। बेवजह किसी भी आम या ख़ास अपराधी को क़ानून की ग़लत धारा लगा कर जेल में रखना ग़लत है। उसी तरह किसी ख़ास रुतबे वाले कुख्यात अपराधी को भी क़ानून की धाराओं का ग़लत इस्तेमाल कर पैरोल दिलवाना भी ग़लत है। ज़ाहिर सी बात है कि जाँच एजेंसियों द्वारा ऐसी ग़लतियाँ बिना किसी दबाव के नहीं होती। ताज़ा उदाहरण दिल्ली शराब नीति घोटाले का है। जिस तरह शराब नीति घोटाले को लेकर आरोपी नेता एक के बाद एक ज़मानत पर छूट रहे हैं उससे जाँच एजेंसियों की 'जाँच' को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चुनावों से पहले और चुनावों के दौरान यह माहौल बनाया जा रहा था कि इन नेताओं का अपराध काफ़ी संगीन है, इसीलिए इन्हें ज़मानत नहीं मिल रही। परंतु लंबे समय तक कछुए की चाल चल रही इस मामले की 'जाँच' ने इन एजेंसियों की क्षमता को शक के घेरे में अवश्य खड़ा कर दिया है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख़ और सख़्त आदेश के बाद जाँच एजेंसियों द्वारा अपनाए गए दोहरे मापदंड का भी पर्दाफ़ाश हुआ। यदि जाँच एजेंसियाँ सभी आरोपियों को एक ही पैमाने से माँपेंगी तो जनता के बीच सही संदेश जाएगा, सिसोदिया हो, केजरीवाल हो, संजय राउत हो, या अन्य कोई आम आदमी, क़ानून की नज़र में सभी एक समान हैं। पर यह भी विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने इन वीआईपी आरोपियों के मामले में ये रुख़ पहले क्यों नहीं अपनाया? उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जाँच एजेंसियों पर निगरानी रखने के लिए 1997 के 'विनीत नारायण बनाम भारत सरकार (जैन हवाला कांड केस) के फ़ैसले ने केंद्रीय सतर्कता आयोग का पुनर्गठन किया था। जाँच एजेंसियों को निष्पक्ष और राजनैतिक दबाव से मुक्त करने की दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक फ़ैसला था।

ज़ाहिर सी बात है कि तमाम राजनैतिक दलों ने इसका विरोध भी किया। लेकिन उसके फ़ौरन बाद ही से जिस तरह जाँच एजेंसियों को 'पिंजरे में बंद तोता' और 'सत्तापक्ष के हथियार' के नामों से नवाज़ा गया है, यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं था। इसलिए यदि जाँच एजेंसियों को अपनी छवि सुधारनी है तो उन्हें भय मुक्त हो कर ही कार्य करना होगा। जाँच अधिकारी, चाहे छोटे पद पर हो या बड़े पद पर, उसे इस बात के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए कि यदि उसने किसी केस की जाँच को लेकर, किसी नेता के मन की नहीं मानी तो हद से हद उस अधिकारी का तबादला ही हो होगा।

# लक्ष्मी योग क्या होता है

## कुंडली में ये किन ग्रहों से बनता है?

लक्ष्मी योग को एक बहुत ही शुभ योग माना गया है। इस योग के बनने से व्यक्ति की किस्मत चमक सकती है।

जानते हैं कैसे बनता है यह शुभ योग।

कुंडली में बहुत से शुभ और अशुभ योग बताए गए हैं, जिसमें से एक है लक्ष्मी योग। लक्ष्मी योग एक ऐसा योग है जिसे हर कोई अपनी कुंडली में देखना चाहता है।

लक्ष्मी योग के बनने से व्यक्ति भाग्यशाली होता है और उसके जीवन में कभी धन की कमी नहीं आती।

इस योग के बनने से सुख, समृद्धि, धन, वैभव सदैव उस के साथ रहता है और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है।

कुंडली में लक्ष्मी योग तब बनता है जब कुंडली के नवम भाव का स्वामी केंद्र में हो। कुंडली के त्रिकोण भाव को लक्ष्मी स्थान कहा जाता है जबकि केंद्र को विष्णु का, जब केंद्र और त्रिकोण के बीच संबंध बनता है तो लक्ष्मी माता की कृपा प्राप्त होती है।

साथ ही जब कुंडली में चंद्रमा और मंगल की युति होती है तब भी लक्ष्मी योग का निर्माण होता है। इस योग के बनने से धन लाभ और धन की वृद्धि हो जाती है और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।



# सोमवती अमावस्या पर होते हैं 3 दान, पितरों के साथ देव और ऋषि भी हो जाते तृप्त

जब किसी भी माह की अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है, उसे सोमवती अमावस्या कहते हैं। इस बार भाद्रपद माह की अमावस्या सोमवती अमावस्या है, जो 2 सितंबर को है। सोमवती अमावस्या की तिथि 2 सितंबर को सुबह 5:21 बजे से 3 सितंबर को सुबह 7:24 बजे तक है।

सोमवती अमावस्या के दिन गंगा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने के बाद दान करने का विधान है। सोमवती अमावस्या पर 3 प्रकार के दान करते हैं, जिससे पुण्य की प्राप्ति होती है। काशी के ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट से जानते हैं कि सोमवती अमावस्या पर कौन से 3 दान करते हैं और उससे क्या लाभ होते हैं?

**सोमवती अमावस्या का महत्व**

ज्योतिषाचार्य भट्ट के अनुसार, सोमवती अमावस्या का दिन सौभाग्य से जुड़ा होता है। उस दिन विवाहित महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। शिव और शक्ति के आशीर्वाद से उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल होता है और पति की आयु भी बढ़ती है।

सोमवती अमावस्या के अवसर पर विवाहित महिलाओं को व्रत रखकर पीपल के पेड़ की पूजा करनी चाहिए। उस दिन सौभाग्यवती महिलाओं को पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करनी चाहिए।

परिक्रमा की गणना किशमिश या मखाने के दाने से करनी चाहिए। परिक्रमा के समय पीपल के पेड़ में लाल रंग का धागा या फिर रक्षासूत्र बांधना चाहिए।



**सोमवती अमावस्या पर करें 3 दान**

सोमवती अमावस्या के अवसर पर 3 दान करने की परंपरा है। उस दिन देव दान, पितृ दान और ग्रह दान का विधान है। इसका तात्पर्य यह है कि आप देव, पितर और ग्रह के लिए दान करें। आइए जानते हैं कि इन तीनों के दान के लिए कौन सी वस्तुओं का उपयोग करते हैं।

**देव दान-** सोमवती अमावस्या के दिन आप देवों को तृप्त करने के लिए वस्त्रों का दान कर सकते हैं। देवों को आप लाल, पीले, हरे, नीले आदि रंगों के वस्त्र दान कर सकते हैं। ये वस्त्र सिले हुए होने चाहिए।

**पितृ दान-** सोमवती अमावस्या को आप अपने पितरों को तृप्त करने के लिए दान करते हैं। उस दिन आपको अन्न का दान करना चाहिए। अन्न का दान पितरों को तृप्त करता है। आप जो खाना बनाएं, उसमें से कुछ हिस्सा गाय, कौआ, कुत्ता आदि को खिलाएं। इनके माध्यम से ये अन्न उनको प्राप्त होते हैं।

**ग्रह दान**

सोमवती अमावस्या का दिन सोम यानी चंद्र देव से संबंधित है। ऐसे में आपको चंद्रमा से जुड़ी वस्तुओं का दान करना चाहिए। उस दिन चांदी, सफेद वस्त्र, दही, खीर, मिश्री, अक्षत चावल, मोती आदि का दान कर सकते हैं।

**अन्न-वस्त्र दान से पितृ, देव और ऋषि होंगे तृप्त**

सोमवती अमावस्या को अन्न और वस्त्र का दान एक साथ करते हैं तो इससे पितृ, देव और ऋषि तीनों ही तृप्त होते हैं। वस्त्र देवों को और अन्न पितर एवं ऋषियों को प्राप्त होता है।

**पितरों के लिए गोदान का महत्व**

आप अपने पितरों को संतुष्ट करने के लिए अमावस्या पर गाय का दान कर सकते हैं। यदि आपके पितर वैतरणी नदी के किनारे फंसे होंगे तो गाय की मदद से वे उसे पार कर सकते हैं। इस वजह से ही गाय दान का विधान है। इसके बारे में गरुड़ पुराण और प्रेत मंजरी में लिखा है।

# 200 साल पुराना है ये चमत्कारिक मंदिर शिवलिंग से आती है तुलसी जैसी सुगंध

महासमुंद जिले के सिरपुर में स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर, छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा महानदी के पवित्र तट पर स्थित है। इस मंदिर को छत्तीसगढ़ का 'बाबा धाम' भी कहा जाता है। सावन माह और महाशिवरात्रि के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, जो शिवलिंग के दर्शन और पूजा के लिए





दूर-दूर से आते हैं। इस दौरान कांवड़ियों की लंबी कतारें शिवजी को जल अर्पित करने के लिए मंदिर तक पहुंचती हैं, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो जाता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शंकर ने बाणासुर से कहा था कि वे काशी की बजाय सिरपुर में ही प्रकट होंगे। बाणासुर ने भगवान से पूछा कि उन्हें कैसे पहचाना जाएगा, तो शंभू ने कहा कि जिस शिवलिंग से गंध का अनुभव हो, वही उनका प्रतीक होगा। तब से यहां भगवान शिव की पूजा गंधेश्वर महादेव के रूप में की जाती है।

**200 साल पुराना शिवलिंग**

इतिहासकारों के अनुसार, गंधेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग लगभग 200 साल पुराना है। इस शिवलिंग की खासियत यह है कि इससे तुलसी के पत्तों जैसी खुशबू आती है। माना जाता है कि यह शिवलिंग ज्योतिर्लिंगों वाले पत्थर से बना हुआ है, जो इसे और भी विशेष बनाता है।

**मंदिर कैसे पहुंचे**

गंधेश्वर नाथ शिवालय महासमुंद जिला मुख्यालय से 40 किमी और तुमगांव से 28 किमी दूर स्थित है। यह मंदिर एनएच 53 पर कुहरी पड़ाव से पश्चिम की ओर 16 किमी दूर सिरपुर में स्थित है, यहां आप बस या निजी साधन से आसानी से पहुंच सकते हैं। मार्ग साफ-सुथरा और 15 मीटर चौड़ा है, जो यात्रा को सुविधाजनक बनाता है।

# कामदगिरि पर्वत के चार द्वार, हर द्वार में किस भगवान का रहता है वास

**चित्रकूट:** भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत की कहानी बड़ी दिलचस्प है। इस पर्वत में भगवान राम माता सीता और छोटे भ्राता लक्ष्मण निवास किया करते थे। कहते हैं कि प्रभु राम वनवास काल के समय सबसे ज्यादा समय कामदगिरि पर्वत में ही समय गुजारा था। मान्यता है कि यहां से जाते समय भगवान राम ने इस पर्वत को आशीर्वाद दिया था कि जो भक्त पर्वत की परिक्रमा लगाएगा उसकी हर मनोकामना जरूर पूरी होंगी।

चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाने के लिए लोग देश-विदेश से यहां पर पहुंचते हैं। सबसे खास बात यह है कि इस कामदगिरि पर्वत के चार मुख्य द्वार हैं। इन चार मुख्य द्वारों में हर द्वार में हर भगवान का अलग अलग वास रहता है। इसीलिए चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत के द्वारों का महत्व काफी बढ़ जाता है।

**द्वारों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी**

चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत के महंत मदन गोपाल दास के मुताबिक़ धनुषाकार कामदगिरि पर्वत के चार द्वार हैं। जिसमे उत्तरद्वार पर कुबेर, दक्षिणीद्वार पर धर्मराज, पूर्वी द्वार पर इंद्र और पश्चिमी द्वार पर वरूण देव द्वारपाल हैं। इसके अलावा कामदगिरि पर्वत के नीचे क्षीरसागर है। जिसके अंदर उठने वाले ज्वार-भाटा से कभी-कभार कामतानाथ भगवान के मुखार बिंद से दूध की धारा प्रवाहित होती है। विविध विशेषताओं के कारण ही कामदगिरि पर्वत के दर्शन और परिक्रमा के लिए प्रत्येक माह अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावडा लगता है। दीपदान मेले में यह संख्या 40 से 50 लाख तक पहुंच जाती है।



**आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र कामदगिरि पर्वत**

चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। अमावस्या, मकर संक्रांति, दीपावली, जैसे बड़े पर्वों में लोग यहां पर भगवान कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते हैं। लोग अपनी मन्नतें भी मांगते हैं वहीं बात करें उत्तर प्रदेश प्रशासन और मध्यप्रदेश प्रशासन दोनों सरकारें मिलकर कामदगिरि पर्वत के विकास को लेकर लगातार लगी रहती हैं। भगवान राम ने इसी पर्वत में अपना वनवास काल का समय बिताया था, जिसके लिए इस पर्वत का महत्व और भी बढ़ जाता है।

# इस दिशा की दीवार की ओर भूलकर भी न ठोकें कील, यह दिशा है श्रेष्ठ

अक्सर घरों में दीवार पर तस्वीरें लगाने और सजावटी सामान लगाने के लिए कील ठोकी जाती है। इस कार्य को करते हुए व्यक्ति मन में शुभ-अशुभ का विचार किए बिना कर देता है। जबकि वास्तु शास्त्र यह कहता है कि घर की दीवारों में कील ठोकने से पहले उसे वास्तु के अनुसार सही दिशा में लगाया जाना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार गलत दिशा में ठोकी गई कील मुसीबत का कारण बन सकती है। वहीं सही दिशा के अनुसार घर की दीवार पर कील ठोकने से धन-समृद्धि का आगमन बढ़ता है। कुछ लोग तो सुख-शांति और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के लिए गृह कीलन भी कराते हैं। गृह कीलन विधि घर के चारों ओर ऐसे अदृश्य बंधन को कहते हैं, जिससे घर पर रहने वाले लोग नकारात्मकता से बचे रहते हैं।

हालांकि गृह कीलन की प्रकिया काफी जटिल है। वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि, आपको घर की किस दीवार पर कील ठोकनी चाहिए और किस दीवार पर नहीं। साथ ही वास्तु में घर की ऐसी दीवार के बारे में भी बताया गया है, जिसमें लोहे की कील ठोक देने पर मां लक्ष्मी की कृपा रहती है और घर पर धन का आगमन बढ़ता है। इसलिए घर की दीवार में कील ठोकने से पहले इस बात की जानकारी अवश्य कर लेनी चाहिए कि वास्तु अनुसार घर की किस दीवार पर कील ठोकना सही है।

घर की दक्षिण दिशा की ओर दीवार कील ठोकने के लिए सबसे शुभ होती है, क्योंकि यह दिशा यम देवता की होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस दिशा में बनी दीवार पर कील ठोकने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखें कि, पूर्व दिशा की ओर बनी दीवार पर कील ठोकने से आपको बचना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का संचार तेजी से बढ़ता है। इसलिए यदि आप सुख-समृद्धि और धन की इच्छा रखते हैं तो दक्षिण दिशा को ओर लोहे की कील ठोक सकते हैं।

# भाद्रपद अमावस्या, पितृ दोष निवारण और पूर्वजों की शांति के लिए करें ये उपाय

भाद्रपद अमावस्या हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की अमावस्या को कहते हैं। इसे पितृ अमावस्या भी कहते हैं क्योंकि इस दिन पितरों के तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान का विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि इस दिन स्नान, दान और ध्यान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। खासतौर पर गंगा स्नान, पवित्र नदियों में स्नान, और तीर्थ स्थानों पर पूजा करने का विशेष फल मिलता है। भाद्रपद अमावस्या का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है, इसलिए इस दिन लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूजा-पाठ करते हैं और अन्न, वस्त्र, व्रत और दान का आयोजन करते हैं।



**कब है भाद्रपद अमावस्या**

भाद्रपद अमावस्या, जिसे पितृ अमावस्या भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, 2024 में भाद्रपद अमावस्या 2 सितंबर को पड़ रही है। यह तिथि पितरों की आत्मा की शांति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। भाद्रपद अमावस्या पर किए गए कर्म से पितृ दोष का निवारण होता है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। 2024 में यह दिन पूर्वजों की कृपा और आशीर्वाद पाने का शुभ अवसर लेकर आएगा। इस दिन का विशेष महत्व पितरों की आत्मा की शांति और उनके उद्धार के लिए होता है।

**पितृ दोष से निवारण के उपाय**

पुजारी शुभम ने बताया कि इस अवसर पर लोग पितरों का तर्पण, श्राद्ध कर्म, और पिंडदान करते हैं, जिससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, और व्रत रखने का महत्व बताया गया है। भाद्रपद अमावस्या पर किए गए दान और धार्मिक कार्यों से व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है और पितरों की कृपा बनी रहती है।

**इन चीजों का रखें ध्यान**

पूजा के समय काले तिल, जौ, दूध, चावल, और जल का प्रयोग करें। ब्राह्मणों को भोजन कराएं और अन्न, वस्त्र, और धन का दान करें। पीपल के वृक्ष की पूजा कर उस पर जल अर्पित करें। इस दिन व्रत रखने और धार्मिक अनुष्ठान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और पितृ दोष का निवारण होता है।

# महाभारत में 18 दिनों तक बाणों की शैय्या पर क्यों सोए रहे पितामह भीष्म?

महाभारत के युद्ध के बारे में तो लगभग सभी ने सुना है। धार्मिक ग्रंथों में इस युद्ध के बारे में पढ़ा भी होगा, जिसमें भगवान कृष्ण की लीलाओं का भी वर्णन है। उन्होंने धर्म की स्थापना के लिए अर्जुन के माध्यम से हर एक पापी को उसके अपराध का उचित दंड दिया था। वहीं आपने यह भी देखा होगा कि कैसे कई लोगों को अत्यधिक पीड़ा से गुजरने के बाद अपने प्राण त्यागने पड़े थे। इनमें अभिमन्यु, कर्ण, जयद्रथ आदि शामिल थे, लेकिन गंगापुत्र भीष्म को बाणों की शैय्या पर मौत मिली थी। क्या आप जानते हैं ऐसा क्यों हुआ?




**इसलिए मिली थी बाणों की शैय्या**

महाभारत में गंगापुत्र भीष्म को बाणों की शैय्या पर मौत मिलने के पीछे एक बड़ा कारण यह था कि उन्हें आशीर्वाद था कि वह अपनी इच्छानुसार मौत को बुला सकते हैं, वहीं वे महाभारत के इस पूरे युद्ध को अपनी आंखों से देखना चाहते थे।

ऐसे में पांडवों ने जब उन्हें बाणों से छलनी करते हुए सिर से पैर तक भेद दिया तो पूरे 18 दिनों तक उन्होंने प्राण नहीं त्यागे, लेकिन पितामह खुद भी यह नहीं जानते थे, उन्हें यह पीड़ा क्यों सहना पड़ रही? ऐसे में उन्होंने इसको लेकर भगवान कृष्ण से प्रश्न किया था, जिसका जवाब उन्हें मिला था। भगवान कृष्ण ने भीष्म को बताया कि युवास्था के दौरान जब आप शिकार से लौट रहे थे और उनके रथ पर एक करकैंटा आ गिरा था, तो उसे पितामह ने तीर से उठाकर दूर कांटेदार झाड़ियों में फेंक दिया था। उसकी मृत्य तड़प-तड़प कर हुई थी, इसलिए उन्हें इस के दंडस्वरूप नुकीले तीरों की चुभन सहते हुए प्राण त्यागना पड़ा।

# भाईजान को सोफे से उठने में हुई दिक्कत वीडियो देख फैंस हुए परेशान, बोले- ये क्या हो गया?



बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान अपने हर अंदाज से फैंस का दिल जीत लेते हैं। अभिनेता जहां भी जाते हैं, लोग उन्हें भाई-भाई कहकर बुलाते हैं। हाल ही में, अभिनेता गणेश चतुर्थी के इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान सुपरस्टार ने अपने प्रशंसकों से घर में इको-फ्रेंडली गणेश लाने का भी आग्रह किया। इस इवेंट से अभिनेता का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख उनके प्रशंसक काफी परेशान होते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि वीडियो में अभिनेता सोफा सीट से उठने के लिए काफी स्ट्रगल करते नजर आ रहे हैं। इसे देख अभिनेता के प्रशंसक चिंता में पड़ गए और उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। वीडियो में सलमान अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से मिलने के लिए उठने की कोशिश करते नजर आते हैं। फिर थोड़ी मशक्कत के बाद वह उठते हैं और फिर सोनाली बेंद्रे को बधाई देते हैं और गले लगाते हैं।

इस इवेंट में सलमान खान टी-शर्ट और जींस में काफी डैशिंग लग रहे थे। अभिनेता पसलियों में चोट से पीड़ित थे। इसके बावजूद उन्होंने फिल्म वांटेड के अपने लोकप्रिय ट्रैक 'जलवा' पर भी डांस किया। अभिनेता के इस वीडियो को देख एक तरफ तो लोग उनके एनर्जी की तारीफ कर रहे हैं। वही, कुछ लोगों का कहना है कि इवेंट वाले जबर्दस्ती सलमान से डांस करवाते हैं।

एक यूजर ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, अपने हीरो को बूढ़ा होते देख काफी दुख हो रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, घायल शेर की दहाड़ बहुत खतरनाक होती है। एक और यूजर ने लिखा, अल्लाह आपके रास्ते में आने वाले सभी दर्द दूर करे भाईजान।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी अगली फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग भी रुक गई है क्योंकि भाईजान को ठीक होने के लिए आराम की जरूरत है। अभिनेता अभी तक अपनी सर्जरी से पूरी तरह रिकवर नहीं हुए हैं और यह उनके चेहरे पर साफ तौर से देखा भी जा सकता है।

# पर्दे पर फिर रोमांस का जादू चलाने लौटेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा!



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने रोमांटिक जॉनर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से करियर की शुरुआती की थी। कुछ रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों के बाद वे एक्शन जॉनर की फिल्मों में नजर आए। अब ऐसा लगता है कि सिद्धार्थ एक बार फिर रोमांटिक-कॉमेडी जॉनर के लिए वापस आ रहे हैं। खबर है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म प्रेम के विषय पर आधारित होगी। सिद्धार्थ को दर्शकों ने रोमांटिक और एक्शन, दोनों अवतारों में पसंद किया। वहीं अब वे एक बार फिर पर्दे पर रोमांस करते नजर आएंगे।

एक रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशन मजनू, योद्धा और इंडियन पुलिस फोर्स सहित कई एक्शन फिल्मों में अभिनय करने के बाद वह रोमांस में वापस आने के लिए उत्सुक थे और ऐसा लगता है कि उन्हें इसके लिए एकदम सही फिल्म मिल गई है। दिनेश विजन कथित तौर पर एक रोमांटिक कॉमेडी का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें मल्होत्रा मुख्य भूमिका में होंगे।


दावा किया गया है कि निर्माता की प्रोडक्शन फर्म पिछले कुछ समय से अभिनेता के संपर्क में है। पटकथा अभिनेता को पसंद आई और वे रोमांटिक फिल्मों के निर्माण के लिए जानी जाने वाली कंपनी के साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं। तुषार जलोटा अनाम परियोजना का निर्देशन करेंगे, जिन्होंने फिल्म दसवीं (2022) का भी निर्देशन किया था।

सिद्धार्थ मल्होत्रा की 2012 में आई फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' उनकी पहली फिल्म थी और यह एक कॉलेज कैंपस पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी थी। इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में काम किया, जैसे कि 2014 की 'हंसी तो फंसी' और 2016 की 'बार-बार देखो'। अभिनेता का मानना है कि उनके प्रशंसक उन्हें इस जॉनर में देखना पसंद करते हैं।

यदि सब योजना के अनुसार चला तो यह परियोजना इस साल के अंत में शुरू हो जाएगी। वहीं बात करें सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्मों के बारे में तो आखिरी बार वे 'योद्धा' में नजर आए थे। चर्चा है कि वे सैफ अली खान के साथ फिल्म 'रेस 4' में भी नजर आ सकते हैं।

# 'अरे क्या खाती हैं', निमृत कौर अहलूवालिया का नया अवतार देख आंखों पर यकीन नहीं कर पा रहे लोग





'छोटी सरदारनी' से फेमस हुईं एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया हर दिन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से धमाल मचाती हैं। उनका फैशन सेंस और ट्रांसफॉर्मेशन लोगों को दीवाना बना देता है। हाल ही में निमृत ने जो तस्वीरें दिखाईं, उन्हें देखकर तो हर कोई मचल उठा है।

'छोटी सरदारनी' में अपने रोल के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया फिलहाल स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने 'बिग बॉस 16' में से लोकप्रियता हासिल की। एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर गजब की कातिलाना फोटोज शेयर कीं, एक सफेद ड्रेस में उन्हें देखकर उनके फैंस फिर से दीवाने हो गए हैं।

'छोटी सरदारनी' एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सफेद ड्रेस में कई सारी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बेहतरीन लुक्स दिखाए और पोज दिया। निमृत कौर अहलूवालिया कट-आउट से सजी एक शानदार ड्रेस में गजब की लग रही हैं, जिसमें एक स्लिट है जो उनके फैशन में चार चांद लगा रहा है।

### निमृत कौर का कातिलाना अंदाज

उन्होंने हीरे की बालियां और कफ के साथ लुक को पूरा किया। जैसे ही निमृत कौर अहलूवालिया ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कीं, 'खतरों के खिलाड़ी 16' के उनके साथी अदिति शर्मा, करण वीर मेहरा और बाकियों ने पोस्ट पर रिएक्शन दिया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में तारीफों की बाढ़ ला दी। एक फैन ने लिखा- यह ड्रेस और आपके पोज ने कमाल कर दिया। एक फैन ने लिखा- कोई हर ड्रेस और यहां तक कि हर रंग में सुंदर कैसे दिख सकता है?

### निमृत कौर का सीरियल

निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने टेलीविजन करियर की शुरुआत 'छोटी सरदारनी' शो से की और एक मॉडल के रूप में शुरुआत की। फेमिना मिस इंडिया 2018 में से वो 12 फाइनलिस्ट्स में से एक रह चुकी हैं। अब वह स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में अपना हुनर दिखा रही हैं।

# आमिर खान और रजनीकांत एकसाथ 30 साल बाद 'कूली' फिल्म में मचायेंगे धमाल





बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान और साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत साल 1995 में फिल्म 'आतंक ही आतंक' में साथ नजर आए थे। इसमें जूही चावला भी थीं। अब 30 साल आमिर और रजनीकांत दोनों फिर से स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। वे किस फिल्म में साथ नजर आएंगे, जानिए।

बॉलीवुड के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान और साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने 30 साल पहले साथ में काम किया था। फिल्म का नाम था- आतंक ही आतंक। इसमें जूही चावला ने भी दमदार एक्टिंग की थी। इस फिल्म के बाद फैंस ने आमिर और रजनीकांत को पर्दे पर एकसाथ कभी नहीं देखा। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि फैंस की मुराद पूरी होने वाली है। ये दोनों सुपरस्टार 'कूली' फिल्म में साथ काम करने जा रहा हैं और अब फिर से पर्दे पर धमाल मचने वाला है।

मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि 1995 में अपनी पिछली फिल्म 'आतंक ही आतंक' के 30 साल बाद आखिरकार रजनीकांत और आमिर खान एक साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, इस खबर की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इंडस्ट्री छोड़ने के फैसले से टूट गए थे आमिर खान! रो पड़ी थीं किरण राव, बेटे जुनैद ने कहा- आप पेंडुलम की तरह हैं!

### रजनीकांत की फिल्म में आमिर खान का कैमियो!

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म बड़े बजट में बन रही है और मोस्ट अवेटेड तमिल मूवीज में से एक है। आमिर के इस फिल्म के कलाकारों संग शामिल होने की खबर उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है। ट्रैक टॉलीवुड में पब्लिश एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्टर एक स्पेशल कैमियो करेंगे।

नागार्जुन का होता निगेटिव रोल, पर उपेंद्र राव बनेंगे विलेन

'कूली' में पहले नागार्जुन को विलेन के रूप में दिखाया जाना था। हालांकि, चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं और टीम ने कन्नड़ एक्टर उपेंद्र राव को निगेटिव रोल में कास्ट किया गया। अमिताभ बच्चन, श्रुति हासन और राणा दग्गुबाती भी नजर आएंगे।

### 'कूली' फिल्म के बारे में जान लीजिए खास बात

दिलचस्प बात यह है कि जहां फैंस का मानना था कि 'कूली' लोकेश के सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, वहीं हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि यह एक स्टैंड-अलोन फिल्म है। डायरेक्टर ने आश्वासन दिया कि एलसीयू (लोकेश के सिनेमैटिक यूनिवर्स) में 'कैथी 2' और 'विक्रम 2' सहित और भी फिल्में होंगी, लेकिन रजनीकांत स्टारर ये मूवी अपने आप में एक खास फिल्म होने जा रही है।

इस फिल्म की शूटिंग जुलाई में हैदरबाद में शुरू हो चुकी है। अभी तक रिलीज डेट कंफर्म नहीं हुई है। लेकिन कहा जा रहा है कि ये 2025 में रिलीज हो सकती है। आमिर और रजनीकांत दूसरे प्रोजेक्ट्स में भी काम कर रहे हैं। आमिर की 'सितारे जमीन पर' में जेनेलिया डिसूजा होंगी। ये स्पैनिश मूवी 'चैंपियन' की हिंदी रीमेक है।

# माही विज ने बदली 'आदतें'



नशा कोई भी हो सेहत के लिए ठीक नहीं होता। एंग्जाइटी की समस्या के चलते माही विज ने शराब और कॉफी छोड़ दी। एक इंटरव्यू में माही ने कहा, ओवरथिंकर (अत्यधिक सोचने वाली) होने की वजह से मुझे बहुत एंग्जाइटी इश्यू हैं। मैंने कॉफी पीना बंद कर दिया, मुझे चाय छोड़ने के लिए भी कहा गया। मैं शराब भी पीती थी।

दोस्तों के साथ आऊटिंग के दौरान पीने में कोई बुराई नहीं लेकिन छह महीने से मैंने शराब पीना भी बंद कर दिया है क्योंकि इससे मेरी एंग्जाइटी और ज्यादा बढ़ जाती थी। चाय, कॉफी और शराब न केवल एंग्जाइटी बढ़ाती हैं, बल्कि इनसे दिल और लिवर की बीमारी भी होती है। माही ने बताया कि उसे सबसे पहले एंग्जाइटी तब हुई थी, जब उसकी मामी का निधन हो गया था। वह केवल 48 साल की थीं। हार्ट अटैक से उनकी मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया था।

उनकी मौत के बाद माही डिप्रैशन में चली गई थी। इसके बाद वह डॉक्टर के पास गई तो उसे शराब, कॉफी छोड़ने की सलाह दी गई। माही के करियर की बात करें तो उसे 'बालिका वधू', 'लागी तुझसे लगन', 'नच बलिए 5', 'खतरों के खिलाड़ी 7' और 'झलक दिखला जा 4' जैसे शोज में देखा जा चुका है। वह टी.वी. एक्टर जय भानुशाली की पत्नी है। 2019 में बेटी तारा के जन्म के बाद माही ने टी.वी. शोज में काम करना बंद कर दिया था।

### किया कास्टिंग काऊच का सामना

उसने गत दिनों बताया था कि स्ट्रगल के दिनों में एक शूटिंग कोऑर्डिनेटर ने उससे कहा था कि उसका रेट कार्ड बनाया जाएगा। माही ने याद किया कि कैसे उसकी बहन और वह उस आदमी की कार की पिछली सीट पर बैठी थीं, जैसे ही उन्हें उसके असली इरादे का पता चला, वे भाग गईं।

# एक्टर चियान विक्रम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम पर रोल को लेकर सामने रखी यह शर्त



चियान विक्रम इस वक्त अपनी फिल्म 'तंगालन' को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। यह 15 अगस्त को साउथ में रिलीज हो चुकी है, और अब 6 सितंबर को हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाएगी। चियान विक्रम ने हाल ही एक इंटरव्यू में कहा कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। मालूम हो कि चियान विक्रम ने ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम नहीं किया है। उन्होंने साल 2010 में आई फिल्म 'रावन' से बॉलीवुड में एंट्री की थी। हालांकि, उस फिल्म को एक साथ हिंदी और तमिल भाषा में शूट किया गया था। पर विक्रम अभी तक फुल फ्लेजेड हिंदी रोल से दूर ही रहे हैं। इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या वह किसी हिंदी फिल्म में काम करेंगे? इस पर विक्रम ने हामी भरी, पर साथ ही यह भी बताया कि वह किस शर्त पर किसी हिंदी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। विक्रम ने कहा कि वह रोल उतना ही आकर्षक और दमदार होना चाहिए, जितना वह तमिल फिल्मों में प्ले करते हैं।

चियान विक्रम ने कहा कि वह सही मौके का इंतजार कर रहे हैं। वह ऐसा रोल करना चाहते हैं, जो उनके जुनून और समर्पण से मेल खाता हो। अगर हिंदी फिल्म में उन्हें ऐसा रोल मिलता है, तो जरूर करेंगे। एक्टर बोले, 'अगर इस तरह की कोई भूमिका हिंदी में आती है, तो मैं उसे जरूर करना चाहूंगा।'

चियान विक्रम ने आगे बताया कि 'रावन' अगर आज की डेट में दोनों भाषाओं (हिंदी और तमिल) में रिलीज हुई होती, तो जबरदस्त हिट रहती। एक्टर के मुताबिक, यह फिल्म उनकी पत्नी और बच्चों को बेहद पसंद है। विक्रम ने यह भी कहा कि उनकी पिछली फिल्में- 'अन्नियन' (अपरिचित), 'पोन्नियिन सेलवन-1' और 'पोन्नियिन सेलवन 2' हिंदी के दर्शकों द्वारा भी काफी पसंद की गईं।

# शोभिता धुलिपाला से धूमधाम से शादी नहीं करेंगे नागा चैतन्य!



नागा चैतन्य ने आखिरकार शोभिता धुलिपाला के साथ अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी और कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। ये उनकी दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी, लेकिन इनका रिश्ता टूट गया। बीते दिनों उनकी शोभिता से सगाई हुई है, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं।साउथ एक्टर नागा चैतन्य अपनी जिंदगी की दूसरी पारी शुरू करने जा रहे हैं। सामंथा रुथ प्रभु को तलाक देने के बाद अब वो शोभिता धुलिपाला को अपना हमसफर बनाने जा रहे हैं। बीते दिनों उनकी सगाई हुई और अब जोरशोर से शादी की तैयारी चल रही है। अभी वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन अफवाह है कि दोनों मार्च 2025 में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे। अब नागा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कुछ खुलासे किए हैं।

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उनकी साथ में कई फोटोज वायरल हुईं, लेकिन दोनों ने अपने रिश्ते पर कभी बात नहीं की। बीते 8 अगस्त को इन्होंने सगाई की और अपने रिश्ते का ऐलान कर दिया। हाल ही में नागा चैतन्य को दूल्हे के अवतार में देखा गया। फैंस को लगा कि उन्होंने शोभिता से अचानक शादी कर ली है, लेकिन ये एक क्लोदिंग ब्रांड का लॉन्च प्रोग्राम था। इस दौरान जब मीडिया ने उनसे उनकी असल शादी की डिटेल्स पूछी तो उन्होंने कहा, 'शायद आप ऐसा सोच सकते हैं कि यह मेरी शादी के लिए उल्टी गिनती की तरह है।'

### नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की नहीं होगी ग्रैंड वेडिंग

नागा चैतन्य ने ये भी खुलासा किया कि वो शोभिता से बिग फैट वेडिंग (ग्रैंड वेडिंग) नहीं करना चाहते हैं। उनका मानना है कि शादी उन लोगों के बारे में है, जो उनके लिए बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, 'शादी उन लोगों के बारे में है जो मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। यह एक बहुत बड़ी शादी नहीं है, लेकिन लोगों को संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह (शादी) ऐसी ही हो।'

नागा चैतन्य के पिता नागार्जुन ने बेटे और होने वाली बहू शोभिता धुलिपाला की सगाई की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'हमें अपने बेटे नागा चैतन्य की सगाई शोभिता धुलिपाला से करने का ऐलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो आज सुबह 9:42 बजे हुई!!








# चाइल्ड आर्टिस्ट बन करियर शुरू, जोड़ी अरबों की संपत्ति

नागार्जुन अक्किनेनी के 59वें बर्थडे पर जानिए एक्टर की अरबों की नेट वर्थ, संपत्ति के बारे में। साथ ही जानिए कि वह फिल्मों के अलावा कहां-कहां से कमाई करते हैं। वह साउथ फिल्मों के अरबपति स्टार्स में से एक हैं और 57 साल से फिल्मों में हैं।

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के हाइएस्ट पेड स्टार्स में शुमार नागार्जुन का 29 अगस्त को 59वां बर्थडे है। हाल ही वह बेटे और एक्टर नागा चैतन्य की एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला संग सगाई को लेकर चर्चा में रहे। उस वक्त एक्टर की नेट वर्थ को लेकर भी यह चर्चा होने लगी कि वह कितनी घटी या बढ़ी है। लेकिन आपको बता दें कि नागार्जुन की 3 हजार करोड़ से ज्यादा की नेट वर्थ है और कई अरब की प्रॉपर्टी और बिजनेस है। नागार्जुन के बर्थडे पर आपको बता रहे हैं कि एक्टर फिल्मों के अलावा कहां-कहां से अरबों की कमाई करते हैं, उनके क्या बिजनेस हैं और वह कैसी लैविश लाइफ जीते हैं।

**पिता की तरह सुपरस्टार बेटा**

नागार्जुन के पिता अक्किनेनी नागेश्वर राव भी फिल्म स्टार रहे हैं। पिता की तरह की नागार्जुन की काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने साउथ के अलावा बॉलीवुड में भी खूब काम किया है। फैंस नागार्जुन अक्किनेनी को आज भी फिल्म 'जख्म' के लिए याद करते हैं। उन्होंने साउथ और बॉलीवुड में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।

**चाइल्ड आर्टिस्ट बन करियर शुरू, जोड़ी अरबों की संपत्ति**




दो नेशनल अवॉर्ड्स समेत कई अवॉर्ड जीत चुके नागार्जुन ने साल 1967 में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर करियर शुरू किया था। उन्होंने कुछ फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया और फिर 1986 में बतौर हीरो कदम रखे। नागार्जुन ने साल 1990 में बॉलीवुड में एंट्री की थी। अपने 57 साल के करियर में नागार्जुन ने अरबों की संपत्ति जोड़ी और अथाह पैसा कमाया।

नागार्जुन की नेट वर्थ करीब 3100 करोड़ रुपये है। इसके अलावा वह 800 करोड़ की रियल एस्टेट प्रॉपर्टी के मालिक हैं। उनका अपना स्टूडियो है। वह एक फिल्म प्रोड्यूसर भी हैं और कई हिट फिल्में प्रोड्यूस करके मोटा पैसा कमाते हैं। उनके स्टूडियो का नाम अन्नपूर्णा है, जो 7 एकड़ में फैला हुआ है।

**40 करोड़ का बंगला, इस स्कूल के प्रेसिडेंट और कंपनी के फाउंडिंग पार्टनर**

नागार्जुन का हैदराबाद के जुबली हिल्स में करीब 40 करोड़ रुपए का बंगला है। इसके अलावा वह हैदराबाद के अन्नपूर्णा इंटरनेशनल स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया के अध्यक्ष भी हैं। साथ ही वह NNN रियलिटी इंटरप्राइजेज के फाउंडिंग पार्टनर भी हैं।

**इन स्पोर्ट्स बिजनेस से मोटी कमाई**

अक्किनेनी इंडियन बेडमिंटन लीग में मुंबई मास्टर्स टीम के मालिक हैं। इसके अलावा उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के साथ माही रेसिंग टीम इंडिया में भी निवेश किया है। वह मोटरस्पोर्ट्स आउटफिट्स बनाने वाले बिजनेस से भी जुड़े हुए हैं।

**होटल, रेस्टोरेंट और बार समेत इन जगहों से छप्परफाड़ कमाई**

नागार्जुन के कई रेस्टोरेंट भी हैं, जिनमें N-Grill और N Asian जैसे नाम शामिल हैं। साथ ही वह देश के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर्स में से एक एन कन्वेनशंन सेंटर के भी मालिक हैं। इसके अलावा हैदराबाद में उनका एक बार भी है। दुबई की कई रियल एस्टेंट कंपनियों में नागार्जुन का पैसा लगा है। वह माँ टीवी के भी मालिक हैं, जिसके जरिए वह एड्स और एचआईवी से जुड़े जागरुकता अभियान चलाते हैं और खूब सोशल वर्क करते हैं।

# मेरी सच्ची दोस्त हैं 'किताबें' : सौम्या टंडन



'भाभी जी घर पर हैं' में अनीता भाभी के रोल से घर-घर में मशहूर हुई सौम्या टंडन इन दिनों पर्दे से दूर है लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहती है।

सौम्या को जितना प्यार अभिनय से है, उसे किताबें पढ़ना भी उतना ही पसंद है। किताबों से अपने लगाव के बारे में सौम्या बताती है, मैं एक ऐसे घर में पली- बढ़ी हूं जहां 12,500 पुस्तकों की लाइब्रेरी हुआ करती थी, जिसका श्रेय मेरे पिता (स्वर्गीय लेखक बी.जी. टंडन) को था। उनको किताबें पढ़ना बहुत ही अधिक पसंद था।

हमारे घर में किताबें पढ़ना, उन्हें व्यवस्थित करना, सूचीबद्ध करना और उन पर जिल्द चढ़ाना रोजमर्रा की दिनचर्या थी। पिताजी के निधन के बाद मैं अपने मुंबई के फ्लैट में जगह की कमी के चलते उन किताबों की लाइब्रेरी नहीं बना सकी तो हमने उनकी काफी सारी किताबें एक लाइब्रेरी को दान कर दीं और करीब 3000 किताबें अपनी पास रख लीं। किताबों से मेरा लगाव ही है कि मैं कभी भी किंडल या ऑडियोबुक को अपना नहीं सकी। इसके बजाय, मैं अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक छोटा-सा बुक क्लब चलाती हूं जहां मैं किताबों की सिफारिश करती हूं और अपने फॉलोअर्स से भी सुझाव लेती हूं।

# मैंने हमेशा 'बड़े सपने' देखे : उर्फी जावेद



उर्फी जावेद पर रिलीज होने जा रही वैब सीरीज 'फॉलो कर लो यार' के ट्रेलर से पता चलता है कि इस फैशन आइकन से जुड़े विवादों, उसकी जिंदगी और सफलता को इसमें दिखाया जाएगा।

कुल 9 एपिसोड वाली इस वैब सीरीज को लेकर मेकर्स दावा करते हैं कि इसमें इंटरनैट पर 'वायरल सेंसेशन' कही जाने वाली उर्फी की जिंदगी को वे बिना किसी फिल्टर दिखाने वाले हैं।

उर्फी क्या बोली 'फॉलो कर लो यार' को लेकर उर्फी का कहना है, ₹मैंने हमेशा से बड़े सपने देखे हैं, भले ही लोग कहते थे कि मैं सफल नहीं हो पाऊंगी। मशहूर होना और ग्लैमर की दुनिया को हिला देना, यह पहले दिन से ही मेरा गेम प्लान रहा है। विश्वास करें, यह आसान नहीं रहा। मैंने अपनी जर्नी में बहुत सारे उतार-चढ़ाव का सामना किया है। 'फॉलो कर लो यार' में मुझे 100 प्रतिशत सच और जैसी मैं हूं, वैसा ही दिखाया गया है।

**मां बोली उनका घर उर्फी जावेद के पैसों से चलता है**

बताया जा रहा है कि इस सीरीज में उर्फी की कुछ ऐसी बातें पता चलने वाली हैं, जिनसे उसके फैन्स अब तक रू-ब-रू नहीं थे। उर्फी की पॉपुलैरिटी, परिवार और सफलता की लंबी जर्नी रही है लेकिन इस दौरान कुछ ऐसे विवाद भी रहे, जब उस पर उंगलियां उठाई गईं। वैब सीरीज के ट्रेलर में उर्फी के घर, बहनों, मां को भी दिखाया गया है। एक जगह पर उसकी मां यह भी कहती हैं कि उनका घर उर्फी जावेद के पैसों से चलता है।

लीक हो गई थीं न्यूड तस्वीरें एक हालिया इंटरव्यू टरव्यू में उर्फी ने खुलासा करते हुए बताया, ₹मैंने इस बात की चर्चा पहले किसी से नहीं की है। कोविड-19 के बिल्कुल बाद किसी ने मेरा स्नैपचैट अकाऊंट हैक कर लिया था और मेरी तस्वीरें स्नैपचैट की मैमोरी में सेव थीं। वह मेरी गलती थी कि मैंने डबल ऑथेंटिकेशन नहीं लगाया था।

किसी ने मेरी न्यूड तस्वीरें स्टोरी पर शेयर कर दी थीं। मैंने उन्हें तुरंत डिलीट किया लेकिन तब तक लोग स्क्रीनशॉट ले चुके थे। वे तस्वीरें भी वायरल हो चुकी थीं। वह एकता कपूर की फिल्म 'लव सैक्स और धोखा 2' से फिल्मों में भी डेब्यू कर चुकी है।

# 'लग्जरी ही सब कुछ नहीं है', पोस्ट को लेकर ट्रोल हुई बेबो, लोगों ने पटौदी पैलेस की दिलाई याद

करीना कपूर अपनी फिटनेस का खूब ख्याल रखती हैं। नियमित रूप से जिम जाती हैं, घंटों वर्कआउट करती हैं। जहां डाइटिंग की बात आती है तो इस मामले में भी वह अनुशासन की पक्की रही हैं। बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा करीना कपूर खान अपनी बेबाक शैली और अभिनय कौशल के लिए भी जानी जाती हैं, हाल ही में अभिनेत्री को उनके नए पोस्ट के लिए खूब ट्रोल किया गया है। आइए जानते हैं कि करीना ने क्या पोस्ट किया है।

**पोस्ट को लेकर ट्रोल हुई करीना**

हाल ही में, करीना ने एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने लग्जरी का असल मतलब समझाया था। करीना के पोस्ट में लिखा था, लग्जरी का मतलब है हंसी और दोस्त, लग्जरी का मतलब है बीमार न होना, लग्जरी का मतलब है आपके चेहरे पर बारिश, लग्जरी का मतलब है गले लगना और चूमना। लग्जरी की तलाश दुकानों या उपहारों में न करें, पार्टियों या कार्यक्रमों में न देखें। लग्जरी का मतलब है



कि लोग आपसे प्यार करते हैं, लग्जरी का मतलब है कि वे आपका सम्मान करते हैं, लग्जरी का मतलब है कि आपके माता-पिता साथ रहते हैं, लग्जरी का मतलब है अपने पोते-पोतियों के साथ खेल पाना, लग्जरी का मतलब है वो छोटी-छोटी चीजें जिन्हें पैसे से नहीं खरीदा जा सकता।

**यूजर्स ने की आलोचना**

हालांकि, करीना की पोस्ट की आलोचना की गई है और लोगों ने कहा कि पैसे वाले लोग ही पैसों के महत्व को नहीं समझते हैं। एक यूजर लिखा, 'करीना से मुझे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन आखिर जिनके पास पैसा होता है। वही लोग क्यों ऐसा ज्ञान देते हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'पटौदी पैलेस भी लग्जरी नहीं होगा तब तो।' एक और यूजर ने लिखा, 'स्विट्जरलैंड में वेकेशन मनाना भी लग्जरी का पार्ट नहीं है।'

**इस फिल्म में नजर आएंगी बेबो**

वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना हंसल मेहता की आगामी फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जसमीत भामरा की भूमिका निभा रही हैं, जो बकिंघमशायर में 10 वर्षीय बच्चे की हत्या की जांच करते हुए अपने ही बच्चे को खोने के गम से जूझ रही एक जासूस है। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मैं सबसे आगे निकलने की 'होड़' में नहीं हूं: कीर्ति कुल्हारी

कीर्ति कुल्हारी ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। वह ओ.टी.टी. पर भी कई अच्छी वैब सीरीज का हिस्सा रही है। इन दिनों वह डिटैक्टिव ड्रामा 'शेखर होम' को लेकर चर्चाओं में है। उसका कहना है कि उसे हमेशा ऐसे ऑफर मिलते हैं, जिनमें उसकी कोई दिलचस्पी नहीं होती । उसने कहा, मैं ऐसी फीचर फिल्मों पर काम कर रही हूं, जो अभी रिलीज नहीं हुई हैं। मैं प्रोडक्शन के बारे में भी सोच रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में और बदलाव की जरूरत है। मुझे ऐसे ऑफर मिलते हैं, जिनमें मेरी दिलचस्पी नहीं होती।

उसने आगे कहा, काम की क्वांटिटी कभी-कभी क्वालिटी को प्रभावित कर सकती है। ओ.टी.टी. और फिल्म स्टार्स के बीच का अंतर खत्म किया जाना चाहिए। सभी को समान रूप से पहचाना जाना चाहिए। इस वैब सीरीज में मेरा रोल रिफ्रैशिंग चेंज है, इसमें डिटैक्टिव एलिमेंट्स को कॉमेडी के साथ जोड़ा गया है और यह मेरे पिछले काम की तुलना में कुछ



नया है।

**अच्छे एक्टर्स को देखकर इनसिक्योर नहीं होती हूं**

अक्सर लोगों को लगता है कि जब मंझे हुए एक्टर्स एक साथ होते हैं तो सभी एक्ट्रैस में प्रतिस्पर्धा और चुनौती बढ़ जाती होगी, लेकिन मैं अपनी बात करूं तो मैं बहुत ही सिक्योर एक्ट्रैस हूं। 'अगर आपके अंदर इस तरह की असुरक्षा है कि आप यह सोचते हैं कि अगर कोई एक्टर मुझसे अच्छा कर गया तो इस सीन में मुझे खा जाएगा तो आप सही अभिनय नहीं कर सकते। मैं किसी होड़ या दौड़ में नहीं हूं कि मुझे ही सबसे आगे आना है। मेरी सोच रहती है कि सब मिल कर अच्छे से काम करेंगे। मुझे लगता है कि जब सब एक्टर मिलकर अच्छा करते हैं तो फिल्म या सीरीज अच्छी बनती है और उसे देखने में मजा आता है। सीनियर्स से सीखने को मिलता है। कीर्ति ने 2010 में फिल्म 'खिचड़ी : द मूवी ' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह 'शैतान', 'सुपर से ऊपर', 'जल', 'पिंक', 'इंदु सरकार', 'ब्लैकमेल', 'मिशन मंगल', 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक', 'द गर्ल ऑन द ट्रेन', 'शादीस्थान', 'खिचड़ी 2 मिशन पंथुकिस्तान' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी है। वह' फोर मोर शॉट्स प्लीज!', 'बार्ड ऑफ ब्लड', 'क्रिमिनल जस्टिस बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स' और 'ह्यमन 'जैसी कुछ हिट वैब सीरीज में भी काम कर चुकी है।

# 'सुंदरता' विरासत में मिली : उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की उन हीरोइन्स में से है, जो अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। मिस एशियन सुपरमॉडल, मिस टूरिज्म क्वीन ऑफ द ईयर और मिस दीवा मिस यूनिवर्स जैसे खिताब अपने नाम करने वाली उर्वशी बताती है कि उसकी खूबसूरती उसे विरासत में मिली है।

उर्वशी कहती है, मैं उत्तराखंड से हूं और मेरी खूबसूरती मुझे अपने माता-पिता से विरासत में मिली है। यह प्राकृतिक सुंदरता है। अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'घुसपैठिया' के बारे में बात करते हुए उसने कहा, यह एक बहुत मजेदार फिल्म है और आपको इसे सिनेमाघर में जरूर देखना चाहिए।

सुसी गणेशन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उर्वशी बिना मेकअप नजर आ रही है। उसने कहा, ₹हां, फिल्म 'घुसपैठिया' में मैं बिल्कुल डीग्लैम अंदाज में नजर आ रही हूं। आभा नामक किरदार जो मैं इस फिल्म में निभा रही हूं, ऐसा किरदार मैंने अपने करियर में पहले कभी नहीं निभाया।

उर्वशी बताती है कि शुरुआत में वह इस बिना मेकअप वाले रोल को करने में बिल्कुल भी सहज नहीं थी, लेकिन फिल्म के सैट पर एक दिन बिताने के बाद वह पूरी तरह से समझ गई कि यह फैसला किरदार के बैकग्राऊंड को ध्यान में रख कर लिया गया था।

अपनी अगली साऊथ की फिल्म 'एन. के. बी. 109' के बारे में उर्वशी बताती है कि इस फिल्म में काम करना उसके लिए सीखने का एक अच्छा मौका था। अपने को-स्टार बालकृष्ण की तारीफ करते हुए वह कहती है, सैट पर उन्होंने मेरा काफी ध्यान रखा।

लीक हुए वीडियो पर बोली कुछ दिन पहले उर्वशी का बाथरूम वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। कुछ ने इसे प्रचार के लिए स्टंट बताया। उर्वशी ने इस वायरल वीडियो का सच बताते हुए कहा, यह मेरी कोई पर्सनल क्लिप नहीं है। वह फिल्म 'घुसपैठिया' का एक सीन है। उसने यह भी कहा कि रियल लाइफ में उसे कभी ऐसी किसी सिचुएशन से दो-चार नहीं होना पड़ा और ऐसा किसी भी लड़की के साथ नहीं होना चाहिए।



शुक्रवार, 30 अगस्त-2024 वित्त-वाणिज्य स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद



# रिलायंस एजीएम में एआई क्लाउड वेलकम ऑफर का ऐलान

## 100 जीबी फ्री स्टोरेज मिलेगा; जियो दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बनी

मुंबई,29 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आज यानी गुरुवार (29 अगस्त) को अपनी 47वीं एनुअल जनरल मीटिंग में जियो एआई क्लाउड वेलकम ऑफर का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसमें जियो यूजर्स को 100 जीबी तक का फ्री क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। क्लाउड स्टोरेज में फोटो, वीडियो, डाक्यूमेंट सहित अन्य डिजिटल कंटेंट को स्टोर किया जा सकेगा। इस ऑफर को दिवाली पर लॉन्च किया जाएगा।



इसके साथ ही अंबानी ने कहा कि रिलायंस 5 सितंबर को 1:1 रेश्यो में बोनस शेयर देने पर विचार करेगी। अंबानी ने कहा- जियो आठ सालों में दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बन गई है। प्रत्येक जियो यूजर प्रति माह 30 जीबी डेटा का कंजम्प्शन करता है। इसकी कीमत वर्ल्ड एवरेज की एक चौथाई है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।

**एजीएम के दिन रिलायंस के शेयर में 1.55% की तेजी रही**

एजीएम के दिन रिलायंस का शेयर 1.55% की तेजी के साथ 3,042.90 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। एक साल में रिलायंस के शेयर ने 25.72% का रिटर्न दिया है। वहीं 6 महीने में शेयर केवल 4.15% चढ़ा है। वहीं एक महीने में भी इसके शेयर में केवल 0.09% की तेजी रही। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 15,138 करोड़ रुपए का मुनाफा एक महीने पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी को इस तिमाही में 15,138 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर मुनाफे में 5.45% की कमी आई है। एक साल पहले की इसी तिमाही में मुनाफा 16,011 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की आय (रेवेन्यू) 2,36,217 करोड़ रुपए रही।

एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 2,10,831 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। यानी, सालाना आधार पर इसमें 12.04% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है रिलायंस**

रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है। ये अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल सर्विस और रिटेल सेक्टर में काम करती है।

# मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल के कर्मचारी हुए मालामाल,बांट दिए 351 करोड़ रुपये के शेयर

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी की खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल ने आईपीओ के कयासों के बीच अपने कर्मचारियों को शानदार तोहफा दिया है. रिलायंस रिटेल ने अपने 15 वरिष्ठ कर्मचारियों को 351 करोड़ रुपये के शेयर दिए हैं. ये शेयर पिछले वित्त वर्ष के दौरान दिए गए हैं और एम्पलॉई स्टॉक ऑप्शन प्लांस के तहत बांटे गए हैं.रिलायंस रिटेल ने टॉप एम्पलॉइज को ईसॉप के तहत दिए गए शेयरों की जानकारी कंपनियों के रजिस्ट्रार को एक फाइलिंग में दी है. कंपनी ने बताया है कि 10-10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयरों को 796.5 रुपये प्रति शेयर की दर से बांटा गया है.

फायदा पाने वाले कर्मचारियों को कंपनी के कुल 4.417 मिलियन शेयर दिए गए हैं. कंपनी ने कहा है कि जब भी उसका आईपीओ आएगा, ईसॉप के तहत बांटे गए शेयरों को लिस्ट कराने के लिए बोर्ड जरूरी कदम उठाएगा.आपको बता दें कि बाजार में रिलायंस रिटेल के आईपीओ और शेयर बाजार में उसके शेयरों की लिस्टिंग के कयास तेज हो गए हैं. कई रिपोट्र्स में ऐसा कहा जा रहा है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज की आज होने जा रही एजीएम में रिलायंस रिटेल के आईपीओ के बारे में खुलासा किया जा सकता है. ईटी की एक रिपोर्ट में एनालिस्ट के हवाले से कहा गया है कि अगले दो साल में रिलायंस रिटेल का आईपीओ लॉन्च होने की संभावना है.ईसॉप के तहत रिलायंस रिटेल के जिन कर्मचारियों को शेयर बांटे गए हैं, उनमें डाइरेक्टर वी सुब्रमण्यम, ग्रॉसरी रिटेल के मुख्य कार्यकारी दामोदर मॉल, फैशन व लाइफस्टाइल बिजनेस क मुख्य कार्यकारी अखिलेश प्रसाद, इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल के चीफ बिजनेस ऑफिसर कौशल नेवरेकर, ग्रुप चीफ बिजनेस ऑपरेशंस अश्विन खासगीवाला और अजियो के मुख्य कार्यकारी विनीत नायर शामिल हैं।

# तेलंगाना के सेट्टी एसबीआई के 27वें चेयरमैन

मुंबई,29 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना के जोगुलम्बा गडवाल जिले के पेड्डापोथुलपाडु गांव के वासी ऐसा कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। जी हां, इसी गांव में जन्मे चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, के 27वें चेयरमैन बने हैं। सेट्टी को इसी साल जून की शुरुआत में एक सरकारी पैनल द्वारा भारत के सबसे बड़े ऋणदाता के शीर्ष पद के लिए चुना गया था। वे अब तक एसबीआई के प्रबंध निदेशक थे। बात 1980 के दशक की है। उस समय स्टेट बैंक का पीओ होना सिविल सर्विसेज परीक्षा पास करने जितना सम्मानजनक माना जाता था। सेट्टी ने साल 1988 में एसबीआई में एक प्रोबेशन ऑफिसर के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अब देश के सबसे बड़े बैंक में सर्वोच्च पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई है। चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी, जिन्हें अक्सर मृदुभाषी, बहुमुखी और लोगों के आदमी के रूप में वर्णित किया जाता है, एक सॉलिड बैंकर माने जाते हैं। उन्हें सरकारी बैंक के लगभग सभी बड़े कार्यक्षेत्रों का अनुभव है। एसबीआई के पूर्व प्रबंध निदेशक पीके गुप्ता के अनुसार, उन्होंने कॉर्पोरेट बैंकिंग, तनावग्रस्त परिसंपत्तियों और खुदरा बैंकिंग को भी संभाला है। न्यूयॉर्क में एक कार्यकाल के साथ उनके पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी है। उन्हें पता है कि क्या करने की जरूरत है और वे लोगों के आदमी हैं जो एक बड़ा फायदा है। शेट्टी ने गुप्ता की जगह ली थी, जब वे




एसबीआई से एमडी रिटेल बिजनेस के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। 59 वर्षीय सेट्टी जनवरी 2020 में एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर बने थे। तभी से वह जोखिम, अनुपालन और तनावग्रस्त परिसंपत्ति समाधान समूहों, खुदरा व्यापार और संचालन की देखरेख की है। जून 2022 में, उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजारों और प्रौद्योगिकी के लिए प्रबंध निदेशक की भूमिका निभाई। एसबीआई के एक पूर्व अध्यक्ष बताते हैं 'उन्होंने 2013 और 2017 के बीच मुख्य महाप्रबंधक के रूप में बैंक के कॉर्पोरेट खातों के प्रभाग का नेतृत्व किया, जब बढ़ते खराब ऋणों और भुगतान में देरी के कारण भारी दबाव था।' शेट्टी के साथ काम करने वाले एक पूर्व मुख्य महाप्रबंधक ने कहा, 'उन्होंने एसबीआई में सभी मॉडलों को कवर किया है और बैंक के भीतर उनकी ईमानदारी और व्यावसायिकता के लिए जाने जाते हैं। सेट्टी के पास कृषि में स्नातक की डिग्री है और वह भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट हैं। इसी संस्थान को अब भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान के रूप में जाना जाता है। उन्होंने ऐसे समय में एसबीआई की कमान संभाली है, जब बैंक दशकों में अपने सबसे अच्छे दिनों का अनुभव कर रहा है। हालांकि, सेट्टी के सामने कठिन चुनौतियां हैं।

# टूट गई इंडिगो के जय-बीरू की जोड़ी... राकेश गंगवाल ने बेच दिए सारे शेयर! 3% गिरा स्टॉक




नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में आज भारी गिरावट दिख रही है। बुधवार को कंपनी का शेयर कारोबार के दौरान 4,944.60 रुपये के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था लेकिन यह 3% गिरावट के साथ 4,714.90 रुपये पर आ गए। कंपनी के को-फाउंडर राकेश गंगवाल ने ब्लॉक डील के जरिए लगभग 11,000 करोड़ रुपये शेयर बेच दिए। उन्होंने कंपनी के 2.3 करोड़ शेयर बेचे। जून तिमाही के अंत में उनके पास 5.89% हिस्सेदारी थी। गंगवाल ने साल 2006 में राहुल भाटिया के साथ मिलकर इंडिगो की स्थापना की थी। माना जा रहा है कि अब उन्होंने इंडिगो में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। आज की ब्लॉक डील औसतन 4,760 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर हुआ। पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि गंगवाल 3.8 फीसदी हिस्सेदारी 7,100 करोड़ रुपये में बेच सकते हैं। लेकिन उन्होंने 11,000 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। इससे साफ है कि वह पूरी तरह कंपनी से निकल चुके हैं। गंगवाल फरवरी 2022 में इंडिगो के बोर्ड से हट गए थे और उन्होंने धीरे-धीरे एयरलाइन में अपनी हिस्सेदारी कम करने की बात कही थी। उनकी पत्नी शोभा गंगवाल पहले ही एयरलाइन में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच चुकी हैं। जून 2024 को समाप्त तिमाही में राकेश गंगवाल के पास कंपनी की लगभग 6% इक्विटी थी। उनके पारिवारिक ट्रस्ट द चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट के पास 13.49% हिस्सेदारी थी।

**किसकी कितनी हिस्सेदारी**

अगस्त 2023 में शोभा गंगवाल ने खुले बाजार के माध्यम से कंपनी में अपनी चार फीसदी हिस्सेदारी करीब 2,944 करोड़ रुपये में बेच दी थी। गंगवाल ने शेयरों में आई रेकॉर्ड तेजी का लाभ उठाते हुए अपनी हिस्सेदारी बेची है। पिछले एक साल में इंडिगो के शेयरों में लगभग 95% की तेजी हुई है। इस कैलेंडर वर्ष में कंपनी का शेयर 63.30% उछल चुका है। बुधवार को कंपनी का शेयर 4,944.60 रुपये के ऑल-टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था।

आखिर में यह 2.4% बढ़कर 4,859.20 रुपये पर बंद हुआ। गंगवाल ने 18 फरवरी, 2018 को इंडिगो के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था। भाटिया और उनसे जुड़ी कंपनियों की इंडिगो में 35.91 फीसदी हिस्सेदारी है।

# 11 साल में शेयर खरीदा और 13 साल में टैक्स भरा,निवेशकों के महागुरु वॉरेन बफे को मिला बर्थडे गिफ्ट

नई दिल्ली,29 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया के टॉप रईसों में शामिल दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे 30 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। उससे पहले उन्हें गुड न्यूज मिली है। उनकी बर्कशायर हैथवे इंक एक ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप हासिल करने वाली अमेरिका की पहली नॉन-टेक कंपनी बन गई है। कंपनी के शेयरों में बुधवार को 0.8% की तेजी आई और इसके साथ ही उसका मार्केट कैप पहली बार एक ट्रिलियन डॉलर के ऊपर चला गया। इसके साथ ही ओमाहा मुख्यालय वाली यह कंपनी ऐपल, अल्फाबेट इंक, मेटा प्लेटफॉर्म्स और एनवीडिया कॉर्प जैसी दिग्गज कंपनियों की जमात में शामिल हो गई है। बर्कशायर हैथवे का शेयर दुनिया का सबसे महंगा स्टॉक है। चेक कैपिटल मैनेजमेंट के फाउंडर और चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर स्टीव चेक ने कहा कि बर्कशायर धीमी चाल से इस मुकाम पर पहुंची है। पुराने तरीके से पैसा कमाना कठिन है। इस साल बर्कशायर ने एस एंड पी 500 से बेहतर रिटर्न दिया है। 2024 में कंपनी के शेयरों में 30% तेजी आई है जबकि बेंचमार्क 18% ऊपर है। कंपनी मैग्निफिसेंट 7 से बहुत पीछे नहीं है। इन शेयरों ने इस साल 35 फीसदी रिटर्न दिया है। 1965 से पिछले साल तक



बर्कशायर की वैल्यू में सालाना लगभग 20% की तेजी रही। इससे बफे की नेटवर्थ में भी तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक वह 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के आठवें बड़े रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 26.6 अरब डॉलर की तेजी आई है।बफे का जन्म 30 अगस्त 1930 को अमेरिका के नेब्रास्का में हुआ था। उन्होंने 11 साल की उम्र में पहला शेयर खरीदा था और 13 साल की उम्र में पहली बार टैक्स फाइल किया था। उन्होंने चार्ली मुंगेर के साथ मिलकर बर्कशायर हैथवे को मुसीबत से उबारा और इसे बिजनस की दुनिया में दिग्गज बना दिया। आज इस कंपनी का बिजनस कई क्षेत्रों में फैला है। इस साल कंपनी के मार्केट कैप में 200 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसकी दुनिया की कई दिग्गज कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनमें ऐपल और बैंक ऑफ अमेरिका कॉर्प शामिल हैं। दूसरी तिमाही में कंपनी के पास नकदी 276.9 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। बर्कशायर हैथवे का स्टॉक पिछले कई साल से दुनिया का सबसे महंगा स्टॉक बना हुआ है।

# तेजी के साथ बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी एफएमसीजी-एनर्जी स्टॉक्स का मिला सपोर्ट

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बजाज ट्विंस और रिलायंस के शेयर में शानदार तेजी की बदौलत भारी उतार चढ़ाव देखने के बाद भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ बंद हुआ है. इससे पहले दिन के कारोबार में सेंसेक्स-निफ्टी ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा था. एफएमसीजी, एनर्जी और आईटी शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को सपोर्ट मिला है. आज बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 350 अंकों की उछाल के साथ 82,134 अंकों पर तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 99.60 अंकों की तेजी के साथ 25,152 अंकों पर बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 स्टॉक्स तेजी के साथ तो 9 शेयर गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 29 स्टॉक्स तेजी के साथ, 20 गिरकर और एक शेयर फ्लैट बंद हुआ. रिलायंस ने निवेशकों को बोनस शेयर देने का एलान किया है जिसे लेकर 5 सितंबर को कंपनी के बोर्ड की बैठक होगी. इस खबर के चलते रिलायंस का स्टॉक 1.64 फीसदी के उछाल के साथ 3045 रुपये पर बंद हुआ है. इसके अलावा टाटा मोटर्स 3.57 फीसदी, बजाज फिनसर्व 2.57 फीसदी, बजाज फाइनेंस 2.41 फीसदी, एचसीएल टेक 1.72 फीसदी, आईटीसी 1.66 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.39 फीसदी, मारुति 0.83 फीसदी के उछाल के साथ क्लोज हुआ है. जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.11 फीसदी, सन फार्मा 0.82 फीसदी, जेएसडब्ल्यु 0.73 फीसदी, कोटक महिंद्रा 0.68 फीसदी, टाटा स्टील 0.46 फीसदी, इंफोसिस 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

# मुकेश अंबानी से आगे निकले गौतम अडानी

## बन गए देश के सबसे अमीर शख्स, जानें कितनी हो गई दौलत

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं. लंबे वक्त से मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर शख्स बने हुए थे, मगर अब यह ताज गौतम अडानी को मिल गया है. हुरुन इंडिया रिच 2024 लिस्ट के मुताबिक इस लिस्ट में कुल 1,539 भारतीयों का नाम शामिल किया गया है. इन सभी व्यक्तियों की संपत्ति 1,000 करोड़ से अधिक है. इस लिस्ट में टॉप पर गौतम अडानी का नाम है, वहीं दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी हैं. इस लिस्ट को 31 जुलाई 2024 के डेटा के अनुसार बनाया गया है. इसके साथ ही भारत में पिछले साल हर पांच दिन में एक नया अरबपति बना है.

**इतनी हुई गौतम अडानी की संपत्ति**

हुरुन इंडिया रिच 2024 की लिस्ट के मुताबिक 62 वर्षीय गौतम अडानी की




संपत्ति 1,61,800 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. वहीं लिस्ट में दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी संपत्ति 1,014,700 करोड़ रुपये है. लिस्ट में तीसरे स्थान पर एचसीएल के शिव नाडर का नाम है. उनकी कुल नेट वर्थ 314,000 करोड़ रुपये है. चौथे स्थान पर साइरस पूनावाला का नाम आता है. उनकी नेट वर्थ 289,900 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. लिस्ट में पांचवे स्थान पर सन फार्मा के दिलीप संघवी का नाम है, जो कुल 249,900 करोड़ रुपये के मालिक हैं.कुमार मंगलम बिड़ला इस सूची में 6ठे स्थान पर है और उनकी नेट वर्थ 235,200 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. हिंदुजा के गोपीचंद हिंदुजा की नेटवर्थ 192,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. राधाकृष्ण दमानी इस लिस्ट में 190,900 करोड़ की संपत्ति के साथ आठवें स्थान पर हैं. लिस्ट में 9वें स्थान पर अजीम प्रेमजी का नाम है, जिनकी नेट वर्थ 190,700 करोड़ तक पहुंच गई है. लिस्ट में 10 वें स्थान पर नीरज बजाज का नाम है, जिनकी नेट वर्थ 162,800 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है.

**शाहरुख खान भी लिस्ट में हुए शामिल**

भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के किंग शाहरुख खान भी पहली बार देश के अरबपतियों की लिस्ट में शामिल होने में कामयाब हुए हैं. उनकी संपत्ति 7,300 करोड़ रुपये बताई गई है. उन्होंने कोलकाता नाईट राइडर्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट में अपनी हिस्सेदारी के चलते इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

# जय हो मुंबई की, अरबपतियों के मामले में बीजिंग को भी पीछे छोड़ दिया

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की राजधानी तो नई दिल्ली है। लेकिन देश की आर्थिक राजधानी मुंबई कहलाती है। इस मुंबई शहर के ताज में एक और नगीना जुड़ गया। जी हां, भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से ज़्यादा अरबपति व्यक्ति रहते हैं। गुरुवार को हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 जारी की गई। इसमें बताया गया है कि एशिया के 25% अरबपतियों का घर मुंबई में है। इस लिहाज से यह शहर एशिया भर के अरबपतियों की नई राजधानी है। इस शहर ने इस मामले में चीन की राजधानी बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं, अपना मुंबई हुरुन इंडिया रिच लिस्टर्स के लिए पसंदीदा शहर भी है। सूची में इस शहर के बाद नई दिल्ली और हैदराबाद का स्थान है।

**मुंबई में बढ़ रहे हैं अरबपति**

इस साल की सूची देखें तो पता चलेगा कि मुंबई में 58 अरबपति व्यक्तियों की शुद्ध वृद्धि भी दर्ज की गई। तभी तो यह शहर अरबपतियों की राजधानी बन सकी है। इसके बाद नई दिल्ली का स्थान रहा, जिसने 18 नए अरबपति जोड़े हैं। इस लिस्ट में आगे कहा गया है कि भारत ने अरबपतियों के मामले में भी चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस सूची के मुताबिक आलोच्य अविध के दौरान भारत में 29 प्रतिशत अधिक अरबपतियों की आमद दर्ज की गई, चीन में अरबपतियों की संख्या में 25 प्रतिशत की कमी आई।

**एशिया का वेल्थ क्रिएशन इंजन**

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य अनुसंधानकर्ता अनस रहमान जुनैद का कहना है कि भारत एशिया के वेल्थ क्रिएशन इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया जहां चीन में अरबपतियों की संख्या में 25% की गिरावट आई है, वहीं भारत में इनकी संख्या में 29% की वृद्धि हुई है। इसी के साथ अरबपतियों की संख्या रिकॉर्ड 334 तक पहुंच गई है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह | मे | सिंह- | 05-14 बजे |
| चंद्र- | मिथुन | मे | कन्या- | 07-20 बजे |
| मंगल | मिथुन | मे | तुला- | 09-24 बजे |
| बुध- | कर्क | मे | वृश्चिक- | 11-34 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | धनु- | 13-48 बजे |
| शुक्र- | सिंह | मे | मकर... | 15-56 बजे |
| शनि- | कुंभ. | मे | कुंभ- | 17-44 बजे |
| राहु- | मीन | मे | मीन- | 19-24 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मेष-- | 21-00 बजे |
| | | | वृष.. | 22-53 बजे |
| | | | मिथुन.. | 00-44 बजे |
| | | | कर्क.. | 03-44 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-**2081**
शक संवत- **1946** सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -शरद
महावीर निर्वाण संवत -**2550**,हिजरी सन् -**1444**
कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426875**
सूर्योदय - 06-05
सूर्यास्त. -18-28
कलियुग संवत् -**5125** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -**1972949125**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-**1955885125**
दिशाशूल -- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी **02-25** तक उपरान्त त्रयोदशी
मास - भाद्रपद कृष्ण , शुक्रवार **30 August**
नक्षत्र - पुनर्वसु **17-55** तक उपरान्त पुष्य
योग - व्यतिपात **17-46** तक उप वरियान
करण- कौलव **13-58** तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - **वत्स द्वादशी**

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 10:43 से 12:16 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:05 - 07:36 | शुभ | रोग. | 18:28 - 19:57 | अशुभ |
| लाभ | 07:36 - 09:10 | शुभ | काल.. | 19:57 - 21:23 | अशुभ |
| अमृत | 09:10 - 10:43 | शुभ | लाभ | 21:23 - 22:50 | शुभ |
| काल | 10:43 - 12:16 | अशुभ | उत्पात | 22:50 - 00:17 | अशुभ |
| शुभ | 12:16 - 13:50 | शुभ | शुभ | 00:17 - 01:43 | शुभ |
| रोग | 13:50 - 15:23 | अशुभ | अमृत | 01:43 - 03:10 | शुभ |
| उत्पात | 15:23 - 16:57 | अशुभ | चंचल | 03:10 - 04:37 | शुभ |
| चंचल | 16:57 - 18:28 | शुभ | रोग | 04:37 - 06:05 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
यह सही समय है जबकि आपको अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकलकर अपने आस पास की स्थितियों और अपनी स्थिति को ध्यान से समझना है । आप अपने विभिन्न कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बहुत भागदौड़ करते रहे हैं । अब आप अपनी क्षमता भर इन्हें पूरा कर चुके हैं।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दिन के आगे बढने के साथ चिंता भी बढ़ेगी । लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने तक हिम्मत ना छोड़ें । हारना या जीतना नही,आपके प्रयास सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं । आपने निरंतर प्रयास किये हैं ,लेकिन अभी इन्हें बनाये रखना होगा । समस्याओं की तह तक जाने की कोशिश करें ताकि इन्हें हमेशा के लिए ख़तम कर सकें ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप अपने घर की साज सज्जा ,कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों पर काफी खर्च कर सकते हैं । हालाँकि आप अपने खर्च को फिजूलखर्ची की सीमा तक पहुचने से पहले नियंत्रित कर पायेंगे । अपने किसी ख़ास को कोई कीमती उपहार दे सकते हैं,जो उसे बहुत अच्छा लगेगा । हालांकि अपनी भावनाओं को बोलकर व्यक्त करने से आपकी बात अधिक सार्थक लगेगी ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं । लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है । अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये रखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी। लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप ऊर्जा से भरपूर हैं और काफी मेहनत करने के लिए तैयार भी हैं । आपकी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ओरों को भी प्रभावित करेगा ,आपकी टीम को आपसे बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी । घर पर भी आज आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारियां उठाएंगे । इससे आपके करीबियों को ख़ुशी होगी । आपको बस यह देखना है की यही स्थिति लगातार बनी रहे और आपको भी कोई परेशानी न हो।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अगर आप अपना समय और ऊर्जा गरीब और कम सुविधा प्राप्त बच्चों को शिक्षा देने में लगायेंगे तो आपको बहुत ख़ुशी मिलेगी । अपना कुछ सामन किसी जरूरतमंद को दे दें । आपकी वित्तीय स्थिति अच्छी है ,आप पैसे से भी किसी की मदद कर सकते हैं । आप नए लोगों से जल्दी ही परिचय भी कर लेते हैं और सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता भी है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें । वे कभी नही मानेंगे । आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं । स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
संबंधों में उलझन ,दोहरे अर्थों वाली बातचीत तथा गलतफहमियां आज पूरे दिन आप पर हावी रहेंगी । लेकिन इससे किसी नुक्सान की बजाय मनोरंजन की उम्मीद ज्यादा है । इसीलिए इनके बारे में चिंता करने की बजाय अपने मूड को हल्का फुल्का रखें और हो रही घटनायों का आनंद उठायें । यदि आप ऐसा करेंगे तो दिन बहुत खुशगवार गुजरेगा ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं । आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें । आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे । अपने अधूरे काम आज पूरे कर दें और चिंतामुक्त हो जाएँ ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें। किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है । आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें और बदतमीज हुए बिना ही अपनी बात को समझाने से कोशिश करें ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आप किसी बड़े सम्मेलन या सेमिनार की मेजबानी कर सकते हैं लेकिन आपके मनचाहे समय पर स्थान की उपलब्धता के कारण हुई हल्की सी ग़लतफ़हमी से आपको शर्मिंदगी महसूस होगी और आपको कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है । आपको ऐसे समय में शांति बनाये रखनी होगी और सकारात्मक कोशिशें करते रहनी होंगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# तीन महिला नक्सली मुठभेड़ में ढेर

## हथियार बरामद, सुबह से हो रही फायरिंग



कांकेर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर माढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में अब तक तीन वर्दीधारी महिला नक्सली ढेर हुई हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार सहित नक्सल सामग्री बरामद की गई है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर एवं कांकेर जिले की सीमा पर माड़ के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की टीम सर्चिंग अभियान पर गई थी। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि सुबह से मुठभेड़ जारी है। रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। सभी जवान सुरक्षित हैं।

### चार आईएएस अफसरों का ट्रांसफर

रायपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बुधवार को 4 आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। 3 घंटे में फिर बदला आदेश, जेपी पाठक बिलासपुर से हटाकर उच्च शिक्षा आयुक्त बनाए गए। जिनमें से 2 अफसरों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# चंपाई के भाजपा में आने पर बोले बाबूलाल

## कोई खटपट नहीं है उत्साह है, घोषणा पत्र के लिए भाजपा ने मांगा सुझाव



रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र की समिति का ऐलान कर दिया। इस समिति के अध्यक्ष राजमहल के विधायक अनंत ओझा होंगे। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी से चंपाई सोरेन के भाजपा में आने को लेकर सवाल किया। बाबूलाल मरांडी ने कल चंपाई सोरेन के भाजपा में आने के कार्यक्रम के संबंध में कहा कि कल धुर्वा इलाके के शहीद मैदान में वृहद कार्यक्रम होगा। दिल्ली में क्या बात हुई इस पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करनी थी इसी पर बात हुई है। कल के कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान, हेमंत बिस्वा सरमा आ रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि घर में कोई नये व्यक्ति आते हैं खासकर वो जो आंदोलन से जुड़े हैं तो उत्साह होता है। नाराजगी को लेकर कहा कि कोई खटपट नहीं है। बाबूलाल ने घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए कहा, भाजपा लोगों से उनकी समस्या, राज्य के लिए उनका विजन जानने की कोशिश करेगी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता गांव, शहर, मोहल्ला, टोला, पंचायत तक पहुंचकर लोगों से उनके विचार जानने की कोशिश करेगी। पार्टी सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों से व्हाट्सएप पर उनके विचार मंगाकर उसी आधार पर अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। पार्टी ने इस व्हाट्सएप पर सबसे सुझाव मांगे हैं वो नंबर है 6202750671। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, यह हमारा सिर्फ घोषणापत्र ही नहीं संकल्प पत्र होगा। हमने तय किया है कि जनता के बीच जाकर जनता से सुझाव लेना है। जनता की समस्या क्या है, वह बनने वाली सरकार से क्या उम्मीद करती है। हम उनके सुझाव को एकत्र करेंगे। उनके विचार मिलने के बाद समिति घोषणापत्र तैयार करेगी। हम हर पंचायत और इलाके तक पहुंचने की कोशिश करेंगे।

झारखंड विधानसभा चुनाव का संकल्प जनता के सुझाव समाहित होंगे। घोषणापत्र जनभावना के अनुरूप हो, कार्यकर्ता भी सुझाव देंगे, गांव, शहर मोहल्ले टोले, राज्य के संगठन जैसे कारोबारियों का उद्योस से जुड़े लोग, डॉक्टर, ट्राइबल, दलित, छात्र, नौजवान जैसे हर संगठन तक भी पहुंचने की उनसे सुझाव लेकर संकल्प पत्र तैयार होगा।

# खेल में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को मिलेंगे 3 करोड़, 2 करोड़ और 1 करोड़: सरकार ने की घोषणा




रायपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राज्य सरकार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को तीन करोड़, रजत पदक जीतने वाले को दो करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये की पुरुस्कार राशि देगी। ये घोषणा आज छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने राज्य खेल अलंकरण समारोह में की। रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में सीएम साय ने राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

इस दौरान खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार रुपये दिये गये। वहीं पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये। वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए 97 खिलाड़ियों को 76 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इस दौरान केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह आदि मौजूद रहे।

वर्ष 2021-22 के लिए शहीद राजीव पांडे पुरस्कार के लिए 6, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 6, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 2, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 11, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 5 और मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 11 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, दयाल दास बघेल रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व सम्पत अग्रवाल, पुरन्दर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, प्रणव मरपच्ची (मरवाही) मोती लाल साहू अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू सचिव खेल विभाग हिमशिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनुजा सलाम सहित खिलाड़ीगण मौजूद रहे।

# जमशेदपुर हादसे के बाद जागा डीजीसीए

## एलकेमिस्ट एविएशन का उड़ान प्रशिक्षण लाइसेंस निलंबित किया

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। डीजीसीए ने एलकेमिस्ट एविएशन की उड़ान प्रशिक्षण संगठन की मंजूरी को निलंबित कर दिया है। दरअसल हाल ही में एलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार प्रशिक्षक पायलट और प्रशिक्षु पायलट की जान चली गई थी। हादसे के बाद डीजीसीए ने एलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का विशेष सुरक्षा ऑडिट किया। डीजीसीए का कहना है कि ऑडिट के दौरान कई गंभीर खामियां मिलीं, जिसके बाद डीजीसीए ने उड़ान प्रशिक्षण का लाइसेंस निलंबित करने का फैसला लिया। विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा है कि संस्थान को खामियों को दूर करने और नियमों का अनुपालन करने की अनिवार्य सुधार प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह कदम एलकेमिस्ट एविएशन के प्रशिक्षु विमान के हादसे का शिकार होने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद उठाया गया है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। डीजीसीए ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि 'ऑडिट के दौरान, एलकेमिस्ट एविएशन में गंभीर कमियां पाई गईं और नियामक प्रावधानों का भी पालन नहीं किया जा रहा था। अलकेमिस्ट एविएशन झारखंड के जमशेदपुर सोनारी हवाई अड्डे पर स्थानीय उड़ान का काम करती है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में सरायकेला-खरसावां जिले के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद एलकेमिस्ट एविएशन का दो सीटर विमान लापता हो गया था।

# सरकारी टीचर का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, होंगे निलंबित

## महिला आयोग ने डीईओ को भेजा पत्र, बेटी ने कहा- मां को धमकाती थी महिला




रायपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर के दो सरकारी शिक्षकों को एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर मामले में जल्द ही निलंबित किया जा सकता है। महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को इन शिक्षकों पर कार्रवाई करने के पत्र भी लिखा है।

दरअसल, पुरुष शिक्षक की पत्नी ने महिला आयोग में दोनों टीचर्स की शिकायत की थी। सुनवाई के दौरान दोनों में अवैध संबंध की बात साबित हुई। जिसके बाद कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं।

पिछले 3 साल से अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को छोड़कर शिक्षक अलग रह रहा था। इस दौरान उसने पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण के लिए कभी कभार पैसे दिए, लेकिन बाकी जिम्मेदारियां नहीं ली। शिक्षक की पत्नी को बाद में जानकारी मिली की उसके पति का अफेयर उनके उसी स्कूल की शिक्षिका से है।

**मां को धमकाने आती थी महिला- बेटी**

आवेदन करने वाली महिला की बेटी ने सुनवाई के दौरान महिला आयोग को बताया कि, पिता की महिला मित्र ने उनके सामने भी उनकी मां धमकाया है। बेटी की गवाही और दोनों शिक्षकों के अफेयर की बाक स्वीकार की। जिसके बाद महिला आयोग ने कार्रवाई की है।

महिला आयोग ने दूसरी महिला और आवेदिका के पति से पूछा कि क्या उन्हें जानकारी है कि शासकीय सेवा में रहने पर अवैध संबंधों में लिप्त रहने पर शासकीय सेवा से निकाला जा सकता है। इस नियम की जानकारी है क्या? तो दोनों ने ही इस नियम के पता होने की बात स्वीकार की है। आयोग ने इस कानूनी अपराध बताते हुए दोनों ही शिक्षकों को सेवा से निकालकर उसकी विस्तृत जांच कराने के लिए पत्र भेजा है। साथ ही शिक्षिका को 2 महीने के लिए नारी निकेतन भेजे जाने का आदेश आयोग दिया है।

# छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू से 12 मौतें

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल बोले- अब तक हजारों मरीज मिले, महामारी की स्थिति नहीं, एडवाइजरी जारी

रायपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुताबिक स्वाइन फ्लू से अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे हजारों लोग पीड़ित हो चुके हैं। हालांकि महामारी की स्थिति नहीं है।

प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में जांच किट और दवाएं उपलब्ध हैं। स्वाइन फ्लू को लेकर एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार टेस्टिंग और ट्रीटमेंट हो रहा है। मीडिया से चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- हमारी हेल्थ टीमें भारत सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक काम कर रही हैं। संक्रमित के आसपास में 50 से 100 लोगों तक जांच करना होता है। लेकिन हम 200 लोगों की जांच कर रहे हैं। मंत्री ने आगे कहा- प्रदेश में अब तक 12 लोगों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई है। हमारे पास पर्याप्त आइसोलेशन वार्ड हैं, जहां स्वाइन फ्लू के लक्षण वाले मरीज दिखते हैं, उन्हें तत्काल रखा जाता है। क्या लोगों की हेल्थ कैम्प लगाकर जांच होगी ये पूछे जाने पर मंत्री ने कहा- राज्य में टास्क टीम बनी है। स्वाइन फ्लू में शिविर के जरिए जांच नहीं कर सकते। इसमें लक्षण दिखते हैं तो उन लक्षणों के हिसाब से जांच होगी। छत्तीसगढ़ स्वास्थ विभाग ने स्वाइन फ्लू को लेकर भी एक एडवाइजरी जारी की है। जिसके तहत स्वाइन-फ्लू सहित मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए लोगों को सजग रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर रखे गए हैं। स्वाइन फ्लू से जुड़ी जानकारी, अस्पताल में जांच को लेकर टोल-फ्री नम्बर 104 पर जारी किया है। स्वाइन फ्लू को एच1एन1 वायरस भी कहते हैं। यह इंफ्लुएंजा के एक नए स्ट्रेन जैसा है, क्योंकि इसके लक्षण भी सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं। स्वाइन फ्लू मूल रूप से सूअरों में होने वाली बीमारी है, जो इंसानों में भी फैल गई। इंसानों में इसका संक्रमण रेट यानी एक व्यक्ति से दूसरे में फैलने की गति काफी तेज है। इसके एच1एन2 और एच1एन3 वैरिएंट भी हैं। हालांकि, इंफ्लुएंजा के ये वैरिएंट इंसानों में उतनी तेजी से नहीं फैलते हैं। इनके केस भी बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। स्वाइन फ्लू एक तरह की रेस्पिरेटरी डिजीज है, जो हमारे श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। स्वाइन फ्लू एक प्रकार के इंफ्लुएंजा वायरस के कारण होता है। यह वायरस सूअरों के शरीर में होता है। इंसानों में यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से और तेजी से फैलती है। साल 2009 के करीब स्वाइन फ्लू का डर इस कदर बढ़ गया था कि लोग सूअरों को मारकर जमीन में दफना रहे थे। जबकि क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, सूअर का मांस खाने से इंसानों में स्वाइन फ्लू फैलने के चांस न के बराबर होते हैं, क्योंकि खाने से पहले इसे अच्छे से पकाया जाता है।

# 'मिशन 50' के साथ भाजपा का सत्ता में वापसी का प्लान

## हेमंत सोरेन की परेशानी बढ़ाएगी चंपाई-लोबिन-सुदेश की तिकड़ी



रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में सरकार बनाने पर अमादा भाजपा 'मिशन 50' के लिए मोहरे बिछाने लगी है। गठबंधन के साथ तोड़-जोड़ में माहिर भाजपा के इस 'मास्टर प्लान' का नजारा दिखने लगा है। झारखंड की सरकार को झटके पर झटके दे रहे भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके ही मोहरे से उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में पटकनी देने की पटकथा को अंतिम रूप देने में लगे हैं। अपने दम पर सरकार बनाने में खुद को मुफीद नहीं समझने वाले भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जोड़तोड़ की जिस तिकड़मी राजनीति की बीज बोया था, उसकी फसल काटने को अब बेताब हो चुके हैं। चुनावी जीत की रणनीति पर झारखंड के चर्चित नेताओं की कतार लगा रही भाजपा धीरे-धीरे जेएमएम को कमजोर कर शिकस्त देने की राह पर चल पड़ी है। जानते हैं अमित शाह के उन राजनीतिक मोहरों को जिनके सहारे सत्ता सुख के आनंद को आतुर हो चुकी है भाजपा।

'मिशन 50' को लेकर भाजपा की नजर कोल्हान क्षेत्र के 14 विधानसभा सीटों पर थी। अपने संगठन के साथ आदिवासी नेता चंपाई सोरेन की ताकत के साथ अपनी पैठ बैठाने की रणनीति पर भाजपा तब से काम कर रही है, जब से चंपाई सोरेन को सीएम बनाया गया। भाजपा के रणनीतिकार जानते थे कि ये एडहॉक व्यवस्था है, जैसे ही हेमंत सोरेन जेल से निकलेंगे वे पुनः सीएम बनेंगे। यहीं से शुरू होगी चंपाई सोरेन के साथ मान-अपमान का खेल। और वही हुआ भी। हेमंत सोरेन जेल से निकलते ही सीएम चंपाई सोरेन को अधिकारविहीन कर दिया। उनकी लाभकारी योजना को नए रंग रोगन में हेमंत सोरेन ने अपनाना शुरू कर दिया।

भाजपा इस खास मौके की तलाश में थी ही और जैसे ही मौका मिला, कभी शिबू सोरेन के संघर्षों के साथ रहे चंपाई सोरेन पर भगवा का रंग गहरा गया।

# झारखंड के 6 जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट

रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में मॉनसून सक्रिय है। मौसम विभाग की ओर से अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इस वर्ष मॉनसून अवधि में राज्य के कई पांच जिलों को छोड़ कर सभी इलाकों में सामान्य बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सितंबर महीने में भी राज्य में मॉनसून के सक्रिय रहने की उम्मीद है, जिससे सभी डैम के जलस्तर में बढ़ोतरी का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इस दौरान राज्य के कोडरमा के तिलैया में सबसे अधिक 55 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा झींकपानी में 54.8, तोरपा में 47, कोडरमा में 46, लातेहार में 45.4, कांके में 32.4, कोलेबिरा में 30, बरही में 21.5, हजारीबाग में 13.6, चाईबासा में 4.8 और रांची में 8.8 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से अगले 2 दिनों में राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, सिमडेगा, सरायकेला, रबोकारो, रामगढ़ और गुमला जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से अगले 4 सितंबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। झारखंड में 1 जून से 29 अगस्त तक मॉनसून अवधि में 714.8 मिलीमीटर बारिश हुई। जो सामान्य से करीब 9 प्रतिशत कम है। राज्य में औसत रूप से इस अवधि में 785.5 मिलीमीटर बारिश होती है।

# मंकीपॉक्स को लेकर छत्तीसगढ़ में अलर्ट

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

रायपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार मंकी पॉक्स को लेकर अलर्ट है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को इस संबंध में एडवायजरी जारी की है। सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव और रोकथाम के लिए एडवायजरी में दिए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरपूर्वक पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 20 अगस्त 2024 को मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बचाव व रोकथाम के लिए एडवायजरी जारी की गई है। मंकी पॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स (पीएचईआईसी) को घोषित किया गया है। विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सर्वेलेंस, जांच एवमं उपचार के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी मंकी-पॉक्स प्रकरणों की सर्वेलेंस, त्वरित पहचान, जांच एवं उपचार हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। मंकी-पॉक्स एक जीनेटिक बीमारी है जो मुख्य रुप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में होता है,लेकिन वर्तमान में कुछ अन्य देशों में इसके केस मिल रहे हैं। देश के केरल राज्य में मार्च 2024 में केस मिले हैं। मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतः बुखार, चकत्ते एवं लिम्फ नोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित संक्रमण है, जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में खत्म हो जाते हैं। मंकी-पॉक्स संक्रमण के गंभीर प्रकरण सामान्यतः बच्चों में पाए जाते हैं। जटिलताओं एवं गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1 से 10 प्रतिशत है। मंकी-पॉक्स संक्रमण होने एवं लक्षण उत्पन्न होने का इनक्यूबेशन पीरियड सामान्यतः 6-13 दिन का होता है, लेकिन यह 5 से 25 दिवस तक हो सकता है। मंकी-पॉक्स का संक्रमण त्वचा में चकत्ते आने के 1-2 दिवस पूर्व से लेकर सभी चकत्तों से पपड़ी के गिरने/समाप्त होने तक मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैल सकता है।

मंकी-पॉक्स वायरस का संक्रमण पशु से मनुष्य में एवं मनुष्य से मनुष्य में फैल सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण मुख्य रूप से लार्ज रेस्पिरेटरी सिस्टम के माध्यम से लम्बे समय तक संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में रहने से होता है।

# सौम्या चौरसिया की तीसरी बार भी जमानत खारिज

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कहा था-बच्चे छोटे हैं, 16 महीने से जेल में है निलंबित अफसर



बिलासपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कोल स्कैम केस में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। सौम्या ने इस बार सुप्रीम कोर्ट से निलंबित आईएएस रानू साहू और सुनील अग्रवाल की जमानत को आधार बनाया था। सौम्या करीब 16 महीने से जेल में बंद हैं। ये तीसरी बार है, जब हाईकोर्ट से सौम्या की जमानत खारिज की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पहले कोल स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट भी याचिका खारिज कर चुका है। कोर्ट ने गलत तथ्य पेश करने पर उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। कोल लेवी मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आधार बनाया गया। साथ ही आग्रह किया गया कि, आवेदिका के बच्चे छोटे हैं। करीब डेढ़ साल से वह जेल में है। मामले की सुनवाई में लंबा समय लगना है। ऐसे में उन्हें जमानत दे दी जाए। पिछली कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं।

**सौम्या चौरसिया पर क्या है आरोप?**

ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि ये स्कैम करीब 500 करोड़ रुपए का था।

# स्टेशन-एयरपोर्ट आना-जाना बड़ी परेशानी टैक्सी वाले वसूल रहे दोगुना किराया

रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के 20 किमी की परिधि में चलने का नियम बदल कर 4 जोन को 17 रूट में बांटने के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी रांची में ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तहर से बंद रहा।

चालकों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ट्रैफिक एसपी से मिला, लेकिन वार्ता असफल रही। ट्रैफिक एसपी ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट कर दिया कि फिलहाल निर्धारित 17 रूट में ही ऑटो व ई-रिक्शा का परिचालन करना होगा।

इसके अलावा ट्रैफिक एसपी ने उनको यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बगैर परमिट के एक भी ऑटो या ई-रिक्शा को नहीं चलने दिया जाएगा। यह सुनते ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोग ट्रैफिक एसपी के चैंबर से बाहर निकल गए और आगे भी हड़ताल अनिश्चित काल तक जारी रखने का निर्णय लिया। मालूम हो कि सोमवार से ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने परिचालन पूरी तरह से बंद कर रखा है।

इससे स्टेशन और एयरपोर्ट जाने या वहां से आने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। टैक्सी व रैपिडो अन्य दिनों की तुलना में दोगुना किराया वसूल रहे हैं। यात्रियों की भी मजबूरी है, ज्यादा किराया चुका रहे हैं।

शहर के विभिन्न स्कूलों तक विद्यार्थियों को पहुंचाने वाले ऑटो व ई-रिक्शा का भी परिचालन पूरी तरह से बंद है। इनके चालकों को आशंका है कि अगर वे विद्यार्थियों को लेकर सड़क पर निकलते भी हैं तो उनकी गाड़ी में तोड़-फोड़ कर दी जाएगी। ऐसे में बच्चों को 5 किमी. से ज्यादा पैदल ही जाना पड़ रहा है। इससे अभिभावक भी परेशान हैं। हरमू रोड में वीवीआईपी मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने शाम 4:41 बजे न्यू मार्केट चौक पर एक एंबुलेंस को ही रोक दिया। मरीज लेकर जा रहा एंबुलेंस चालक लगातार शायरन बजाता रहा, इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस ने उसे जाने का रास्ता नहीं दिया। हरमू रोड से न्यू मार्केट चौक की ओर वीवीआईपी का काफिला पार हो जाने के बाद सामान्य वाहनों का परिचालन शुरू हुआ।

इस दौरान एंबुलेंस 20 मिनट से ज्यादा जाम में फंसी रही।

# पीएम आवास योजना में नहीं मिला मकान

## बारिश के कारण जर्जर दीवार ने दादी और दो पोतियों की ले ली जान

सूरजपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में दीवार गिरने से उसमें दबकर 55 वर्षीय एक महिला और उसकी पोतियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना जयनगर थाना क्षेत्र के करतमा गांव में सोमवार शाम की है और मृतकों की पहचान धनमतिया दास (55) और उनकी पोती बिजली (तीन) और सुहानी (दो) के रूप में हुई है। दरअसल, हादसा जयनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर करतमा में हुआ है। 2 बच्चियां अपनी दादी के साथ घर पर थीं। जबकि माता-पिता मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। दादी की उम्र 53 साल और बच्चियों की उम्र 2.5 और 1.5 साल बताई जा रही है। जांच में पता चला है कि बारिश के कारण दीवार कमजोर हो गई थी। जिसके गिरने से तीनों उसके नीचे दब गए। दबने के कारण तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद बच्चों के पिता ने पड़ोसियों की मदद से तीनों को पड़ोसी सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सचिन दास का परिवार वर्षों से कच्चा मकान बनाकर रह रहा है। कई बार पीएम आवास के लिए आवेदन कर चुका है, लेकिन न उसके मां के नाम से और न ही उसके नाम से घर मिला। ऐसे में आज बड़ा हादसा हो गया। हालांकि सरपंच का कहना है कि उसके कार्यकाल में आवेदन नहीं किया गया है।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी से बैन हटा

## हसीना सरकार का फैसला पलटा, भारत के बंटवारे का विरोध करती थी पार्टी, फिर पाक समर्थक बनी

ढाका, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने बुधवार को जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर लगा बैन हटा दिया। जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश की सबसे बड़ी मुस्लिम पार्टी है। हसीना सरकार ने 1 अगस्त को इस पर बैन लगाया था। इस पर छात्र आंदोलन के दौरान दंगे भड़काने का आरोप लगा था।

बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने एक नोटिस जारी कर कहा कि जमात-ए-इस्लामी पार्टी और उसके सहयोगियों के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के कोई सबूत नहीं है। इसलिए उन पर लगा बैन हटाया जा रहा है।

**जमात-ए-इस्लामी पार्टी के चुनाव लड़ने पर 2013 से रोक है**

हाईकोर्ट ने 2013 में जमात-ए-इस्लामी पार्टी के घोषणा पत्र को संविधान का उल्लंघन करने वाला बताया था। इसके बाद पार्टी के चुनाव लड़ने पर बैन लगा दिया



गया था। 2018 में चुनाव आयोग ने जमात का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया था। इस पर लगा बैन भले ही अंतरिम सरकार ने हटा दिया है, मगर उसके चुनाव लड़ने पर बैन अभी भी लागू है। जमात-ए-इस्लामी पार्टी के नेताओं ने सोमवार को इंडियन मीडिया कॉरेसपोंडेंट्स एसोसिएशन बांग्लादेश के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान पार्टी के वकील शिशिर मोनिर ने कहा कि पार्टी अगले हफ्तें चुनाव लड़ने का बैन हटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। मीटिंग में पार्टी के नेता डॉ शफिकुर रहमान ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर भी जोर दिया। शफिकुर ने कहा, "जमात के भारत के साथ पुराने संबंध रहे हैं। हम भारत के साथ रिश्तों को और बेहतर बनाना चाहते हैं। हमें उम्मीद हैं भारत भी ऐसा ही चाहेगा।" जमात-ए-इस्लामी पार्टी की स्थापना 1941 में ब्रिटिश शासन काल में हुई थी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान पार्टी बंटवारे का विरोध करती थी। पार्टी का मानना था कि बंटवारे से मुस्लिम एकता को खतरा होगा। इससे देश के मुस्लिम अलग हो जाएंगे। पार्टी इस पर जिन्ना की मुस्लिम लीग के विचारों को विरोध करती थी। हालांकि आजादी के बाद पार्टी नेताओं ने मुस्लीम लीग का समर्थन किया। पार्टी का रुख हमेशा से पाकिस्तान समर्थक रहा है। यह शरिया कानून को लागू करवाने की मांग भी करती रही हैं। पार्टी ने 1971 में अलग बांग्लादेश बनने का विरोध किया था। इसने बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन के खिलाफ अभियान भी चलाए थे। जमात के लीडर्स पर कट्टरपंथ को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यकों पर हमले के आरोप लगते रहे हैं। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर अब तक 75 केस दर्ज हो चुके हैं। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, हसीना पर मंगलवार को ढाका कोर्ट में 3 नए केस दर्ज हुए। इससे पहले, उन पर बोगुरा में हत्या का एक केस दर्ज हुआ था।

## ट्रम्प ने कमला हैरिस पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की

लिखा था– उन्होंने कामयाबी के लिए शारीरिक संबंध बनाए, 30 साल पुराने रिश्ते का हवाला दिया

वाशिंगटन, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, पोस्ट में लिखा है कि हैरिस ने शारीरिक संबंधों का इस्तेमाल कर राजनीति में अपने करियर को आगे बढ़ाया है।

दरअसल, 1990 के दशक में हैरिस उम्र में 30 साल बड़े सैन फ्रांसिस्को के पूर्व मेयर विली ब्राउन के साथ रिलेशनशिप में थीं। तब वे कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली के स्पीकर भी थे। ट्रम्प ने पोस्ट के जरिए आरोप लगाया है कि विली ब्राउन के साथ अपने रिश्ते के जरिए हैरिस को राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिली।

# आरएडब्ल्यू ने कराया बलूचिस्तान में हमला

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गवर्नर कामरन टेसोरी ने बुधवार को बेबुनियाद आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में हाल में हुए घातक हमलों के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू) और पड़ोसी अफगानिस्तान का हाथ है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में मौजूद रॉ का सेटअप पाकिस्तान में आतंकवादियों को मदद कर रहा है।

पाकिस्तानी अखबार ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, टेसोरी ने कहा कि 'हमारे खिलाफ यह साजिश दो जगहों से रची जा रही है। यह अफगानिस्तान में मौजूद रॉ से जुड़ी हुई है और सभी गतिविधियां (हमले) अफगानिस्तान में रॉ के सेटअप के जरिए पाकिस्तान में की जा रही हैं।'

उन्होंने हमला करने वालों को अराजकतावादी बताया जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और उसके सशस्त्र बलों के पीछे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी निवेश, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के विकास या यूएई और तुर्की जैसे देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों में सुधार होता है, ये हमले बढ़ जाते हैं। टेसोरी ने भारतीय खुफिया एजेंसी के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि 'आरएडब्ल्यू नहीं चाहती कि सीपीईसी परियोजनाएं पाकिस्तान में पूरी हों। वे नहीं चाहते कि पाकिस्तान पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में सुधार करे।'

पिछले सप्ताह के आखिर में बलूचिस्तान में आजादी के समर्थक विद्रोहियों ने बड़ा हमला किया था।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने बताया था कि हमलों 38 मासूमों की जान गई। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने बताया कि विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई में सुरक्षाबलों के 14 जवान मारे गए थे। बलूच अलगाववादियों ने एक राजमार्ग पर कब्जा कर लिया था, जिसमें 23 लोगों को मार दिया गया था। बलूच विद्रोहियों ने इन सभी को सेना या सुरक्षाबलों का जवान बताया था। बलूच विद्रोहियों ने दावा किया था कि उन्होंने अलग-अलग हमलों में 60 से अधिक लोगों को मारा है। बलूच विद्रोहियों का हाल के वर्षों में यह सबसे बड़ा हमला है। मंगलवार की रात बलूच विद्रोहियों ने एक और महत्वपूर्ण राजमार्ग पर कब्जा करने का प्रयास किया लेकिन पाकिस्तानी सुरक्षबलों के हस्तक्षेप के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा।

बलूच नेशनलिस्ट पाकिस्तान से अलग होकर बलूचिस्तान को अलग देश बनाना चाहता हैं। बलूचिस्तान बंदरगाह, सोने और तांबे की खदान और चीनी नेतृत्व वाली परियोजनाओं के चलते पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है।

## पाकिस्तानी आतंकी गोरी ने भारत पर हमले की धमकी दी

स्लीपर सेल्स से कहा– ट्रेनों को पटरियों से उतारो, हिंदू नेताओं के खिलाफ जंग छेड़ दो

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी में रह रहे भारत के वांटेड आतंकी फरहतुल्लाह गोरी ने एक वीडियो में भारत पर हमले की धमकी दी है। उसने अपने स्लीपर सेल्स से दिल्ली-मुंबई समेत दूसरे शहरों में ट्रेनों को पटरियों से उतारने और सप्लाई चेन को डिस्टर्ब करने के लिए कहा। यह वीडियो तीन हफ्ते पहले टेलीग्राम पर अपलोड किया गया। बुधवार, 28 अगस्त को यह मीडिया में सामने आया। वीडियो में गोरी आतंकियों से कह रहा है, 'बम विस्फोट में प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करें। भारत सरकार की खुफिया एजेंसियां और ईडी उनकी संपत्तियों को निशाना बना रही हैं। इससे स्लीपर सेल नेटवर्क कमजोर पड़ रहा है। हम वापस आएंगे और सरकार को हिलाकर रख देंगे।' दूसरी तरफ रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेस में ट्रेन की पटरियों पर पत्थर रखने की घटनाओं को संवेदनशील बताया।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के लिए शुरू हुई नई जंग

## पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चल दी नई चाल, चीन का भी साथ

वॉशिंगटन, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दूसरे वश्वियुद्ध के बाद से ही दुनिया में बहुत बदलाव हो गया है। अब दुनिया बहुध्रुवीय विश्व की ओर बढ़ चुकी है। इसके बाद भी वश्वि के सबसे शक्तिशाली संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई। अब भारत समेत जी 4 देशों की लगातार मांग के बाद इस वैश्विक संगठन में करीब 80 साल बाद सुधारों की पहल शुरू होने जा रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अभी अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन स्थायी सदस्य हैं। पश्चिम, एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया समेत दुनिया के कई अहम हिस्सों का इस संगठन में कोई प्रतिनर्धित्व नहीं है। इस संगठन अब एक बार फिर से सुधार की मांग को जोर दिया जा रहा है। सितंबर महीने में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आम सभा की वार्षिक बैठक होने जा रही है। सियरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस मादा बायो ने एक बार फिर से अफ्रीका के दावे को



पुरजोर तरीके से उठा दिया है। वह सुरक्षा परिषद में अफ्रीका के लिए दो स्थायी सदस्यता चाहते हैं। इस बीच भारत ने भी एक बार फिर से दुनिया से निर्णायक और पारदर्शी तरीके से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने पिछले दिनों जोर देकर कहा था कि सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए और ज्यादा निर्णायक और पारदर्शी तरीका अपनाया जाए। भारत ने मांग की है कि लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के लिए लिखति बातचीत हो। उन्होंने कहा कि कई कदमों को उठाए जाने के बाद भी सुधारों की दिशा में यह प्रगति अभी भी बहुत धीमी है। साथ ही मुद्दे की जटिलता को देखते हुए अपेक्षा पर खरा नहीं उतरता है। भारत ने आईजीएन फ्रेमवर्क में लिखति बातचीत पर लगातार जोर दिया है ताकि इस दिशा में ठोस प्रगति हो सके लेकिन यह अभी तक हो नहीं पाया है। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए और ज्यादा ठोस और अर्जेंट रवैये पर जोर दिया। योजना पटेल ने कहा कि बिना लिखित बातचीत aके कोई भी ठोस प्रगति नहीं होगी जिससे यह सुधारों की प्रक्रिया बेकार साबित होगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने कहा है कि उन्हें बहुत उम्मीद है कि सदस्य देश अपना विवेक दखिाएंगे ताकि सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर रिजल्ट हासिल किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासचिव सुधारों को लेकर बहुत मुखर रहे हैं और उनकी खास कोशिश है कि अफ्रीका के एक देश को कम से कम सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता मिल सके। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर फरवरी 2009 में पूरी तरह से बातचीत शुरू हुई थी। इसमें 5 क्लस्टर बनाए गए थे जिसमें मेंबरशिप की कटेगरी, वीटो पावर, क्षेत्रीय प्रतिनधित्व, सुरक्षा परिषद में कितने नए सदस्य शामिल किए जाएं आदि शामिल थे। भारत ने जर्मनी, ब्राजील और जापान के साथ मिलकर जी 4 ग्रुप बनाया है। ये देश चाहते हैं कि सुरक्षा परिषद में 6 अतिरिक्त स्थायी और 4 अस्थायी सदस्य शामिल किए जाएं। वहीं पाकिस्तान ने इटली के साथ मिलकर यूएफसी ग्रुप बनाया है। पाकिस्तान को चीन का भी पर्दे के पीछे से पूरा समर्थन मिला हुआ है। पाकिस्तानी ग्रुप अतिरिक्त स्थायी सदस्य संख्या बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है।

# प्रदर्शन के बीच सुनार की हत्या मामले में पुलिस सख्त


## पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री गिरफ्तार

ढाका, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार बनने के बाद से लगातार सख्ती जारी है। यहां की पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी पर अब शिकंजा कसा गया है। इन्हें हाल ही में आरक्षण को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सुनार की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

बता दें, 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दीन मिलन की हत्या के आरोप में मुंशी और पूर्व स्पीकर चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, मामले में कई अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। 46 साल की चौधरी ने अप्रैल 2013 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश जातीय संसद की पहली महिला स्पीकर के रूप में काम किया।

मीडिया रिपोर्ट अनुसार, मिलन की 19 जुलाई को रंगपुर में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्र आंदोलन कर रहे





थे। ये आंदोलन बाद में एक जन विद्रोह में बदल गया था। हालात इतने बदतर हो गए थे कि पांच अगस्त को 76 वर्षीय हसीना शेख को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत भागना पड़ा।

जब सिटी बाजार इलाके में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों और अवामी लीग के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, तो पुलिस ने आदेश के तहत अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान मिलन को भी गोली लग गई और उसे रंगपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए थे। हालांकि, जुलाई के मध्य में छात्रों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 600 से अधिक हो गई थी।हसीना सरकार के गिरने के बाद अवामी लीग के कई वरिष्ठ नेता, सांसद और पूर्व मंत्री छिप गए थे।

मुंशी भी पांच अगस्त से छिपे हुए थे। वह अवामी लीग सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल में वाणिज्य मंत्री बने थे।

# टीटीपी के हमलों से दहशत में पाकिस्तान

## तालिबान नहीं माना तो संयुक्त राष्ट्र से लगाई गुहार

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलों से दहशत में आए पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के सामने गुहार लगाई है। इस्लामाबाद ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र को बताया कि पाकिस्तान के अंदर हमला करने के लिए टीटीपी अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान के केंद्रीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि इंद्रिका रत्वाटे के साथ बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से सीमा पर से हो रहे आतंकवादी हमलों को रोकने में भूमिका निभाने का आग्रह किया। पड़ोसी अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। अफगानिस्तान से लगी उत्तरी सीमा पर टीटीपी ने बड़े हमलों को अंजाम दिया है, जिसमें पाकिस्तानी सुरक्षाबलों और



पाकिस्तान में विदेशी निवेश को खास तौर पर निशाना बनाया गया है। इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई की बार-बार मांग की है लेकिन काबुल की तालिबान सरकार ने इससे इनकार किया है। टीटीपी के मुद्दे पर अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर काफी तनाव रहा है। पाकिस्तानी न्यूज आउटलेड ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्री और संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत के दौरान टीटीपी मुद्दा और अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल मुख्य चर्चा बिंदुओं में से एक था। एक आधिकारिक बयान में मंत्री के हवाले से कहा गया कि आतंकवाद एक वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान इससे सबसे अधिक प्रभावित देश है। उन्होंने इस बात पर जोर डाला कि पाकिस्तान के सुरक्षाबलों, पुलिस और लोगों ने आंतकवाद के खिलाफ युद्ध में कुर्बानी दी है। पाकिस्तानी गृह मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तान में होने वाले आतंकवादी हमलों में टीटीपी के शामिल होने के बार में जानकारी दी।

# जिनपिंग का दर्शन, भारत-चीन युद्ध

## चीनी सरकार अब स्कूली बच्चों का दिमाग करेगी कंट्रोल, बदला पाठ्यक्रम

बीजिंग, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन में लोगों की जिंदगी पर सख्त नियंत्रण रखने वाली कम्युनिस्ट सरकार ने अब स्कूलों बच्चों के दिमाग को भी कंट्रोल में करने जा रही है। इसके लिए प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल में छात्रों को नैतिकता और कानून पर नई पाठ्यपुस्तकें सौंपी जाएंगी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के हवाले से यह जानकारी दी है। अगले सप्ताह से शुरू हो रहे सेमेस्टर में छात्रों को ये पुस्तकें सौंप दी जाएंगी। नैतिकता और कानून को 2016 तक विचारधारा और राजनीति के नाम से जाना जाता था। यह एक अनिवार्य विषय है जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देता है।

नई पाठ्यपुस्तकों में जिन विषयों को हाइलाइट किया गया है, उसमें राष्ट्रपति का राजनीतिक दर्शन, शी जिनपिंग विचार शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि पारंपरिक चीनी संस्कृति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी जोर दिया जाएगा। चीन में सभी नागरिकों को नौ साल की अनिवार्य शिक्षा दी जाती है। इसमें छह साल प्राथमिक विद्यालय में और बाकी जूनियर हाई स्कूल पढ़ाई करनी होती है। चीन के सरकारी मीडिया ने बताया कि नई पाठ्यपुस्तकों का उपयोग शुरू में पहली और सातवीं कक्षा में किया जाएगा। तीन साल के भीतर इसे सभी 9 कक्षाओं तक बढ़ा दिया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नैतिकता और कानून की नई पाठ्यपुस्तक शी जिनपिंग के विचारों की मुख्य सामग्री और ऐतिहासिक स्थिति से परिचय कराएगी। आधिकारिक तौर पर इसे 'नए युग के लिए चीनी विशेषताओं के साथ समाजवाद पर शी जिनपिंग के विचार' के रूप में जाना जाता है। साल 2018 में चीन के संविधान में शी के राजनीतिक दर्शन को शामिल किया गया था। हाल में इसमें आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और पर्यावरण मामलों के साथ-साथ कानून, प्रचार और पार्टी अनुशासन पर उनके निर्देशों को शामिल करते हुए सात पहलुओं को शामिल किया गया है।

इतिहास की नई पाठ्यपुस्तकों में चीन और भारत के बीच 1962 में हुए सीमा युद्ध को शामिल किया जाएगा। यह युद्ध चार सप्ताह तक चला था। चीन और भारत के बीच हिमालयी सीमा को लेकर विवाद है, जिसमें 120,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। दोनों देशों के बीच 2020 में सैनिकों की झड़प हुई थी। इसके बाद से ही सीमा पर दोनों देशों ने बड़ी संख्या में सैनिक तैनात कर रखे हैं।

# ब्रिटेन में हेट स्पीच फैलाने वाली 24 मस्जिदों की जांच

## पाकिस्तानी मूल के लोग चलाते हैं, दोषी हुए तो 14 साल की जेल

लंदन, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन में हेट स्पीच के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। हेट स्पीच के आरोप में 24 मस्जिदों की जांच की जा रही है। इन मस्जिदों को पाकिस्तानी मूल के लोग चलाते हैं। ये मस्जिद ब्रिटेन के लंदन, बर्मिंघम, लिवरपूल और मैनेचेस्टर जैसे शहरों में हैं। इन मजिस्दों से गैर मुस्लिमों के खिलाफ हेट स्पीच के फतवे जारी किए गए थे। इन मस्जिदों से आतंकी संगठन हमास और उसके सदस्यों के समर्थन में भी हेटस्पीच देने के आरोप हैं। आरोपियों को दोषी पाए जाने पर 14 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। गाजा में जंग शुरू होने के बाद से इन मस्जिदों से घृणा फैलाने की कई शिकायतें आईं। इन पर ऐसे मौलवियों और धर्म प्रचारकों को बुलाने का आरोप है जो इजराइल और यहूदियों के खिलाफ जहर उगलते हैं। जुलाई में लेबर सरकार के सत्ता में आने के बाद इस पर सख्ती हुई है। ब्रिटेन सरकार ने 24 से अधिक ऐसी मस्जिदों की गतिविधियों और फंडिंग की जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले की जांच कर रहे चैरिटी आयोग की प्रमुख हेलेन स्टीफेंसन ने बताया, "हम इसकी जांच कर रहे हैं और यह भी विचार कर रहे हैं कि क्या नियमों का उल्लंघन करने वाली मस्जिदों से उनका धर्मार्थ दर्जा छीना जाना चाहिए।'' बर्मिंघम की मोहम्मदी मस्जिद के मौलवी अबू इब्राहिम हुसैन ने नमाजियों से कहा, "ऐ मुसलमान, मेरे पीछे एक यहूदी है, आओ और उसे मार डालो।'' मोहम्मदी ट्रस्ट को पिछले दो साल में सरकार से 12 लाख रुपए अनुदान मिला है। पूर्वी लंदन में तौहीद मस्जिद में मौलीवी शेख सुहैब हसन ने इजराइल में हमास के हमले को जायज ठहराया था।

# तूफान 'शानशान' ने मचाया कोहराम, तीन लोगों की मौत

टोक्यो, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू पर तूफान 'शानशान' ने दस्तक दे दी है। इसके कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। वहीं, घरों की छतें उड़ गईं, खिड़कियां टूट गईं और जगह-जगह पेड़ गिरे हुए नजर आए। वहीं, अधिकारियों ने हजारों लोगों को जगह खाली करने की सलाह दी।

मौसम विभाग ने बताया कि शक्तिशाली तूफान सुबह करीब आठ बजे टकराया। यह 252 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। वहीं, कागोशिमा प्रान्त के अधिकांश हिस्सों में विशेष तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इसके कारण सार्वजनिक परिवहन संचालकों ने रेलगाड़ियां और उड़ानें रद्द कर दी गई है। तूफान उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। क्यूशू के बिजली विभाग ने बताया कि 2,54,610 घरों में बिजली गुल है। जापान मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि कागोशिमा में खतरनाक तूफान और ऊंची लहरों की विशेष चेतावनी जारी की जा रही है। तूफान, तेज हवा और ऊंची लहरों के साथ-साथ भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और दक्षिणी क्यूशू में उफनती नदियों को देखते हुए अधिक सतर्कता बरतें। मौसम विभाग ने आगे कहा कि कृपया यह भी सलाह दी जाती है कि शुक्रवार के पास आते ही पश्चिमी जापान में भारी बारिश के कारण आपदा का खतरा तेजी से बढ़ सकता है। तूफान शानशान के कारण मंगलवार से जापान के बड़े हिस्सों में भारी बारिश हो रही है।

# बाइडन और जिनपिंग के बीच जल्द होगी बात

## यूक्रेन ने नाटो की बैठक में गिनाईं प्राथमिकताएं

वाशिंगटन, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की अपील अदालत ने दस वर्षीय लड़की नाइला एंडरसन की मां की ओर से टिकटॉक पर दायर मुकदमे को फिर से खोल दिया है। नाइला टिकटॉक पर ब्लैकआउट गेम खेल रही थी, तभी उसकी मौत हो गई। फिलाडेल्फिया कोर्ट ऑफ अपील्स ने फैसला दिया कि कानून नाइला की मां को यह दावा करने का हक देता है कि टिकटॉक ने उनकी बेटी को चुनौती की सिफारिश की थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के साथ बीते 28 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के दौरान यूक्रेन की शीर्ष प्राथमिकता अपनी वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना और देश के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना है। बुधवार को नाटो की बैठक का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने कहा, आज, यूक्रेन-नाटो परिषद की बैठक हुई। हमारे रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की सबसे अहम जरूरतों--खास तौर पर वायु रक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के बारे में नाटो सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्रिवी रिह पर रूसी बैलिस्टिक मिसाइल ने हमला किया है। प्रभावित इलाके में हालात को समान्य बनाने के प्रयास पूरे दिन जारी रहे। उन्होंने कुपियांस्क में हुए हवाई हमलों का जिक्र कर कहा कि इमारत के मलबे में दबने के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। तूफान शानशान के कारण जापान के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने देश के दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इस इलाके में सबसे अधिक नुकसान होने की आशंका है। तूफान शानशान के दक्षिणी क्यूशू तक पहुंचने के बाद गुरुवार को भूस्खलन की आशंका भी जताई गई। मौसम विभाग ने 24 घंटे में 60 सेंटीमीटर (23.6 इंच) बारिश का अनुमान लगाया है। तूफान के कारण देश के अधिकांश हिस्सों, विशेष रूप से कागोशिमा प्रान्त में तेज हवाएं चलने का खतरा है। समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सितंबर के पहले हफ्ते में अमेरिका का दौरा करेंगे। वह 5 और 6 सितंबर की दरम्यानी रात अमेरिका रवाना होंगे। राहुल के दौरे को अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा को दी गई है। अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल ओवरसीज कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भारतवंशियों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। उद्योगपतियों और स्टार्टअप से जुड़े लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच जल्द ही बातचीत हो सकती है। व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी है। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों देशों के राष्ट्रपति आने वाले हफ्तों में ही फोन पर बातचीत कर सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत नवंबर में होने जा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच हो रही है।

# भारत वर्ल्ड पावर, पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा को लेकर रूस ने दिया अहम बयान

मॉस्को, 29 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में हुई यूक्रेन यात्रा को लेकर रूस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। रूस के विदेश मंत्रालय ने पीएम मोदी की यात्रा को यूक्रेन संकट के राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में किया गया व्यवहारिक प्रयास बताया है। रूसी विदेश विभाग ने भारत को एक प्रभावशाली वर्ल्ड पावर बताया है जो अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार अपनी विदेश नीति बनाता है। रूस ने यह भी कहा है कि वह यूक्रेन के मुद्दे पर अपने भारतीय दोस्तों के साथ बातचीत जारी रखने के लिए तैयार है। रूस का ये बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिन पहले हुई यात्रा के बाद आया है। एक सवाल के जवाब में रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम भारत का एक प्रभावशाली विश्व शक्ति के रूप में सम्मान करते हैं जो अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप एक स्वतंत्र विदेश नीति को जारी रखता है। विशेष विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदार के रूप में रूस-भारत की दोस्ती को महत्वपूर्ण मानते हैं।'

बयान में आगे कहा गया कि 'हम प्रधानमंत्री मोदी की कीव यात्रा को यूक्रेनी संकट के राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान में एक व्यवहारिक योगदान देने के प्रयास के रूप में देखते हैं। साथ ही अन्य देशों के प्रयासों को भी मानते हैं, जो निष्पक्ष संतुलित रुख अपना रहे हैं।' रूसी विदेश विभाग ने आगे कहा कि हम अपने भारतीय दोस्तों के साथ यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत जारी रखने को तैयार हैं।



# पायलट का राधामोहन को जवाब

## कहा- हमने बड़े-बड़ों का विरोध किया

## उपचुनाव में दो-दो हाथ होंगे, तब पता लगेगा




जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट को स्टेंट फोर्स बताने वाले भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास को लेकर राजस्थान में उठे सियासी विरोध के बाद जयपुर के जमवारामगढ़ में पायलट ने इस बयान पर पलटवार किया। पायलट ने कहा, 'भविष्य में क्या होगा ये तो जनता तय करेगी। प्रदेश में उपचुनाव भी होंगे। जो लोग मुझे जानते हैं वो यही कहेंगे कि हमने मर्यादा और संयम की सीमाओं को कभी पार नहीं किया। हमारे बड़े से बड़े विरोधी भी इस बात को मानते हैं। सचिन पायलट ने कहा कि राजनीति मुद्दों और सिद्धातों की हो। राजस्थान की पुरानी पंरपरा 'अतिथि देवो भवः' को निभाना जरूरी है। यहां जो भी आए, उसका स्वागत है। उन्हें पूरा अधिकार है कि अपनी बात को रखें, लेकिन मर्यादापूर्ण और संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। पायलट ने कहा कि राजनीति में विरोध करने की एक मर्यादा होती है। विचारों का विरोध हो सकता है, लेकिन भाषा की गरिमा रखनी जरूरी है। हम उस कांग्रेस से हैं जिसका 130 साल पुराना इतिहास है। हम सत्ता में पक्ष और विपक्ष सबको साथ लेकर चलते हैं। हमने भी बड़े नेताओं का वैचारिक तौर पर विरोध किया, लेकिन भाषा का स्तर कभी गिरने नहीं दिया।

सचिन पायलट ने आगे कहा कि जहां तक राजनीति की बात है, तो विधानसभा के उपचुनाव आने वाले हैं। दो-दो हाथ हो जाएंगे और सब पता लग जाएगा।

राजस्थान भाजपा प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने बीते दिन कहा था- विरोध करने का भी एक तरीका होता है। अगर, मेरी गाड़ी का कांच टूट जाता, मुझे लग जाता या युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा कुछ ऐसा हो जाता, जिससे मुझे चोट लग जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? उन्होंने आगे कहा कि अगर, मुझे कुछ भी होता है राजस्थान में तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सचिन पायलट की होगी। हालांकि, मैं चाहता हूं कि सचिन पायलट पर अपना मुंह न खोलूं। क्योंकि मैंने मुंह खोला तो उनकी समस्याएं बढ़ जाएंगी। वह पहले से ही परेशान हैं और अपनी पार्टी में पीड़ित हैं। इसलिए, मैं उनसे यही कहूंगा कि वह पहले अपनी पार्टी में सब कुछ ठीक करें, फिर दूसरी पार्टियों से लड़ाई करें।


दरअसल, पिछले तीन दिनों से राधा मोहनदास अग्रवाल कांग्रेस युवा मोर्चे के निशाने पर हैं। उन पर जवाहरलाल नेहरू, राजीव गांधी, राहुल गांधी और सचिन पायलट के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप है।

# कांग्रेस के समय के अफसरों को नहीं हटा पाएगी सरकार?

## गहलोत ने थपथपा ली पीठ

जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी को लेकर भजनलाल सरकार बुरी तरह से घिरती जा रही है। जिन अफसरों के खिलाफ विपक्ष में रहते हुए भाजपा लगातार आरोप लगा रही थी, वही अफसर मौजूदा सरकार को चला रहे हैं। आठ महीने की सत्ता के बाद भजनलाल सरकार इन अफसरों को टस से मस नहीं कर पाई है। इसे लेकर अब पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भी सरकार पर हमला बोला है और अपनी पीठ थपथपाई है।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने गुरुवार को आईएएस और आईपीएस के तबादलों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल पर तीखा हमला बोला। गहलोत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी सरकार के दौरान भाजपा ने प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी पर तमाम आरोप लगाए थे। हमारी सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आरएएस, आरपीएस की नियुक्तियों पर भाजपा के साथी अनर्गल टिप्पणियां करते थे। आज सरकार के करीब 8 महीने हो जाने के बाद भी सरकार चलाने वाले प्रमुख पदों पर हमारी सरकार के समय लगाए गए अधिकारी ही काबिज हैं। यह दिखाता है कि हमारी सरकार द्वारा की गईं नियुक्तियां पूरी तरह उचित थीं एवं भाजपा के आरोप पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। तबादला सूची के इंतजार में अब अधिकारियों के बीच भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है जिसके कारण जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि निकट भविष्य में कोई तबादला सूची नहीं आएगी जिससे अधिकारी अनिश्चितता की स्थिति को छोड़कर काम कर सकें।




**ब्यूरोक्रेसी को लेकर लगातार निशाने पर भजनलाल सरकार**

यह पहला मौका नहीं है कि राजस्थान में ब्यूरोक्रेसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले भी कई बार सत्ता पक्ष के लोग भी ब्यूरोक्रेसी की मनमानी पर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

**बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष जूली ने भी कसा था तंज**

हाल में खत्म हुए बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी बीजेपी पर तंज कसा था कि बीजेपी का बजट भी पिछली कांग्रेस सरकार के अफसरों की टीम ने बनाया है।

भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत

ब्यावर से भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत ने अफसरशाही हावी होने पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस राज के समय से बैठे अफसरों ने कई जगह बपौती जमा रखी है। कई सरकारी कार्यालयों में कांग्रेस के कार्यकाल से अफसर बैठे हुए हैं, वहां उन्होंने ऐसे बपौती जमा रखी है कि जैसे शासन तो हम चला रहे हैं।

देवी सिंह भाटी ने भी उठाए थे अफसरशाही हावी होने पर सवाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता देवी सिंह भाटी भी इससे पहले अफसरशाही के हावी होने पर सवाल उठा चुके हैं। भाटी ने पिछले दिनों कहा था कि अफसरशाही हावी है, नेता और विधायक मुख्य सचिव के यहां लाइन लगाकर खड़े रहते हैं। ब्यूरोक्रेसी हावी होने से नुकसान हुआ है। इसमें बदलाव लाया जाना चाहिए।

**जिस अरोड़ा के खिलाफ एसीबी जांच पेंडिंग, वही सरकार चला रहे**

वित्त विभाग के एसीएस अखिल अरोड़ा लंबे समय से वित्त विभाग में जमे हुए हैं। पिछली गहलोत सरकार में अरोड़ा के डीओआईटी चेयरमैन रहते हुए योजना भवन में करोड़ों रुपए कैश और सोने की सिल्लियां मिलीं।

इसके बाद एसीबी ने इनके खिलाफ डीओआईटी में भ्रष्टाचार को लेकर नामजद चिट्ठी सरकार को लिखी। इस चिट्ठी में 17-ए के तहत अरोड़ा के खिलाफ जांच की अनुमती मांगी गई। लेकिन जीरो टोलरेंस का दावा करने वाली सरकार ने न तो जांच की अनुमति दी और न ही अरोड़ा को वित्त विभाग जैसे अहम महकमें से हटाया। इनके अलावा डीओपी, गृह, पर्यटन जैसे बड़े विभागों में भी पिछली सरकार के समय से ही अफसर जमे बैठे हैं।

# बूंदी में फैला चिकनगुनिया का प्रकोप

## कई लोग बीमार, स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट

कोटा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। शहर के नैनवा रोड स्थित जवाहर नगर कॉलोनी में कई लोगों में चिकनगुनिया रोग जैसे लक्षण दिख रहे हैं। कॉलोनी की एक महिला सोनू शर्मा को चिकनगुनिया के लक्षणों के बाद कोटा की एक निजी लैब में कार्ड टेस्ट करवाया गया, जिसमें उनकी रिपोर्ट चिकनगुनिया पॉजिटिव आई है। इसके बाद से बूंदी चिकित्सा विभाग और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गए हैं। जिला कलेक्टर के निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने जवाहर नगर कॉलोनी में लोगों के ब्लड सैंपल लिए हैं।

बूंदी नगर परिषद के क्षेत्रीय पार्षद और कांग्रेस नेता टीकम जैन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में चिकनगुनिया जैसी भयंकर बीमारी फैलने का संदेह है, लेकिन जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि एडीएम सिटी से बात करने के बाद चिकित्सा विभाग ने सैंपलिंग के लिए टीम भेजी है।

राज्य सरकार की निशुल्क जांच योजना में चिकनगुनिया की जांच शामिल नहीं है, जिसके चलते लोगों को निजी लैब में जांच के लिए जाना पड़ रहा है।

**सीएमएचओ डॉ. सामर पहुंचे जवाहर नगर**

चिकनगुनिया जैसी बीमारी के लक्षणों की जानकारी मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर खुद जवाहर नगर पहुंचे और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। डॉ. सामर ने बताया कि क्षेत्र के कई लोगों ने चिकनगुनिया जैसे लक्षणों की शिकायत की है। जानकारी मिलते ही चिकित्सा टीमों को क्षेत्र में सर्वे और सैंपलिंग के काम पर लगाया गया है।

**गंदा पानी जमा न होने दें**

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने लोगों से आग्रह किया कि वे क्षेत्र में गंदा पानी जमा न होने दें। क्षेत्र के निवासी विपुल शर्मा, राजेश शर्मा, वैभव शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने सीएमएचओ से क्षेत्र में फॉगिंग करवाने और अधिक सैंपलिंग करवाने की मांग की।

उन्होंने यह भी मांग की कि चिकित्सा विभाग जल्द से जल्द चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारी की जांच निशुल्क योजना के तहत शुरू करे।

# ढाई हजार किमी के आठ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की डीपीआर स्वीकृत

## प्रदेश के सड़क नेटवर्क को मिलेगी मजबूती



जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेश में 2406 किमी के 8 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए डीपीआर बनाने की स्वीकृति जारी कर दी है। बजट घोषणा 2024-2025 के क्रियान्वयन में प्रदेश में 8 नए ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे चरणबद्ध रूप से बनाए जाने हैं। डीपीआर बनाने के लिए 30 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**आर्थिक विकास में तेजी आएगी, रोजगार बढ़ेगा**

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि इन एक्सप्रेस वे के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक विकास को पंख लगेगें। तेज और सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होने से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और औधोगिक विकास के नए अवसर सृजित होगे। इससे प्रदेश के कृषकों की पंहुच सीधी बडे बाजारों तक स्थापित होगी जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। एक्सप्रेस वे से पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी जिससे भी रोजगार के नए अवसर सृजित होगे और राजस्व में वृद्धि होगी।

**ये एक्सप्रेसवे हैं प्रस्तावित**

| *एक्सप्रेस वे* | *लम्बाई (किमी. में)* |
|---|---|
| कोटपुतली - किशनगढ़ | 181 |
| जयपुर - भीलवाडा | 193 |
| बीकानेर - कोटपुतली | 295 |
| व्यावर - भरतपुर | 342 |
| जालौर - झालावाड़ | 402 |
| अजमेंर - बांसवाड़ा | 358 |
| जयपुर - फलौदी | 345 |
| श्रीगंगानगर - कोटपुतली | 290 |
| कुल | 2406 |

# कांग्रेस विधायक रफीक खान पर हमला

## युवक ने मुक्का मारने का प्रयास किया, जनसुनवाई में पहुंचा था



**रफीक खान**
सचेतक, कांग्रेस

जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर की आदर्श नगर सीट से कांग्रेस विधायक रफीक खान पर एक युवक ने हमला किया गया। हालांकि, हमले में उन्हें चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि युवक ने विधायक रफीक खान को मुक्का मारकर उघायल करने का प्रयास किया। इस दौरान उसे पकड़ लिया गया। विधायक रफीक खान अपने घर पर जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान ही आरोपी युवक वहां मौजूद था। जैसे ही विधायक रफीक खान अपने घर से विधानसभा जाने के लिए निकले युवक ने उन पर हमला कर दिया।इस घटना के संबंध में वे आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर सकते हैं।

जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब विधायक खान विधानसभा जाने के लिए अपनी गाड़ी में बैठने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक, युवक ने उन पर हमला कर दिया। इस विधायक के समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई लगा दी। बाद में विधायक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। ताकि, यह सामने आ सके कि युवक ने विधायक पर हमला क्यों किया था। सूत्रों से अनुसार मारपीट करने वाला व्यक्ति एक एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के पति के रूप में हुई है। वह विधायक खान के पास अपनी किसी समस्या का समाधान कराने के लिए आया था।

## स्कूल की छुट्टी से 60 सेकंड पहले गिरी दीवार

# 1 मिनट के अंतराल ने बचा ली बच्चों की जिंदगी



श्री गंगानगर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोखरांवाली के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रात हुई तेज बरसात के बाद स्कूल के गेट से महज 50 फीट की दूरी पर स्थित एक घर की 18 इंच चौड़ी और 20 फुट लंबी पुरानी दीवार अचानक गिर गई।

यह घटना सुबह 10:14 बजे हुई, जबकि स्कूल की आधी छुट्टी 10:15 बजे होती है। गनीमत रही कि उस समय कोई भी बच्चा या राहगीर उस गली से नहीं गुजर रहा था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जिस गली में यह दीवार गिरी, वहां से गांव के 10-12 परिवारों के बच्चे स्कूल की आधी छुट्टी में खाना खाने के लिए घर जाते हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शी जोगिंदर सिंह गिल ने बताया कि उसने अचानक तेज धमाके की आवाज सुनी और बाहर आकर देखा कि दीवार गिर चुकी थी। उस वक्त रेत का धुआं चारों ओर फैल गया था। ठीक उसी समय स्कूल की घंटी बजने वाली थी। उसने बताया कि कुछ मिनट और देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# हिंदुस्तान जिंक के दरीबा माइंस में बड़ा हादसा, मलबा गिरने से 2 श्रमिकों की मौत

राजसमंद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजसमंद जिले के दरीबा स्थित हिन्दुस्तान जिंक की एस. के. माइंस में बड़ा हादसा घटित हुआ है। जहां हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भूमिगत खदान में काम करते समय मलबा गिरने से हादसा हो गया। दोनों श्रमिकों के शवों को बाहर निकाला जा चुका है।



**शवों को मोर्चरी में रखवाया**

जानकारी के मुताबिक, इस हादसे के बाद माइंस के उस क्षेत्र में काम बंद कर दिया गया, जहां हादसा हुआ। माइंस में श्रमिकों का प्रवेश बंद कर दिया है।

दोनों श्रमिकों के शव को हिन्दुस्तान जिंक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में श्रमिक एकत्रित हो गए।

जिसे देखते हुए रेलमगरा थाना अधिकारी प्रभु सिंह चुण्डावत भारी जाप्ते के साथ मौके पर तैनात है।

# डंपर में जा घुसी 3 दोस्तों की कार, एक युवक की मौत



झुंझुनू, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झुंझुनूं के सदर थानाक्षेत्र के गांव दोरासर में उदयपुरवाटी-झुंझुनूं सड़क मार्ग पर झुंझुनूं से लौट रहे 3 दोस्तों की कार डंपर के पीछे घुसने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया है। एएसआई आशुतोष ने बताया कि कार में सवार तीन दोस्त उदयपुरवाटी की तरफ से झुंझुनूं लौट रहे थे कि दोरासर गांव के बस स्टैंड के नजदीक आगे चल रहे डंपर से जा टकराई।

हादसे में कार में सवार नयासर निवासी 33 वर्षीय राजकुमार पुत्र दयाराम मीणा, नेता की ढाणी निवासी 35 वर्षीय विकास पुत्र मातूराम कुमावत और 34 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र रामकरण कुमावत घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से राजकीय भगवानदास खेतान अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने नयासर निवाासी राजकुमार मीणा को मृत घोषित कर दिया। जबकि नेता की ढाणी निवासी विकास व वीरेंद्र के गंभीर घायल होने पर जयपुर रैफर कर दिया गया। राजकुमार का शव बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।

# एक साथ 4 अर्थियां उठीं, क्रंदन और चीत्कार से दहल उठा गांव

झुंझुनू, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रींगस में हुए सड़क हादसे में प्रतापपुरा गांव के राजकुमार मीणा, उसकी मां संज्या देवी, बेटी अर्चना, भतीजा आजाद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर गांव प्रतापपुरा में शोक का माहौल हो गया। मृतकों के घर पर शाम तक हादसे की जानकारी नहीं दी गई। लेकिन जैसे ही शाम को चारों के शव गांव पहुंचे, उनके घर में कोहराम मच गया। मृतक राजकुमार के पिता प्रहलाद मीणा (90) सहित सभी घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



गांव में जब एक साथ चार अर्थियां उठीं और एक एक चिता पर लेटाकर चारों का अंतिम संस्कार किया गया तो हर किसी का दिल दहल उठा। एक साथ चार लोगों की मौतों से हर आंख में आसूं थे। सभी की आंखों में आसुंओं के साथ गम और अपनों के जाने का अफसोस साफ दिखाई दे रहा था। कोई मृतक के परिजन को ढांढस बंधा रहा था तो कोई उनके गम में गुमसुम बैठा था। घरों में चूल्हें नहीं जले।

**घर में अब कोई नहीं कमाने वाला**

मृतकों के परिवार के रमाकांत मीणा व रामवतार मीणा ने बताया की राजकुमार मीणा सेना से सेवानिवृत्त था। गांव में एक निजी स्कूल की बस चलाता था। खाली समय में खेती बाड़ी का काम करता था। राजकुमार का पूरा परिवार गांव प्रतापपुरा में ही रहता है। एक मकान झुंझुनूं के सुल्तानपुर सीटी के पास भी बना रखा है जिसे किराए पर दे रखा है। राजकुमार की पत्नी मंजू देवी गृहणी है। राजकुमार के तीन पुत्री व दो पुत्र हैं। दो पुत्रियों की शादी कर दी। एक पुत्री अर्चना की राजकुमार के साथ ही सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके दोनों पुत्र अभी पढ़ाई कर रहे हैं। राजकुमार के घर में अब कमाने वाला कोई नहीं है।

**एक भाई की पहले हो चुकी मौत**

राजकुमार के एक भाई की कई साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। एक भाई कृपाशंकर मीणा एलआइसी से सेवानिवृत्त हैं जो गांव में ही रहते हैं। वहीं सबसे छोटा भाई रोशनलाल मीणा रेलवे में हैं जो सीकर में रहते हैं।

**प्रतियोगी परीक्षा की कर रही थी तैयारी**

अर्चना एमएससी करके प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वहीं आजाद अपने माता पिता के साथ सीकर में रहकर कोचिंग कर रहा था। आजाद के पिता रोशनलाल मीणा रेलवे विभाग में सीकर में कार्यरत हैं। माता बबिता गुढा में नर्स हैं। वहीं एक भाई पढ़ाई कर रहा है बहन डाक्टर की तैयारी कर रही है।

# श्री गंगानगर में मादक पदार्थ डोडा पोस्त के साथ दो युवक गिरफ्तार



श्रीगंगानगर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी गौरव यादव के अनुसार रजियासर थाना पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कालूसर रोही में नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक संदिग्ध ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें छिपाकर रखे गए डोडा पोस्त के 14 पैकेट मिले। इन पैकेट्स में करीब 280.798 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ।

इस कार्रवाई में पुलिस ने चित्तौड़गढ़ जिले के मोड़ा का खेड़ा निवासी प्रकाश और सिरोड़ी निवासी रतनलाल को गिरफ्तार किया है। एसपी यादव ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त संबंधी जानकारी जुटाने के लिए आगामी अनुसंधान सूरतगढ़ सदर थाना पुलिस के निरीक्षक कृष्ण कुमार को सौंपा गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

# शांतिपूर्ण गणेश उत्सव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम : सुधीर बाबू

## अधिकारियों और भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के साथ सीपी की समन्वय बैठक



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू ने गणेश उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में नेरेडमेट में आयुक्त कार्यालय में भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के सदस्यों के साथ एक समन्वय बैठक की। उन्होंने उपस्थित लोगों से चर्चा कर मैदानी स्तर पर गणेश उत्सव आयोजकों के सामने आने वाली समस्याओं को जाना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना और विसर्जन तय योजना के मुताबिक और कहीं भी कोई गलती न हो इसके लिए पुलिस विभाग कड़ी मेहनत कर रहा है और समितियों के आयोजकों को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गणेश शोभा यात्रा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए पुलिस की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। भक्त गणेश उत्सव शांतिपूर्वक और भव्यता सेमनाना चाहते हैं, जो राज्य के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। उन्होंने सुझाव दिया कि मंडपों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सावधानियां बरती जानी चाहिए और गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। आयोजकों को सलाह दी गई कि वे तनावपूर्ण स्थिति में भी कानून को अपने हाथ में न लें और यह सुनिश्चित करें कि समारोह शांतिपूर्ण माहौल में हो। मंडपमों में डीजे की अनुमति नहीं है, स्वयंसेवकों को पूरे दिन गणेश मंडपम में, रात में कम से कम तीन बजे उपस्थित रहना चाहिए और प्रबंधन को भक्तों की यात्रा को ध्यान में रखते हुए मंडपम में कतारों की व्यवस्था करने के लिए कदम उठाना चाहिए। कम से कम अस्थायी आधार पर, उत्सव के अंत तक सीसीटीवी स्थापित किए जाने चाहिए, गणेश मंडप प्रबंधकों के विवरण और फोन नंबर, समिति के विवरण और मंडप के प्रभारी लोगों के फोन नंबर के साथ फ्लेक्सी स्थापित की जानी चाहिए। यह सुझाव दिया गया है कि मूर्तियों की ऊंचाई पास के तालाब या पोखर की गहराई के अनुसार निर्धारित की जानी चाहिए।

# सिम कार्ड खरीदने और बेचने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

## 1748 सिम कार्ड, 7 मोबाइल फोन बरामद



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वसनीय सूचना पर आयुक्त टास्क फोर्स, पूर्वी क्षेत्र की टीम ने एबिड्स पुलिस के साथ, एक कंपनी के पूर्व-सक्रिय सिम कार्ड खरीदने और बेचने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा, उनके कब्जे से 1748 सिम कार्ड, 7 मोबाइल फोन और 7460 रुपये की शुद्ध नकदी जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में सुरा वेंकटेश उर्फ वेंकी, निवासी गुडुरु मंडल, नेल्लोर, एपी, नल्ला इमामसबगारी सद्दाम हुसैन, निवासी मैदुकुर (मंडल), कडप्पा जिला, आंध्र प्रदेश, दानम विजय कुमार, निवासी विद्या नगर, कॉलोनी, कोत्तगुडेम, तेलंगाना, गोडथला गोवर्धन, निवासी कुकटपल्ली, हैदराबाद, बालकृष्णन मणिकंदन निवासी मदंबकम, चेन्नई शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सुरा वेंकटेश गुडूर, नेल्लोर जिले का निवासी है और उसने बीटेक की पढ़ाई पूरी की है और बैंगलोर में एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में काम करता था। वह वर्ष 2022 में उसने नौकरी छोड़ दी और थोक नींबू का व्यवसाय शुरू किया और घाटे में चला गया। तब वह बेरोजगार था, इस बीच, सोशल मीडिया के माध्यम से, उसे खुले बाजार में प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड की मांग के बारे में पता चला, जिसका उपयोग साइबर जालसाज और ऐसे व्यक्ति कर रहे थे जो अपनी पहचान छिपाने के लिए अपराध करते थे। चूंकि प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड की मांग थी, इसलिए सुरा वेंकटेश ने सद्दाम हुसैन से मिलिए।

वह आरएस एंटरप्राइजेज, बडवेल, कडप्पा के नाम से सिम कार्ड बेचने का व्यवसाय चला रहा है, ने उसे थोक में सिम कार्ड की आपूर्ति करने के लिए कहा और प्रत्येक के लिए 400 रुपये देने की पेशकश की। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुसार किसी भी सिम को सक्रिय करने के लिए आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र आदि जैसे पहचान प्रमाण एकत्र करने की आवश्यकता होती है, प्रत्येक व्यक्ति प्रति दिन आधार कार्ड पर दो सिम कार्ड प्राप्त कर सकता है, एक सिम कार्ड ई केवाईसी के माध्यम से जारी किया जाता है, और एक अन्य सिम कार्ड आईडी प्रमाण को मैन्युअल रूप से स्कैन करके जारी कर सकता है जिसे डी-केवाईसी कहा जाता है, क्योंकि प्रति व्यक्ति को प्रति दिन दो सिम कार्ड प्रदान करने का प्रावधान था, फिर सद्दाम हुसैन ने अपने स्टोर पर आने वाले ग्राहक के नाम पर एक अतिरिक्त सिम कार्ड खरीदने की योजना बनाई। इसी तरह, वह ग्राहकों के आधार कार्ड एकत्र करता था और ई केवाईसी के माध्यम से सक्रिय करके एक सिम कार्ड जारी करता था, फिर ग्राहक की जानकारी के बिना अवैध रूप से ग्राहक आईडी प्रमाण को स्कैन करके मैन्युअल रूप से एक और सिम सक्रिय करता था अब तक करीब 2000 प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड वेंकटेश को सौंपे जा चुके हैं। फिर खरीदे गए प्री-एक्टिवेटेड सिम को बालाकृष्णन मणिकंदन निवासी चेन्नई को 800 रुपये में दिया जाता था, बदले में वह इसे राजेश निवासी तंजावुर को भेजता था, जो वर्तमान में कंबोडिया देश में कॉल सेंटर चलाता है। सूचना मिलने पर पर टास्कफोर्स ईस्ट जोन ने अबिड्स पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों को मरजान होटल, अबिड्स, हैदराबाद के पास से गिरफ्तार किया।

# तेलंगाना के सांसदों ने एससीआर जीएम से मुलाकात की



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना महबूबाबाद के सांसद पोरिका बलराम नाइक, भोंगीर के सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी, पेड्डापल्ली के विधायक चौधरी विजया रमण राव और तेलंगाना राज्य सड़क विकास निगम के अध्यक्ष मालरेड्डी राम रेड्डी ने गुरुवार को सिकंदराबाद के रेल निलयम में एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से मुलाकात की। अरुण कुमार जैन ने हाल के दिनों में दक्षिण मध्य रेलवे के प्रदर्शन के बारे में गणमान्य व्यक्तियों को जानकारी दी।

महाप्रबंधक ने तेलंगाना राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं की प्रगति के बारे में गणमान्य व्यक्तियों को अवगत कराया। गणमान्य व्यक्तियों ने अपने अधिकार क्षेत्र से संबंधित विभिन्न रेल विकास संबंधी मुद्दों के बारे में महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपे। महाप्रबंधक ने कहा कि नए कार्यों/सेवाओं के प्रस्तावों को तैयार करते समय सांसदों से प्राप्त मूल्यवान इनपुट और फीडबैक पर उचित विचार किया जाएगा।



बंडलागुड़ा स्थित श्री आईजी सेवा संघ में सीरवी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, उपाध्यक्ष रमेश पंवार, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पंवार, उपाध्यक्ष वोराराम भायल, सहसचिव रमेश परिहार का सम्मानकर उपस्थित अध्यक्ष जे.सी. चोलाराम हाम्बड़, अ.भा.सीरवी महासभा अध्यक्ष हरजीराम काग, भाजपा नेता सोहनसिंह राजपुरोहित, गौशाला सचिव हुक्माराम सनपुरा, रामलाल बर्फा, पारसमल शर्मा, मोतीलाल काग, गणेशराम बर्फा, कालुराम चिंतल, नारायणलाल सीन्दड़ा, ओंकारराम हाम्बड़ व समाज बन्धु।

# गणेश उत्सव के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आयोजकों के साथ समन्वय करें : मुख्यमंत्री

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि गणेश नवरात्रि समारोह के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार और आयोजकों के बीच समन्वय आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सचिवालय में आगामी गणेश नवरात्रि समारोह पर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गणेश नवरात्रि उत्सव के सुचारू संचालन के लिए सभी के सुझाव और विचार लेने के लिए बैठक आयोजित की गई थी। राज्य सरकार को गणेश पंडालों को मुफ्त बिजली प्रदान करने पर कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, पंडाल लगाने के लिए सभी को पुलिस विभाग से अनुमति लेनी होगी। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को आवेदनों की समीक्षा करने और पंडालों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाने में सावधानी बरती जानी चाहिए, मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि विसर्जन के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए और सभी विभागों को समन्वय में काम करना चाहिए। प्रत्येक क्षेत्र में समन्वय समितियां नियुक्त की जानी चाहिए। वीवीआईपी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, 17 सितंबर तेलंगाना के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। रेवंत रेड्डी ने कहा, 17 सितंबर को होने वाले राजनीतिक और गैर-राजनीतिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए एक कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। बैठक में मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मिट्टी के गणपति स्थापित करने का अभियान शुरू

हैदराबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। नागरिक और स्फूर्ति सेवा संघ के संस्थापक पुट्टा रामकृष्ण के अनुसार इस वर्ष 50-70 प्रतिशत मिट्टी से बनी गणपति की पूजा की जाएगी।

माडुगुला के रामकृष्ण जो हैदराबाद में कार्यरत हैं उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ घटनाओं से प्रभावित होकर उन्होंने इस बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया है। पिछले दो वर्षों से उन्होंने मिट्टी के गणपति की स्थापना और सभी को घर पर मिट्टी के गणपति की पूजा करने के लिए अभियान शुरू किया। इस बार अनेक अधिकारियों, राजनीतिक नेताओं, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों और फिल्मी हस्तियों के सहयोग और भागीदारी से तेलुगु राज्यों में वे इस अभियान को आगे ले जा रहे हैं। पुट्टा रामकृष्ण का अनुमान है कि इस साल 70 प्रतिशत लोग मिट्टी के गणेश की पूजा करेंगे। उन्होंने बताया कि गांवों में कुछ हद तक मिट्टी के गणपति का उपयोग किया जाता है, लेकिन ज्यादातर लोग रंग-बिरंगे प्लास्टर ऑफ पेरिस के गणेश की ओर आकर्षित होते हैं। प्लास्टर ऑफ पेरिस के गणेश बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले रंग पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं और रंगीन मूर्तियों के विसर्जन से पानी में मौजूद कई जीवों को नुकसान पहुंच सकता है।

# युवक को आजीवन कारावास

## नाबालिग से बलात्कार मामले में दोषी

संगारेड्डी, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पोक्सो अदालत ने एक युवक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। आरोपी का नाम मोहम्मद जब्बार (19) है, जो मोगुदमपल्ली के मन्नापुर का रहने वाला है। जहीराबाद के डीएसपी के राममोहन रेड्डी के अनुसार, जब्बार ने 2018 में अपने घर के पास रहने वाली एक दृष्टिबाधित और सुनने में अक्षम 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। चिरागपल्ली पुलिस ने पीड़िता के परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद उसके खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने गुरुवार को जब्बार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एसपी चेन्नुरी रूपेश ने पुलिस अधिकारियों और सरकारी वकील की उनके समर्पित प्रयासों के लिए सराहना की।

# चोरों ने दम्पति पर हमला कर जेवरात व नकदी लूटा

भूपालपल्ली, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चोरों ने गुरुवार तड़के बसवापुर गांव में एक घर में घुसकर निवासियों को चाकुओं से घायल कर दिया और सोने के आभूषण और एक लाख रुपये नकद लूट लिए। रिपोर्ट के अनुसार, चोर दंपति तिरुपति और स्वर्णलता के घर में घुसे और जब उनकी पत्नी ने चोरी का विरोध किया तो उन्होंने उसका गला रेत दिया। महिला की मदद के लिए चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने घायल दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया। लोगों के पहुंचने से पहले ही चोर लूट का माल लेकर भाग गए। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# दुर्घटना में आरजीआई एयरपोर्ट के कर्मचारी की मौत

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शमशाबाद में बुधवार रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। शमशाबाद के सिद्धांती निवासी एस महेश (33) आरजीआई एयरपोर्ट पर काम करते थे। बुधवार की रात को महेश अपनी ड्यूटी के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे और नीम ट्री होटल के पास पहुंचने पर एक अन्य बाइक सवार ने तेज गति से गाड़ी चलाते हुए महेश की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। आरजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर के कारण पीड़ित सड़क पर गिर गया और उसके सिर में चोट लग गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बाइक सवार की पहचान करने के प्रयास कर रही है।

# श्री बालाजी मसाला एजेंसी का शुभारम्भ



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बेगम बाजार लक्ष्मी बालाजी कॉम्प्लेक्स स्थित श्री बालाजी मसाला एजेंसी का भव्य शुभारम्भ पूजा-अर्चनाकर मुख्य अतिथि मास्टर शेफ इंडिया फेम कौशल्या चौधरी के करकमलों द्वारा बुधवार 28 अगस्त मध्याह्न 1.15 बजे किया गया।

विज्ञप्ति में आयोजक प्रेमसुख सांगवा, बुधाराम जाट ने संयुक्त रूप से बताया कि भाग्यनगर की पावन धरा पर पहली बार सीधी मारवाड़ी के मसाला प्रोडक्टस् शोरुम का भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में बहुत से शुभचिंतक ग्राहक व सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।

विशेषकर मास्टर शेफ इंडिया फेम कौशल्या चौधरी की एक झलक पाने के लिए महिलाओं की विशेष भीड़ रही।

अल्पाहार की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। सम्मानित अतिथि बलदेवराम भाटी, रंजीत प्रजापत, छगन पुनिया, भंवरलाल जाट, दूदाराम बाबल, सोहनलाल बांगडा, सतपाल जाट, हनुमान छिणंग, मौनिका जाट, कंचन शर्मा, गुड्डी प्रजापत, पूजा सीरवी का आयोजको द्वारा राजस्थानी साफे, शॉल व पुष्प माला द्वारा स्वागत किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि कौशल्या चौधरी ने भाग्यनगर की धरा पर पहली बार श्री बालाजी मसाला एजेन्सी सीधी मारवाडी के भव्य शोरूम शुभारम्भ पर आयोजको को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सीधी मारवाड़ी मसाला प्रोडक्टस् में विभिन्न प्रकार के मारवाड़ के मशहूर, प्रकृति से जुड़े उच्च क्वालिटी के मसाले, कच्ची घाणी तेल, सुखी हुई मारवाड़ी सब्जीयां एक ही छत के नीचे सम्मानित ग्राहकों के लिए उचित दामों पर उपलब्ध करायी जाएगी।

आयोजक चेनाराम प्रजापत ने कार्यक्रम मे पधारे विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, भामासाहो व आमंत्रित सम्मानित ग्राहकों का तहदिल से आभार प्रकट किया। आयोजक प्रेमसुख सांगवा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मंत्री ने समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पौधे लगाने का आग्रह किया

**भविष्य में हवा खरीदने की चेतावनी दी**

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने राज्य की समृद्धि के लिए पेड़ लगाने के महत्व पर जोर दिया, चेतावनी दी कि प्रकृति की उपेक्षा करने से भविष्य में ऐसा हो सकता है, जहां हवा भी खरीदनी पड़ सकती है। गुरुवार को नेकलेस रोड पीपुल्स प्लाजा में आयोजित अखिल भारतीय बागवानी शो, 16वें ग्रैंड नर्सरी मेले के उद्घाटन पर बोलते हुए, मंत्री ने शहरों में पानी खरीदने की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला, और चेतावनी दी कि ऑक्सीजन अगला कदम हो सकता है। मंत्री तुम्मला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम पहले से ही दिल्ली जैसे शहरों में ऑक्सीजन स्टेशन स्थापित होते देख रहे हैं। यह सिर्फ पानी नहीं है, यहां तक कि हवा भी खरीदी जा रही है। इससे बचने के लिए, हमें अधिक पेड़ लगाने और हरियाली को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार बागवानी निदेशक के मार्गदर्शन में विशेष रूप से हैदराबाद में छत पर बगीचे, ऊर्ध्वाधर उद्यान और घरेलू पौधों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। कृषि विभाग द्वारा नागरिकों को अपने घरों और बगीचों में हरे पौधे और सब्ज़ियां उगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि इन पौधों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से परिवार स्वस्थ रहें। मंत्री ने हैदराबाद के महानगरीय शहर के रूप में विकसित होने के साथ-साथ समाज की खुशी और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हरियाली को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# मानव तस्करी के मूल कारणों पर ध्यान देना आवश्यक : सीतक्का

## मानव तस्करी में उभरते रुझानों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर राष्ट्रीय परामर्श पर संगोष्ठी



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा विंग ने अंतर्राष्ट्रीय न्याय मिशन (आईजेएम) के साथ साझेदारी में हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एचआईसीसी), नोवोटेल, माधापुर में मानव तस्करी में उभरते रुझानों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर राष्ट्रीय परामर्श शीर्षक से दो दिवसीय संगोष्ठी की मेजबानी की। संगोष्ठी ने प्रमुख हितधारकों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और मानव तस्करी से निपटने के लिए सहयोगी रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुआ, जिसके बाद प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों के प्रभावशाली भाषण हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया सीतक्का, सम्मानित अतिथि, पुलिस महानिदेशक, तेलंगाना डॉ. जितेन्द्र, पुलिस महानिदेशक, महिला सुरक्षा विंग, तेलंगाना शिखा गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय न्याय मिशनडेनियल अजॉय वर्गीस, निदेशक, आरबीवीआरआर, तेलंगाना राज्य पुलिस अकादमी अभिलाषा बिष्ट, पुलिस आयुक्त, साइबराबाद अविनाश मोहंती, डीआईजी, महिला सुरक्षा विंग, तेलंगाना रेमा राजेश्वरी, निदेशक एसईआरपी दिव्या देवराजन, पद्म श्री पुरस्कार विजेता और प्रज्वला की सह-संस्थापक सुनीता कृष्णन ने भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में, शिखा गोयल ने "अंधकार पर प्रकाश डालने" तथा तस्करी के विरूद्ध सामूहिक कार्रवाई को सशक्त बनाने वाली रणनीतियों की खोज करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने मजबूत कानून, प्रभावी कानून प्रवर्तन, जमीनी स्तर पर पहल तथा पीड़ितों के समर्थन के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री डी. अनसूया सीताक्का ने इस बात पर जोर दिया कि तस्करी के मूल कारणों जैसे गरीबी, पलायन तथा नशीली दवाओं की लत को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्कूलों में "महिलाओं के प्रति सम्मान" की शिक्षा शुरू करने तथा कार्यस्थलों को संवेदनशील बनाने की वकालत की तथा तेलंगाना को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। डॉ. जितेन्द्र, डीजीपी, तेलंगाना ने अपराध के उभरते रूपों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए वैश्विक तस्करी पैटर्न को समझने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने तस्करी का जवाब देने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# पावरग्रिड में हिन्दी प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड, दक्षिण क्षेत्र पारेषण प्रणाली-I, सिकंदराबाद द्वारा अंतर उपक्रम प्रश्न मंच का आयोजन हैदराबाद-सिकंदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस.एम.वी. नानाजी, मुख्य महाप्रबंधक (संपत्ति प्रबंधन) पावरग्रिड द्वारा डॉ. राजनारायण अवस्थी, सदस्य सचिव, नराकास(उ) हैदराबाद-सिकंदराबाद सह प्रबन्धक (राजभाषा)-ईसीआईएल एवं श्री देबाशीष घोष, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक सह व. प्रबन्धक (राजभाषा)-एनएमडीसी लिमिटेड की उपस्थिति में किया गया।

मुख्य अतिथि एस.एम.वी. नानाजी ने पावरग्रिड द्वारा देश में स्थापित किए जा रहे कीर्तिमानों के बारे में बताते हुए एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति, एक भाषा के संकल्प को सभी से सांझा किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन हेतु निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध भी किया।

डॉ. राजनारायण अवस्थी ने नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने उक्त प्रश्नमंच प्रतियोगिता के माध्यम से हैदराबाद के सभी उपक्रम कार्यालयों को हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु एक सूत्र में पिरोने की संकल्पना को समझाया।

प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती एन. ललिता(क्विज मास्टर), नाबार्ड बैंक एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 17 सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों की 3-सदस्यों की टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान कुल सात पीपीटी/चित्र/आडियो/विजुयल राउंड द्विभाषी रूप में संचालित किए गए, जिसके प्रश्न राजभाषा हिन्दी, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे आदि पर आधारित रहे। मिश्र धातु निगम लिमिटेड/मिधानी हैदराबाद को प्रथम स्थान मिला तो बीएचईएल(अनुसंधान एवं विकास)/भेल को दूसरा। तृतीय-हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड, हैदराबाद को मिला। कार्यक्रम के अंत में, रमेश प्रसाद मिश्र, राजभाषा अधिकारी (पावरग्रिड) ने आभार व्यक्त करते सभी को धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

# मोटर चालकों से लूटपाट करने वाले दो संदिग्ध गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर पुलिस ने इस महीने की शुरूआत में इलाके में वाहन चालकों को लूटने के आरोप में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर संदिग्धों ने पीड़ितों को धमकाया और नकदी चुराई। पुलिस ने उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक बाइक, एक मोबाइल फोन और 200 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में मो मुजाहिद (28) और मोहम्मद दिलबर (24) शामिल हैं, जबकि उनका साथी मोहम्मद शाहनवाज फरार है। तीनों लुटेरे बिहार के मूल निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को तीनों ने जनचैतन्य अपार्टमेंट के पास एक व्यक्ति को रोककर उससे 11,000 रुपये की नकदी लूट ली थी।

# ऋण धोखाधड़ी के आरोप में 8 गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने वानापर्थी पुलिस के साथ मिलकर 8 सदस्यीय एक गिरोह को पकड़ा, जो पीएम विश्वकर्मा सामुदायिक ऋण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराने के बहाने लोगों को ठग रहे थे। गिरफ्तार किए गए कथित धोखेबाजों में वाथियावथ नरसिंह, रथलावथ रमेश, पी कुरुमूर्ति, एस्लावाथ रामुलु, कोथापल्ली उमेश, बोया वीरेश, एस्लावाथ सूरज और वर्थियावथ प्रवीण शामिल हैं। टीजीसीएसबी की निदेशक शिखा गोयल ने बताया कि गिरोह ऋण के लिए आवेदन करने वाले लोगों से संपर्क करता था और ऋण वितरण के नाम पर उनसे प्रोसेसिंग फीस के रूप में पैसे वसूलता था। शिकायत पर टीजीसीएसबी और वानापर्थी पुलिस ने संयुक्त जांच शुरू की और कई छापे मारे। पुलिस ने उनके पास से 26 मोबाइल फोन, चार मोटरसाइकिलें जब्त कीं। संदिग्ध कथित तौर पर 55 मामलों में शामिल हैं और एनसीआरपी पोर्टल पर उनके खिलाफ 373 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। पुलिस ने आम जनता को सलाह दी है कि वे ऐसे गिरोहों के झांसे में न आएं जो ग्रामीणों को 'मुद्रा' या 'धनी' ऋण उपलब्ध कराने या मंजूर करने के बहाने ठग रहे हैं।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# पाकिस्तान ने जय शाह से लिया 'पंगा'

## आईसीसी चेयरमैन बनने से पहले किया ऐसा काम



मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का नया चेयरमैन चुन लिया गया. आईसीसी ने 27 अगस्त को नॉमिनेशन के आखिरी दिन इसका ऐलान भी कर दिया. इस पद के लिए जय शाह के अलावा कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं था, इसलिए भारतीय बोर्ड के बॉस को निर्विरोध चुन लिया गया. जहां इस मामले में जय शाह को आईसीसी बोर्ड के लगभग सभी सदस्यों का समर्थन मिला, वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पंगा लेते हुए उन्हें समर्थन नहीं दिया.

आईसीसी ने पिछले हफ्ते ही ऐलान कर दिया था कि मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने लगातार तीसरे कार्यकाल से इनकार कर दिया. इसके बाद ही आईसीसी ने नए चेयरमैन के लिए नामांकन मंगाए थे, जिसकी आखिरी तारीख 27 अगस्त थी. इसके बाद से ही ये अटकलें तेज हो गई थी कि शाह ही इस पद के लिए अपना दावा पेश करेंगे और उन्हें किसी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा. आखिरकार हुआ भी यही और वो चेयरमैन चुन लिए गए.

**पीसीब चुपचाप देखती रही**

क्रिकेटनेक्स्ट की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि आईसीसी बोर्ड के 16 में से 15 सदस्यों ने बीसीसीआई सचिव शाह के नामांकन का समर्थन किया. यहां तक कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने भी जय शाह के ही पक्ष में अपना मत रखा. जय शाह के चयन के लिए ये पहले ही काफी था क्योंकि उन्हें सिर्फ 9 सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी. इन सबके बीच सिर्फ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से ही शाह को समर्थन नहीं दिया गया, ये जानते हुए भी कि कोई दूसरा दावेदार नहीं है. रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने शाह के खिलाफ भी वोट नहीं दिया लेकिन उनके पक्ष में भी नहीं था और कोई प्रतिक्रिया अपनी ओर से नहीं दी.

**चैंपियंस ट्रॉफी पर पड़ेगा असर**

जय शाह 1 दिसंबर से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे. ऐसे में सवाल ये है कि क्या पाकिस्तान ने शाह को समर्थन न देकर कहीं पंगा तो नहीं ले लिया? ये सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि पाकिस्तान में ही अगले साल फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन होना है लेकिन इसमें टीम इंडिया के जाने की संभावना नहीं है. ऐसे में पाकिस्तान को इसके हाइब्रिड आयोजन के लिए मजबूर होना पड़ेगा और आईसीसी के शीर्ष पर जय शाह के होने से उनकी आखिरी उम्मीद भी टूट गई है.

# हॉकी इंडिया ने किया 18 सदस्यीय पुरुष टीम का एलान

## कृष्ण बहादुर पाठक को मिला गोलकीपिंग का जिम्मा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

**कृष्ण बहादुर पाठक बने मुख्य गोलकीपर**

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण बहादुर पाठक को भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे, जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।

अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय,



शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम के 10 सदस्य इस टीम में हैं। भारतीय टीम आठ सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (नौ सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम**

*गोलकीपरः* कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा *डिफेंडरः* जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित *मिडफील्डरः* राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील *फॉरवर्डः* अभिषेक, सुखजीत सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह

# विराट का एक और डीपफेक वीडियो वायरल

## इसमें कहा- गिल का नेक्स्ट कोहली बनना कठिन; खुद को और सचिन को लीजेंड बताया



मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक और डीपफेक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में कोहली के पुराने इंटरव्यू को एडिट किया गया है। 33 सेकेंड के इस वीडियो में कोहली इंडियन ओपनर शुभमन गिल की बुराई करते नजर आ रहे हैं। वे तेंदुलकर और खुद को लीजेंड बता रहे हैं।

इसी साल फरवरी में भी उनका डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो में कोहली एक सट्टेबाजी ऐप का ऐड करते दिखाई दिए थे। तब भारतीय क्रिकेटर ने सोशल पोस्ट के जरिए सफाई दी थी।

**इस वीडियो में कहा- एक ही विराट कोहली है**

इस वीडियो में कोहली कह रहे हैं, 'मैं गिल को करीब से देख रहा हूं। वे प्रतिभाशाली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन प्रतिभा दिखाने और स्टार बनने के बीच एक बड़ा अंतर है। गिल की टेक्नीक शानदार है, लेकिन हमें खुद से आगे नहीं बढ़ना चाहिए। लोग उसे अगले विराट कोहली के तौर पर देखते हैं, लेकिन मैं क्लियर कर दूं कि केवल एक ही विराट कोहली है। मैंने जितने खतरनाक गेंदबाजों का सामना किया है और जिन परिस्थितियों में रन बनाए हैं, उसे आप गिल की एक पारी से नहीं आंक सकते हैं। उसे ऐसा करने में टाइम लगेगा।'

**तेंदुलकर और उनकी बेटी सारा भी हुए शिकार**

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हो चुके हैं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे 'स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते नजर आए थे।

खुद सचिन ने इसे पोस्ट करके लिखा कि ये वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग पूरी तरह से गलत है। उन्होंने इस मैसेज के साथ भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और महाराष्ट्र साइबर पुलिस को टैग किया था।

इस फेक वीडियो में वे ये कहते दिखे थे कि उनकी बेटी सारा इस गेम से रोजाना बहुत पैसा निकालती हैं। वे लोगों को बताते हैं कि मुझे आश्चर्य होता है कि अब अच्छा पैसा कमाना कितना आसान हो गया है।

# टी20 लीग में दिखा हैरतअंगेज नजारा

## 4 बल्लेबाजों ने मारे 15 से ज्यादा छक्के

बेंगलुरु, 29 अगस्त (एजेंसियां)। 4 बल्लेबाजों ने मारे 15 से ज्यादा छक्के. ऐसा देखने को मिला है महाराजा T20 ट्रॉफी में. हालांकि, ये किसी एक मैच की बात नहीं है बल्कि एक लीग के मौजूदा सीजन में अब तक खेले मुकाबलों का रिपोर्ट कार्ड है. दरअसल, महाराजा T20 ट्रॉफी 2024, जो कि अब अपने अंतिम पड़ाव पर है, उसमें 28 मैचों के बाद कुल 436 छक्के लग चुके हैं. इस दौरान 4 बल्लेबाज ऐसे रहे हैं, जिन्होंने 15 से ज्यादा छक्के लगाए हैं. यानी, हमारा सीधा मतलब महाराजा T20 ट्रॉफी 2024 में खेल रहे उन 4 बल्लेबाजों से है, जिन्होंने अब तक सबसे ज्यादा छक्के जड़े और सबसे ज्यादा रन बनाए हैं.

**10 मैच, 52 छक्के, 507 रन**

महाराजा टी20 ट्रॉफी 2024 में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज अभिनव मनोहर हैं, जिन्होंने ग्रुप स्टेज पर खेले 10 मैचों में 52 छक्के लगाए. उन 52 छक्कों के साथ लीग की टीम शिवामोगा लायंस के लिए खेलते



हुए अभिनव मनोहर ने 507 रन बनाए. इस दौरान उनका औसत 84.50 का रहा. जबकि स्ट्राइक रेट 196.51 का.

10 मैच, 27 छक्के, 490 रन

हालांकि, अभिनव मनोहर ने जितने छक्के लगाए, उसके आसपास भी बाकी बल्लेबाजों की पहुंच इस मामले में नहीं दिखी. छक्के लगाने के मामले में मैसुरू वॉरियर्स के करुण नायर दूसरे नंबर पर रहे जरूर, लेकिन उन्होंने अभिनव मनोहर से 25 छक्के कम लगाए हैं. यानी, करुण नायर के बल्ले से 27 छक्के देखने को मिले हैं. इन छक्कों की स्क्रिप्ट उन्होंने ग्रुप स्टेज पर खेले 10 मैचों में लिखी है. इस दौरान उन्होंने 187.73 की स्ट्राइक रेट और 61.25 की औसत से 490 रन बनाए हैं.

10 मैच, 18 छक्के, 222 रन

करुण नायर से 9 छक्के कम लगाकर मैसुरू वॉरियर्स के ही मनोज भांदागे तीसरे नंबर पर है. मनोज ने ग्रुप स्टेज पर खेले 10 मैच में 18 छक्के लगाए हैं. इन 18 छक्कों के साथ उन्होंने 196.46 की स्ट्राइक रेट और पूरे 37 की औसत से 222 रन जड़े हैं. गुलबर्ग मिस्टिक्स टीम से महाराजा T20 ट्रॉफी 2024 में खेल रहे आर, समारन 15 से ज्यादा छक्के लगाने वाले आखिरी बैट्समैन हैं. उनके नाम ग्रुप स्टेज पर खेले 9 मैचों के बाद 16 छक्के हैं. इन 16 छक्कों के साथ उन्होंने 148.97 की स्ट्राइक रेट और 48.66 की औसत से 296 रन बनाए हैं.

10 मैच, 16 छक्के, 296 रन

गुलबर्ग मिस्टिक्स टीम से महाराजा T20 ट्रॉफी 2024 में खेल रहे आर, समारन 15 से ज्यादा छक्के लगाने वाले आखिरी बैट्समैन हैं. उनके नाम ग्रुप स्टेज पर खेले 9 मैचों के बाद 16 छक्के हैं. इन 16 छक्कों के साथ उन्होंने 148.97 की स्ट्राइक रेट और 48.66 की औसत से 296 रन बनाए हैं.

**अभिनव मनोहर का रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल**

महाराजा टी20 ट्रॉफी 2024 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाने अभी बाकी हैं. ऐसे में हो सकता है कुछ और बल्लेबाज 15 से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल होते दिखें. लेकिन, नंबर वन पर काबिज अभिनव मनोहर के 52 छक्कों से आगे निकल पाना शायद ही किसी के लिए मुमकिन हो.

# इंडिया टूर से पहले जैकब ओरम न्यूजीलैंड के बॉलिंग कोच

## शेन जुर्गेंसन की जगह लेंगे; 16 अक्टूबर से शुरू होगी 3 टेस्ट की सीरीज

खेल डेस्क, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इंडिया टूर से पहले पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम न्यूजीलैंड के बॉलिंग कोच बनाए गए हैं। वे नवंबर-2023 में हटे शेन जुर्गेंसन की जगह लेंगे। ओरम 7 अक्टूबर को अधिकृत तौर पर ज्वाइन करेंगे।

कीवी टीम को 16 अक्टूबर से भारत के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। सीरीज के दौरान ओरम को बेन सियर्स औ विल ओरुरके जैसे नए चेहरों के साथ काम करना होगा।

ओरम ने कहा- 'उम्मीद है कि



मैं नए गेंदबाजों को इंटरनेशनल लेवल के लिए तैयार कर सकूंगा।' इससे पहले भी वे कीवी टीम से जुड़े रहेंगे, क्योंकि उन्हें स्थायी तौर पर गेंदबाजी कोच बना दिया गया है।

**10 साल से ज्यादा कोचिंग एक्सपीरियंस**

ओरम के पास 10 साल का कोचिंग अनुभव है। उन्होंने 2014 में न्यूजीलैंड ए टीम के बॉलिंग कोच के तौर पर करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद से वे कोच की भूमिका में काम कर रहे हैं।

**महिला टीम के बॉलिंग कोच भी रहे**

ओरम न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम के भी बॉलिंग कोच रहे हैं। वे 2018 से 2022 तक इस टीम से जुड़े रहे। उन्होंने कई फ्रेंचाइजी टीमों को भी कोच किया है।

# मैच विनर हेनरिक क्लासेन ने छोड़ी सीपीएल टी20 लीग

मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। आईपीएल के नए सीजन से पहले इस मेगा ऑक्शन देखने को मिलने वाला है। वहीं मेगा ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के एक मैच विनर खिलाड़ी ने इस प्रमुख टी20 लीग को छोड़ने का फैसला किया है। जिसके बाद टीम को बड़ा झटका लगा है। जी हां हम बात कर रहे हैं हेनरिक क्लासेन की। जिन्होंने आगामी कैरिबियन प्रीमियर लीग 2024 में नहीं खेलने का फैसला किया है। जिसकी बड़ी वजह भी सामने आई है।

**सीपीएल 2024 नहीं खेलेंगे क्लासेन**



साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इस बार आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए काफी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी। जिसके बाद टी20 विश्व कप 2024 में भी क्लासेन ने कमाल का प्रदर्शन किया था। अब क्लासेन को कैरिबियन प्रीमियर लीग के नए सीजन में खेलना था लेकिन उन्होंने पारिवारिक कारणों के चलते इस लीग से अपना नाम वापस ले लिया है।

इस लीग में क्लासेन सेंट लूसिया किंग्स टीम का हिस्सा थे, क्लासेन के बाहर होने के बाद अब सेंट लूसिया को बड़ा झटका लगा है। नए सीजन के लिए सेंट लूसिया ने क्लासेन को अपनी टीम में शामिल किया था।

**सेंट लूसिया किंग्स में अब इस खिलाड़ी की हुई एंट्री**

हेनरिक क्लासेन के कैरिबियन प्रीमियर लीग 2024 से नाम वापस लेने के बाद अब सेंट लूसिया किंग्स टीम को नए सीजन के लिए क्लासेन का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है। क्लासेन की जगह अब सेंट लूसिया में न्यूजीलैंड के खिलाड़ी टिम साइफर्ट को शामिल किया गया है। कैरिबियन प्रीमियर लीग के इतिहास में सेंट लूसिया दो बार फाइनल तक पहुंची है लेकिन अभी तक खिताब को अपने नाम नहीं कर पाई है। ऐसे में अब ये टीम अपने पहले सीपीएल खिताब की तलाश में है।

# क्यों मनाया जाता है राष्ट्रीय खेल दिवस? किन्हें और क्यों दिए जाते हैं खेल पुरस्कार

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे पहली बार 2012 में उत्सव के दिनों की सूची में शामिल किया गया था। इस दिन कई राज्यों में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से कई खेल प्रतियोगिताएं और सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। इस दिन का उपयोग विभिन्न खेल योजनाओं को शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में भी उपयोग किया जाता है। 2018 में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। आज के दिन ही देश के प्रतिभाशाली एथलीट्स को कई तरह के खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इनमें राजीव गांधी खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार जैसे पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में इन एथलीट्स को सम्मानित किया जाता है।




गुरुवार (29 अगस्त 2024) को 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती है। 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद की जयंती पर हर साल देश में 29 अगस्त को खेल दिवस मनाया जाता है। इस देश ने सचिन तेंदुलकर, धनराज पिल्लै, बलबीर सिंह सीनियर जैसे खेल के कई सुपरस्टार देखे हैं, लेकिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का भारत में खेलों को शीर्ष पर पहुंचाने का विशेष योगदान है।

द्वितीय विश्व युद्ध से पहले तक भारतीय हॉकी टीम का दुनियाभर में दबदबा हुआ करता था। इसमें ध्यानचंद का खास योगदान था। उन्होंने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और ओलंपिक स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की थी। ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आठ स्वर्ण पदक समेत कुल 13 पदक जीते हैं, लेकिन 1936 के बर्लिन ओलंपिक का स्वर्ण कुछ ज्यादा ही खास है। 1936 में 15 अगस्त के ही दिन भारत ने तानाशाह हिटलर के सामने दद्दा ध्यानचंद की अगुआई में जर्मनी को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। ध्यानचंद के खेल से हिटलर इतना प्रभावित हुआ था कि उसने उन्हें नागरिकता देने तक का मन बना लिया था। लेकिन ध्यानचंद बिल्कुल डिगे तक नहीं। 1936 ओलंपिक उनका आखिरी ओलंपिक था। उन पर कई आरोप भी लगे, लेकिन ये आरोप कभी सिद्ध नहीं हो पाए।

**करियर में 400 से अधिक गोल**

29 अगस्त, 1905 को प्रयागराज ( तब के इलाहाबाद) में जन्में मेजर ध्यानचंद का हॉकी खेल में पूरी दुनिया में कोई सानी नहीं था। उन्होंने करीब 22 साल तक भारत के लिए हॉकी खेला और इस दौरान 400 से अधिक इंटरनेशनल गोल दागे। उन्होंने लगातार तीन ओलंपिक (1928 में एम्सटर्डम, 1932 में लॉस एंजेलिस और 1936 में बर्लिन) में भारत को हॉकी खेल में अपने दम पर स्वर्ण पदक दिलाया था। मेजर ध्यानचंद के पिता सेना में थे और उसके लिए हॉकी खेलते थे। महज 16 वर्ष की उम्र में ध्यानचंद ने भी आर्मी जॉइन कर ली थी। इसी दौरान उन्हें भी मानो जैसे हॉकी से प्रेम ही हो गया था। ध्यानचंद को दुनिया में लगभग 55 देशों के 400 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

**जब ठुकराया था हिटलर का प्रस्ताव**

कहानी साल 1936 में हुए बर्लिन ओलंपिक की है। जर्मनी के खिलाफ खेले गए हॉकी के मुकाबले में भारत ने उस पर 8-1 से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। मैच में मेजर ध्यानचंद के खेल से जर्मनी का तानाशाह एडोल्फ हिटलर भी मुरीद हो गया था। मैच के बाद हिटलर ने मेजर ध्यानचंद से मुलाकात की और उन्हें अपनी सेना में बड़े पद का प्रस्ताव दिया। हालांकि, उन्होंने बड़ी ही विनम्रता के साथ हिटलर के इस ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्होंने इस कदम से पूरी दुनिया में तारीफें बटोरी थी।

ध्यानचंद की न सुनते ही हिटलर चुपचाप वहां से चला गया। यह मुलाकात भले ही चंद मिनटों की थी लेकिन इस मुलाकात ने दिखा दिया की ध्यानचंद के लिए अपने देश से बड़ा कोई ओहदा नहीं था।



हॉकी के महान जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया फिटनेस शपथ लेते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हैदराबाद के शीर्ष अधिकारी व कर्मचारीगण।

# मुख्य सचिव ने उच्च न्यायालय के आदेशों पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने आज राज्य उच्च न्यायालय द्वारा पिछले कुछ दिनों में तालाबों पर अतिक्रमण हटाने और सरकारी संपत्ति के संरक्षण के संबंध में जारी आदेशों पर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि ओआरआर के तहत सभी झीलों, पार्कों, नहरों और सभी सरकारी स्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से हाइड्रा को सौंपने के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। बैठक में सरकारी स्थलों, झीलों और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के लिए हाइड्रा को अधिक शक्तियां और कार्मिक सौंपने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में डीजी इंटेलिजेंस शिवधर रेड्डी, अतिरिक्त डीजी कानून व्यवस्था महेश भागवत, नगर प्रशासन के प्रमुख सचिव दाना किशोर, सिंचाई विभाग के सचिव राहुल बोज्जा, एचएमडीए आयुक्त सरफराज अहमद, अतिरिक्त महाधिवक्ता रजनीकांत रेड्डी, एसीबी निदेशक तरुण जोशी, हैदराबाद कलेक्टर अनुदीप, रंगारेड्डी कलेक्टर शशांक, मेडचल मलकाजीगिरी कलेक्टर गौतम पोटरु और संगारेड्डी कलेक्टर वल्लुरु क्रांति ने भाग लिया। सीएस शांति कुमारी ने कहा कि वर्तमान में सिंचाई विभाग, जीएचएमसी, नगर प्रशासन विभाग, पंचायत राज और अन्य विभाग तालाबों, झीलों, पार्कों और सरकारी स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में नोटिस जारी कर रहे हैं और इससे कुछ भ्रम पैदा हो रहा है।

इसे टालने के लिए नगर विभाग के प्रमुख सचिव को ओआरआर सीमा के भीतर हाइड्रा द्वारा जारी किए जाने वाले सभी बेदखली नोटिसों की प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है। जीएचएमसी द्वारा जारी सभी नोटिस और बेदखली, भूमि अतिक्रमण अधिनियम, भूमि हड़पने अधिनियम, वाल्टा अधिनियम, सिंचाई विभाग अधिनियमों को पूरी तरह से हाइड्रा के अधिकार क्षेत्र में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रा को जिन अतिरिक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की आवश्यकता है, उन्हें जल्द ही आवंटित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एफटीएल, नाला अतिक्रमण, सरकारी खाली भूखंड और पार्कों के संरक्षण को भी हाइड्रा के अधिकार क्षेत्र में लाया जाएगा।

जल बोर्ड से गांधीपेट और हिमायत सागर झीलों के संरक्षण को भी हाइड्रा के अधिकार क्षेत्र में लाया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हाइड्रा के तहत 72 टीमें बनाई गई हैं और उन्हें मजबूत करने के लिए पुलिस, सर्वेक्षण और सिंचाई विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द ही नियुक्त किया जाएगा।

# सीएम रेवंत ने जबरन वसूली करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) के नाम पर जबरन वसूली करने वाले अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को यहां जारी एक बयान में, मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ शिकायतें उनके संज्ञान में आई हैं कि हैदराबाद में कुछ निचले स्तर के अधिकारी हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) के नाम का उपयोग करके लोगों को डरा-धमका कर और पैसे वसूल कर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राजस्व, नगर निगम और सिंचाई अधिकारी दो-तीन साल पहले के पुराने नोटिस और शिकायतों का हवाला देकर पैसे की मांग कर रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने चेतावनी दी कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एसीबी और विजिलेंस अधिकारियों को इस तरह की जबरन वसूली करने वालों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

# हम आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत करेंगे : पोंगुलेटी श्रीनिवास

## राजस्व मंत्री ने नौ विभागों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व, आवास और सूचना नागरिक संबंध मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने खुलासा किया है कि राज्य में अचानक होने वाली आपदाओं से निपटने और जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में बाढ़ कार्ययोजना की समीक्षा की। इस बैठक में सरकार के विशेष मुख्य सचिव अरविन्द कुमार, एस. हरीश, संयुक्त सचिव, राजस्व (आपदा प्रबंधन), हाइड्रा आयुक्त ए. वी रंगनाथ एवं अन्य ने भाग लिया। इस बैठक में राजस्व, सिंचाई, नगर निगम, पंचायत राज, योजना एवं मौसम विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि 10 साल बाद पहली बार बाढ़ पर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। बाढ़ से संबंधित हर विभाग को राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ पर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

गोदावरी और कृष्णा बेसिन में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए आवश्यक योजनाएँ बनाई जानी चाहिए। राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन की ओर से एक टोल फ्री नंबर स्थापित करने का सुझाव दिया गया है। बाढ़, नहरों, छोटे नालों से लेकर ऊंची इमारतों तक, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उन्नत उपकरण तैयार करने की सलाह दी जाती है। बैठक में यह बात सामने आयी कि बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए सभी विभाग आवश्यक योजना तैयार कर लें, इसके लिए जल्द ही बैठक की जायेगी। हाइड्रा आयुक्त रंगनाथ ने हाइड्रा के तहत आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। बताया गया कि जहां पहले 30 टीमें थीं, उसे बढ़ाकर 70 कर दिया गया है और कर्मियों की संख्या 1800 से बढ़ाकर 3500 कर दी गई है। इसका जवाब देते हुए, मंत्री ने कहा कि वह आपदा प्रबंधन के संबंध में हाइड्रा को पूर्ण समर्थन प्रदान करेंगे और वह हाइड्रा को आवश्यक उन्नत उपकरण प्रदान करेंगे और सुझाव दिया कि आवश्यक प्रस्ताव हाइड्रा आयुक्त को भेजे जाएं।

# मछलियों के लिए टीके तैयार करेगा आईआईएल



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित वैक्सीन निर्माता इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल) ने गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) की एक संस्था, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रैकिशवाटर एक्वाकल्चर (सीआईबीए), चेन्नई के साथ साझेदारी की घोषणा की, ताकि फिनफिश के लिए एक पुनः संयोजक मोनोवैलेंट वायरल नर्वस नेक्रोसिस वैक्सीन का व्यावसायिक विकास किया जा सके, जिसे मूल रूप से सीआईबीए द्वारा विकसित किया गया है।

वायरल नर्वस नेक्रोसिस (वीएनएन) या वायरल एन्सेफैलोपैथी और रेटिनोपैथी (वीईआर) एक तीव्र वायरल बीमारी है जो समुद्री, खारे पानी और मीठे पानी की मछलियों की कई प्रजातियों को प्रभावित करती है। यह बीमारी लार्वा और शुरुआती किशोर अवस्था में 100 प्रतिशत तक मृत्यु का कारण बनती है। संक्रमित होने पर वयस्क मछली बिना किसी लक्षण के होती है, लेकिन अंडे और गोनाडल द्रव के माध्यम से वायरस को संतानों तक पहुंचा सकती है।

आईआईएल के एमडी डॉ.के. आनंद कुमार ने कहा कि हम भारत में मछली के टीके लगाने वाले पहले व्यक्ति हैं और विभिन्न प्रकार की मछलियों और पालन स्थितियों को कवर कर रहे हैं।

वायरल नर्वस नेक्रोसिस खारे पानी की जलीय कृषि के लिए एक बड़ा खतरा है। आईसीएआर-सीआईबीए के निदेशक डॉ. कुलदीप के लाल ने कहा कि सीआईबीए द्वारा विकसित वीएनएन वैक्सीन संतानों में बीमारी के ऊर्ध्वाधर संचरण को रोक सकती है और फिंगरलिंग्स में मृत्यु दर को रोक सकती है। यह भारत और अन्य एशियाई देशों में वीएनएन के कारण होने वाले नुकसान को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# वाईएसआरसीपी के 2 राज्यसभा सांसदों का इस्तीफा



अमरावती, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआर जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के 2 राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार (29 अगस्त) को पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया। मोपीदेवी वेंकटरमण और बेदा मस्तान राव ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपना इस्तीफा सौंपा। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बाद वाईएसआरसीपी को यह बड़ा झटका है। दोनों नेताओं की चंद्रबाबू नायुडू की पार्टी टीडीपी में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

इन सांसदों के जाने के बाद, वाईएसआरसीपी के पास राज्य सभा में 9 और लोकसभा में 4 सांसद रह जाएंगे।

**दोनों नेताओं की टीडीपी में शामिल होने की संभावना :**

मोपीदेवी वेंकटरमण 2020 में राज्यसभा सांसद बने और जून 2026 तक कार्यकाल था। वेंकटरमण जगन मोहन रेड्डी के पिता, दिवंगत वाईएस राजशेखर रेड्डी की सरकार में राज्य मंत्री के रूप में काम किया था।

2019 में वेंकटरमण टीडीपी से वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए थे। वहीं बेदा मस्तान राव 2022 में राज्यसभा सांसद बने और जून 2028 में कार्यकाल समाप्त होना था। राव कांग्रेस पार्टी से वाईएसआरसीपी में शामिल हुए थे। अब दोनों नेताओं की टीडीपी में जाने की संभावना है।

# अधिकारियों से गणेश उत्सव की तैयारियों में तेजी लाने का निर्देश



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने आज संबंधित अधिकारियों को आगामी गणेश उत्सव के लिए आवश्यक तैयारियों को पूर्व योजना के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। गुरुवार को मेयर ने क्षेत्र की सीमा के भीतर सेरिलिंगमपल्ली क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा किया और सफाई की स्थिति, सड़कों और तालाबों की स्थिति का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 7 से 17 सितंबर तक गणेश उत्सव के मद्देनजर उत्सव को सुखद माहौल में आयोजित करने के लिए समन्वय में सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई सुचारू रूप से होनी चाहिए और कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सफाई अधिकारियों को क्षेत्र की सीमा के भीतर सफाई के रखरखाव की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर उन्होंने मलकम चेरुवु, गोपी चेरुवु, नल्लागंदला चेरुवु, राया समुद्रम, साकी चेरुवु, गंगाराम चेरुवु, गौतम बेबी तालाब, कडियम कुंटा, दुर्गम तालाब और सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बेबी तालाब और साकी तालाब को गणेश विसर्जन के लिए तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तालाबों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगाराम तालाब के आसपास के आवासीय क्षेत्रों में डेंगू के मामले पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कीट विज्ञान विभाग के अधिकारियों को इस पर नियंत्रण के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट समय-समय पर महापौर कार्यालय को भेजी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गंगाराम तालाब में पानी की अत्यधिक जमा हुई गाद को युद्ध स्तर पर हटाने, समय-समय पर तालाब से निकाले गए घोड़े के डेक और अन्य कचरे को हटाने और एक सप्ताह के भीतर काम पूरा करने का निर्देश दिया। पुलिस विभाग के अधिकारियों को किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अंधेरे स्थानों पर बंदोबस्त की व्यवस्था करने और रात में सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं कि विनायक विसर्जन के दौरान मूर्तियों की शोभायात्रा जिन सड़कों पर चलती है, वे अच्छी हों। उन्होंने अधिकारियों को गणेश विसर्जन प्रक्रिया मार्गों पर बीटी सड़कों पर डीडीएम लेयर का काम शुरू करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को विसर्जन स्थलों और क्षेत्रों में भक्तों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को खाजागुड़ा रोड के चौड़ीकरण में अपनी संपत्ति खोने वालों के लिए सुधारात्मक उपाय करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेरुवु में कॉलोनी में पार्क की सफाई करने और सीएसआर पद्धति के माध्यम से अरबिंदो टैंक के विकास के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। जोनल कमिश्नर उपेंद्र रेड्डी को संबंधित क्षेत्र के नगरसेवकों द्वारा सुझाए गए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया गया है।

# देश को मिली दूसरी न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन आईएनएस अरिघात

विशाखापट्टनम/नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन आईएनएस अरिघात गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड में शामिल हो गई है। जितने भी न्यूक्लियर वेपन हैं वे सब स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड के तहत आते हैं, जो सीधे पीएमओ को रिपोर्ट करती है। आईएनएस अरिघात भारत की दूसरी न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन (एसएसबीएन) है। भारत के पास पहले से आईएनएस अरिहंत है। आईएनएस मतलब इंडियन नेवल शिप, इसलिए न्यूक्लिर मिसाइल सबमरीन को कमिशन तो नेवी में किया गया है लेकिन यह स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड के अंडर ही ऑपरेट होगी।

**अरिहंत से ज्यादा घातक :**

भारत ने अडवांस्ड टेक्नॉलजी प्रोजेक्ट (एटीवी) 1980 में शुरू किया था और इसका पहला प्रोजेक्ट था अरिहंत। अरिहंत को 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पानी में लॉन्च किया था। जिसके बाद सी ट्रायल के बाद अरिहंत को बिना शोरगुल के अगस्त 2016 में कमिशन कर दिया था। यह 6000 टन की है। आईएनएस अरिघात भी 6000 टन की है। ये 50 दिन से भी ज्यादा वक्त तक पानी के अंदर रह सकती है। इसकी स्पीड पानी के अंदर 24 नॉटिकल मील प्रतिघंटा है। अरिघात न्यूक्लियर मिसाइल



सबमरीन अरिहंत से ज्यादा घातक है। इसकी बेलेस्टिक मिसाइल की रेंज 3500 किलोमीटर तक है।

न्यूक्लियर सबरमीन दो तरह की होती है। न्यूक्लियर अटैक सबमरीन (एसएसएन) और न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन (एसएसबीएन)। न्यूक्लियर मिसाइल सबमरीन न्यूक्लियर वेपन कैरी करती हैं। यह न्यूक्लियर डिटरेंस के लिए होती है और इनका रोजमर्रा का ऑपरेशनल रोल नहीं है। न्यूक्लियर अटैक सबमरीन में न्यूक्लियर वेपन नहीं होता है। यह किसी भी कंवेंशनल सबमरीन की तरह होती है लेकिन इस ऊर्जा न्यूक्लियर ईंधन से मिलती है। न्यूक्लियर सबमरीन में एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर होता है। जिसमें ईंधन के रूप में यूरेनियम का इस्तेमाल करते हुए बिजली पैदा की जाती है। इससे पूरी सबमरीन को पावर की सप्लाई की जाती है। न्यूक्लियर सबमरीन कंवेंशनल (परंपरागत) सबमरीन की तुलना में कहीं अधिक ताकतवर होती हैं। ये लंबे समय तक गहरे पानी के नीचे छिपी रह सकती हैं। इनमें इतनी ताकत होती है कि पानी की प्रेशर के बावजूद ये अंदर ही अंदर 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड को पकड़ सकती हैं। अभी इंडियन नेवी के पास एक भी न्यूक्लियर अटैक सबमरीन (एसएसएन) नहीं है।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.